CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 31 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 122 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार — पृष्ठ 3
- इंसानियत की कीमत
- बदलती 'दंड संहिता' के निहितार्थ

पृष्ठ 4
- इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी
- चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान

पृष्ठ 9

ज्यूरिख में डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा — पृष्ठ 10

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज से

# मुंबई बैठक में 28 राजनीतिक दल होंगे शामिल

**नई दिल्ली**, 30 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक आज से मुंबई में शुरू हो रही है। बैठक से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस अवसर पर शरद पवार ने कहा कि मुंबई में विपक्षी गठबंधन की बैठक में 28 राजनीतिक दलों के 63 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बहुजन समाज पार्टी से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि बीएसपी नेता मायावती भाजपा के साथ संपर्क में हैं।

इस दौरान उद्धव ने कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए साथ आए हैं। सभी मिलकर भाजपा से लड़ेंगे। एलपीजी की कीमत में कटौती पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि जैसे-जैसे इंडिया प्रगति कर रहा है, भाजपा सरकार गैस सिलेंडर मुफ्त तक दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना है।



हमारा गठबंधन बनते ही सरकार ने गैस के दाम कम कर दिए हैं। देखते जाइए, आगे से फ्री सिलेंडर भी देंगे: उद्धव ठाकरे



हम परिवर्तन के लिए एक साथ आए हैं। इसके विकल्प जरूरी है। हमें भरोसा है देश को एक बढ़िया विकल्प मिलेगा : शरद पवार

### कल हो सकती है संयोजक की घोषणा

बेंगलुरु की बैठक में विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया था। 1 सितंबर को होने वाली मीटिंग में विपक्षी गठबंधन के संयोजनक के नाम की घोषणा हो सकती है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस रेस में आगे चल रहे हैं। इसके अलावा बैठक में सीटों के बंटवारे, 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी को लेकर भी फैसला हो सकता है। मुंबई की बैठक में नए गठबंधन का झंडा और लोगो भी लॉन्च किया जा सकता है।

**जैसे-जैसे इंडिया बढ़ेगा, वैसा ही चीन पीछे हटेगा: पटोले**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि इंडिया गठबंधन की बैठक महाराष्ट्र में होने जा रही है। बेंगलुरु में हम 26 पार्टियां थे, यहां यह 28 पार्टियां हो गई हैं। जैसे-जैसे इंडिया बढ़ेगा, वैसा ही चीन पीछे हटेगा। पटोले ने कहा कि हमारे गठबंधन में 11 मुख्यमंत्री हैं। गठबंधन में शामिल पार्टियों को पिछले चुनाव में 23 करोड़ वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले थे। तब हम अलग-अलग थे, इसलिए भाजपा जीत गई थी।

### प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा: ममता



विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने के लिए विपक्ष के नेताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी भी बुधवार को मुंबई पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के प्रधानमंत्रीउम्मीदवार को लेकर बड़ा बयान दिया। ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का चेहरा इंडिया होगा।

**आज डिनर देंगे उद्धव ठाकरे**

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर देंगे। इसके अगले दिन सुबह करीब 10 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों के नेता शामिल होंगे।

# आर्थिक संबल के साथ युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के लिए बेरोजगारी भत्ता : बघेल



मुख्यमंत्री द्वारा 1.29 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की 34.56 करोड़ की राशि का अंतरण

**रायपुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को अगस्त 2023 की राशि का अंतरण किया। साथ ही उन्होंने आई.टी.आई. के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने इस अवसर पर 1 लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राशि का वर्चुवल रूप से अंतरण किए। इसके साथ ही वे आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारी पद के लिए चयनित 82 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अब तक 146 करोड़ 98 लाख रूपये की राशि बेरोजगारों को अंतरित कर चुके है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना का उद्देश्य शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। सही मायनों में मुझे तब खुशी होती है जब किसी बेरोजगार को रोजगार मिलता है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में जहां भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होते हैं, उनका लाभ शिक्षित-बेरोजगारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी योजना में अभी तक हम 6 हजार 692 लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ चुके हैं। इनमें से 4 हजार 718 युवा बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे थे। हाल में ही हमने 42 हजार सरकारी पदों के लिए भर्तियां निकालीं है। भर्ती की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे, जो आवेदन पात्र पाए गए हैं उनमें से पहले चरण में 82 लोगों को सत्यापन के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में इन अधिकारियों को नियुक्ति-पत्रों का वितरण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि के माध्यम से हम युवाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### मणिपुर: गोलीबारी में 2 स्वयंसेवकों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर मंगलवार को दो गुटों में गोलीबारी हुई। इसमें ग्राम रक्षा दल के दो स्वयंसेवकों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हैं। नारानसीना में हमलावरों ने खेतों में काम कर रहे किसानों पर गोलाबारी की। इसके जवाब में स्वयंसेवकों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान लाइबुजम इनाओ और जांगमिनलेन गंगेट के रूप में हुई है। लाइबुजम को बिष्णुपुर के नारानसीना में गोली लग गई थी। उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, जांगमिनलेन को चुराचांदपुर के सोंगदो गांव में झड़प के दौरान घायल हो गया था।

### मुरैना में टैंक की सफाई के लिए उतरे 5 मजदूरों की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में एक फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में आज सुबह टैंक की सफाई की लिए उतरे पांच मजदूरों की मृत्यु हो गयी। मृतकों में तीन सगे भाई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र में स्थित फूड प्रोडक्ट बनाने वाली फैक्ट्री में पानी से भरे एक टैंक की सफाई के लिए पहले एक मजदूर उतरा। उसकी हलचल नहीं मिलने के बाद एक-एक कर चार मजदूर और टैंक में उतर गए, जहां दमघुटने से सभी पांचों मजदूरों की मौत हो गई।

### मिजोरम, त्रिपुरा में 15.59 करोड़ की हेरोइन जब्त, 7 गिरफ्तार

**आइजोल/अगरतला।** अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षाबलों ने मिजोरम और त्रिपुरा में पिछले 24 घंटों के दौरान 15.59 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की है। साथ ही 7 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को आइजोल के पास दो स्थानों से 13.34 करोड़ रुपये मूल्य की 3,31 ग्राम हेरोइन जब्त की और चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### नूंह हिंसा में गिरफ्तार बिट्टू बजरंगी को जमानत

**गुरुग्राम।** नूंह हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए गोरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक स्थानीय अदालत ने जमानत दे दी है। 17 अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए बजरंगी को फरीदाबाद की नीमका जेल में रखा गया था।

# दो दिनी प्रवास पर आज आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

## रायपुर और बिलासपुर के कार्यकमों में होंगी शामिल



**रायपुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 31 अगस्त को दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंच रही है। इस दौरान राष्टपति राजधानी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। एक सितंबर को वह बिलासपुर दौरे पर रहेंगी जहां गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वह रायपुर आने के बाद दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का राष्टपति राष्टपति द्रौपदी मुर्मु सुबह 11.50 बजे शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में उद्घाटन करेंगी। इस अवसर पर राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे। समारोह में भाग लेने के लिए माउंट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई रायपुर आएंगे।


समारोह में इंदौरा जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रहमाकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडिशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्टीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे। समारोह में भाग लेने के लिए माननीय राष्टपति के प्रोटोकाल के अनुसार प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके बाद उन्हें फोटो लगा हुआ प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उस फोटोयुक्त प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड लाने पर ही उन्हें समारोह में प्रवेश की अनुमति होगी। यह प्रवेश पत्र केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा।

# लोकसभा में नेता कांग्रेस अधीर रंजन का निलंबन खत्म होगा

## विशेषाधिकार समिति ने दी मंजूरी, अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया था

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी


**नई दिल्ली**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। आखिरकार कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का लोकसभा से निलंबन रद्द होने का रास्ता साफ हो गया है। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने बुधवार को इसकी मंजूरी दे दी। उन्हें संसद के मानसून सत्र में अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में कुछ अभद्र टिप्पणियों के चलते निलंबित कर दिया गया था। अधीर रंजन चौधरी ने भाजपा सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहाकि सदन में बोलते हुए उनका किसी की भावना को आहत करने का मकसद नहीं था। इससे सहमत होते हुए समिति ने अधीर रंजन का निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव पारित किया। अब इस प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पास भेजा जाएगा।



मानसून सत्र में मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलते हुए अधीर रंजन ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कुछ अभद्र टिप्पणियां की थी। उनके इस आचरण के चलते उन्हें 10 अगस्त का लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। हालांकि 11 अगस्त का सदन अनिश्वित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इस मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया था। समिति ने 18 अगस्त को चर्चा की और 30 अगस्त को चौधरी को मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया।

**ध्वनिमत से निलंबन को मिली थी मंजूरी**-अधीर रंजन चौधरी के विवादास्पद बयान के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने उनके निलंबन को लेकर एक प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया था।

# अमित शाह का रायपुर दौरा कल से



**रायपुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 1 सितंबर को 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश में बस कुछ ही महीनों में चुनाव होने हैं। अब प्रदेश में बड़े-बड़े नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा। दोनों दलों के नेता लगातार छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। गृहमंत्री शाह का दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरे के बाद भाजपा अपने कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी कर सकती है, ऐसी चर्चा राजनीतिक गलियारे में हो रही है। बता दें कि, अमित शाह के दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी हो गया है। शेड्यूल के अनुसार, अमित शाह 1 सितंबर की शाम 6-40 को रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि 8 बजे प्रदेश मुख्यालय एकात्म परिसर में बीजेपी के आला नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

वहीं 2 सितंबर को दीनदयाल ऑडिटोरियम में सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। वहीं 2 सितंबर को दोपहर 3 बजे अमित शाह सराईपाली पहुंचेंगे। जनजातीय सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## कांग्रेस का सरकार पर बड़ा आरोप

# धारावी योजना अडानी को देने के लिए बदले नियम

**नई दिल्ली**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने करीबी उद्योगपति अडानी समूह को देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई के केंद्र में स्थित अत्यंत मूल्यवान धारावी स्लम विकास परियोजना का काम भी सौंपा है और इसकी निविदा हासिल करने में नियम बदलकर उसकी मदद की गई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा प्रधानमंत्री के आदेश के पालन की प्रक्रिया के तहत मुंबई में धारावी स्लम विकास परियोजना को अपने सबसे पसंदीदा व्यवसायी को सौंपने के बाद महाराष्ट्र सरकार के पास देश की वाणिज्यिक राजधानी के केंद्र में स्थित एक मूल्यवान अचल संपत्ति अडानी समूह के कब्जे में देने में मदद करने के अपने बेतुके निर्णय का बचाव करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

उन्होंने कहा धारावी स्लम विकास परियोजना की मूल निविदा दुबई की एम फर्म ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर हासिल की थी लेकिन रेलवे भूमि के हस्तांतरण से संबंधित मुद्दों के कारण 2020 में इसे रद्द कर दिया गया लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने 2022 में नए टेंडर निकाले जिसमें ऐसी शर्तें शामिल की गई कि इस निविदा को लेने में अडानी की मदद की जा सके और मूल निवदा के खुलासे में दूसरे स्थान पर आने वाले अडानी समूह को बाहर का रासता दिखाया जा सके। इसमें शर्त जोड़ी गई जिसके तहत बोलीदाताओं की कुल संपत्ति को दोगुना कर 20,000 करोड़ रुपए किया गया और विजेता को एकमुश्त भुगतान के बजाय किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी गई, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे अडानी समूह को 5,069 करोड़ रुपए की बोली जीतने में मदद मिली। यह बोली समूह ने मूल विजेता की जीती बोली की तुलना में 2,131 करोड़ रुपये कम में लगाई गई।

# कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना शुरू

- **महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2000**
- **राहुल बोले, 100 दिन में हमने पूरे किए पांचों वादे**



**मैसूरु**, 30 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने बुधवार को मैसूरु में कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे। राहुल गांधी के योजना का उद्घाटन करते ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाली 1 करोड़ 09 लाख 54 हजार महिलाओं के खाते में 2000 रुपए पहुंच गए। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा, जिनके नाम राशन कार्ड है। जो महिलाएं या उसका पति इनकम टैक्स देता है, वह योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। इस मौके पर राहुल ने कहा कि हमने चुनाव में जो पांच वादे किए थे, उन्हें सरकार बनाने के 100 दिन के अंदर पूरा कर दिया है। इन पांच वादों में से चार महिलाओं के लिए हैं। इसके पीछे हमारी सोच है कि जैसे बड़े से बड़ा पेड़ मजबूत जड़ के बिना खड़ा नहीं रह सकता है, वैसे ही कर्नाटक की मजबूती का आधार यहां की मांएं-बहनें हैं।

**महिलाएं ही कर्नाटक की नींव हैं : राहुल**

बड़े से बड़े पेड़ जड़ के बिना खड़ा नहीं हो सकता। अगर जड़ मजबूत है तो कितनी भी बड़ी आंधी आए, कितना भी तूफान आए, पेड़ गिरता नहीं है, झुकता नहीं है। कोई इमारत फाउंडेशन के बिना खड़ी नहीं हो सकती। जितना मजबूत फाउंडेशन बनत है, उतनी ही मजबूत इमारत बनती है। भारत जोड़ो यात्रा में हजारों महिलाओं से मैं मिला। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# अब 'वुजुखाना' के सर्वे की मांग

**वाराणसी**, 30 अगस्त (एजेंसियां)। श्रृंगार गौरी मामले की मुख्य वादी राखी सिंह ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के समक्ष एक नया आवेदन दायर किया है, जिसमें कथित 'शिवलिंग' को छोड़कर 'वुजुखाना' (प्रक्षालन तालाब) के सर्वेक्षण की मांग की गई है। यह पिछले साल ज्ञानवापी मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया गया था। अदालत ने आवेदन पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की है। एएसआई इस समय 'वुजुखाना' को छोड़कर मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कर रहा है, जिसमें कथित 'शिवलिंग' 16 मई, 2022 को अदालत द्वारा निर्देशित सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था। वाराणसी जिला न्यायाधीश ने श्रृंगार गौरी मामले में अन्य चार वादी द्वारा दायर एक आवेदन पर 21 जुलाई को इस सर्वेक्षण का आदेश दिया। विश्व वैदिक सनातन संघ (वीवीएसएस) की संस्थापक सदस्य राखी सिंह के वकील अनुपम द्विवेदी ने कहा कि मंगलवार को अदालत के समक्ष 62 पन्नों का एक आवेदन दायर किया गया था।

# अगस्त में सामान्य से 33 फीसदी कम बारिश

**नई दिल्ली**, 30 अगस्त (एजेंसियां)। अगस्त खत्म होने को आया है और देश अब भी तर कर देने वाली बारिश को तरस रहा है। अगस्त के दो और दिन बाकी हैं और मौसम विभाग के मुताबिक, इन दो दिनों में भी नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों और दक्षिण के कुछ इलाकों को छोड़कर अच्छी-जोरदार बारिश होने की संभावना नहीं है।

इस साल का अगस्त 1901 से अब तक का सबसे सूखा अगस्त बन गया है। मानसून ब्रेक के चलते पूर्वोत्तर और

**120 साल में सबसे सूखा रहा अगस्त**

हिमाचल-उत्तराखंड को छोड़कर अगस्त में बारिश की भारी कमी रही। इसकी वजह से अगस्त का औसत तापमान 27.55 डिग्री है, जबकि 29 दिनों का औसत इससे ज्यादा रहा। इस ट्रेंड के मुताबिक, दो दिन बाद जब अगस्त खत्म होगा तो यह इतिहास का सबसे गर्म अगस्त हो सकता है। अब तक अगस्त के 29 दिनों में 25 दिन सामान्य से कम बारिश हुई है। दरअसल, अगस्त में मानसून का तीसरा ब्रेक चल रहा है जो इस हफ्ते के आखिरी तक जारी रह सकता है। अगस्त खत्म होने पर ये मानसून ब्रेक इतिहास का चौथा सबसे बड़ा मानसून ब्रेक होगा। इस अगस्त में 33 फीसदी कम बारिश हुई है।

## मिशन चंद्रयान-3 — इसरो ने बुधवार को जारी की तस्वीरें

# प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की तस्वीर खींची

**चेन्नई, 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव में उतरने के बाद प्रज्ञान रोवर द्वारा खींची गई विक्रम लैंडर की बुधवार को तस्वीर जारी की। यह तस्वीर रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) द्वारा ली गई है।**

*इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के आधिकारिक हैंडल पर कहा, चंद्रयान-3 मिशन-कृपया मुस्कुराएं! प्रज्ञान रोवर ने आज सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। 'मिशन की तस्वीर' रोवर पर लगे नेविगेशन कैमरे (नवकैम) ने ली है। चंद्रयान-3 मिशन के लिए नवकैम को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला (एलईओएस) द्वारा विकसित किया गया है। प्रणोदन मॉड्यूल से अलग होने के बाद 23 अगस्त को शाम छह बजकर चार मिनट पर विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक चांद की सतह पर उतरा। कुछ घंटों के बाद विक्रम के अंदर से रोवर प्रज्ञान बाहर निकला और चहलकदमी शुरू कर दी।*

***चंद्रयान-3 से मिलने वाले डाटा पर विश्व की निगाहें***-*एलईओएस ने चंद्रयान-3 रोवर पर लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण भी विकसित किया है, जिसने दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह की मौलिक संरचना पर पहली बार इन-सीटू माप किया है। आज यानी 30 अगस्त को प्रज्ञान का चांद पर 8वां दिन है। इसरो ने चंद्रयान-3 के जरिए बड़ी खोज की है। रोवर प्रज्ञान के पेलोड ने चांद पर ऑक्सीजन और सल्फर समेत अन्य पदार्थों की मौजूदगी का पता लगाया है। प्रज्ञान ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुववीय क्षेत्र में एल्यूमीनियम,* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



# गौरेला पेंड्रा मरवाही ब्लॉक में शिक्षकों नहीं मिला वेतन, रक्षा बंधन का त्यौहार फीका रहा

## डीपीआई का निर्देश नहीं माना विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने

### हड़ताल अवधि का वेतन काटकर ट्रेजरी में बिल जमा किए जाने से शिक्षक नाराज

**गौरेला पेंड्रा** मरवाही ( देशबंधु) जिले में शिक्षकों के लिए रक्षा बंधन का त्यौहार फीका रहा, क्योंकि ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों का वेतन जमा ही नहीं किया। शिक्षकों में इस बात की भी नाराजगी है कि संचालक लोक शिक्षण का आदेश है कि हड़ताल अवधि का वेतन नहीं काटा जाए उसके बावजूद शिक्षा अधिकारियों ने शिक्षकों का हड़ताल अवधि का वेतन काटकर ट्रेजरी में बिल जमा किया है। इन परिस्थितियों में शिक्षक संगठनों एवं गौरेला पेंड्रा मरवाही ब्लॉक के शिक्षा अधिकारियों में तनातनी की नौबत उत्पन्न हो गई है।

30 अगस्त को राखी का त्यौहार होने के कारण गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के शिक्षकों में उम्मीद थी कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षकों का वेतन समय से जमा कर दिया जाएगा परंतु ऐसा हो नहीं सका। इसी के साथ शिक्षा संचालक रायपुर के द्वारा शासन के आगामी निर्णय तक हड़ताल अवधि का वेतन नहीं काटने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उनके निर्देश को ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों ने नहीं माना और जो ट्रेजरी में बिल जमा किया है वह काटकर जमा किया गया है जिससे शिक्षक संगठनों में जमकर आक्रोश है।




इस प्रकरण से शिक्षक संगठनों के बीच तनातनी बढ़ने के आसार दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक सुनील कुमार जैन के द्वारा के व्हाट्स ऐप ग्रुप में मैसेज भेजा गया था कि सहायक शिक्षकों का हड़ताल अवधि का वेतन अभी नहीं काटें, इस संबंध में शासन से निर्णय होगा तो कार्यवाही की जाएगी। डीपीआई का मैसेज मिलने के बाद भी तीनों ब्लाक में हड़ताली शिक्षकों का वेतन काटकर ट्रेजरी में जमा किए जाने से शिक्षक नाराज हैं।

### मुख्यमंत्री की मंशा पर पानी फेर रहे हैं शिक्षा अधिकारी

ज्ञात होगी 3 महीने बाद छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होना है तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनावी साल को देखते हुए बैलेंस बनाने में लगे हुए हैं तथा वह किसी भी तरह से नहीं चाहते कि कोई संगठन नाराज हो।

किसी तरह सहायक शिक्षक फेडरेशन द्वारा किया गया हड़ताल स्थगित कराया गया तथा उन्हें नाराज नहीं करने की गरज से उनका वेतन नहीं काटने का निर्देश शिक्षण संचालक छत्तीसगढ़ में दिया था लेकिन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुख्यमंत्री की मंशा पर पानी फेरने में लगे हैं और जानबूझकर शिक्षकों के एक बड़े वर्ग को नाराज कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि पूरे प्रदेश में सिर्फ गौरेला पेंड्रा मरवाही ब्लॉक ऐसा है जहां सहायक शिक्षकों का वेतन काट कर बिल बनाया गया है तथा त्यौहार पूर्व वेतन भी जमा नहीं किया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की तिथि 11 सितम्बर तक बढ़ी

## कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने ली राजनैतिक दलों की बैठक



### 2 एवं 3 सितम्बर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर

**रायगढ़, 30** अगस्त 2023/ कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार तथा सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव भी बैठक में उपस्थित रहे। जिसमें आगामी निर्वाचन के संबंध में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन, अब तक की स्थिति में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्राप्त फार्म की जानकारी, बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति तथा मानक दर निर्धारण के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए मतदान केन्द्रों में दावा/आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि बढ़ायी गयी है। पूर्व में 31 अगस्त 2023 की तिथि निर्धारित थी, उसे बढ़ाकर अब 11 सितम्बर 2023 तक मतदान केन्द्रों में दावा/आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। इन दावा/आपत्तियों का निराकरण 28 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा तथा 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अब तक प्राप्त फार्म की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान दलों को आवश्यक जानकारी व फार्म उपलब्ध करवाने की बात रखी। साथ ही आगामी विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत निर्वाचन व्यय निगरानी के तहत मानक दर निर्धारण हेतु जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा प्राप्त मानक दरों की जानकारी दलों को उपलब्ध करवायी गयी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक में आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने पर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने इस दौरान कानून व्यवस्था को लेकर दलों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने पर इसके प्रावधान प्रभावी हो जाते है। उन्होंने सभी दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि इससे संबंधित सभी अधिनियमों व धाराओं के बारे में विस्तृत जानकारी रखें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋतु हेमनानी, श्री पवन शर्मा, श्री विलीस गुप्ता, श्री ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, श्री आशीष शर्मा, श्री नित्यांनद देवांगन, श्री प्रिंकल दास, श्री रवि चौधरी, श्री पिन्टू सिंह, श्री चंद्रेश साहू, श्री इन्नोसेन्ट कुजूर, चन्द्रप्रभा पटेल उपस्थित रहे।

### 2 व 3 सितम्बर को मतदान केन्द्रों में लगेंगे विशेष शिविर

कलेक्टर श्री सिन्हा ने बताया कि जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है तथा अब 11 सितम्बर तक मतदान केन्द्रों में दावा/आपत्तियां ली जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी 2 व 3 सितम्बर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, संशोधन व विलोपन संबंधी आवेदन लिए जायेंगे।

### जिले में चलाया जा रहा है स्वीप कार्यक्रम

कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसके माध्यम से ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीन के उपयोग के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में मतदाता जागरूकता रैली, व्याख्यान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# जिले के स्कूली बालिकाओं को मिलेगा कराटे प्रशिक्षण



### पंजीकृत प्रशिक्षण संस्थाओं से 5 सितम्बर तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 30** अगस्त 2023/ छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूली छात्राओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें मजबूत बनाने के लिए रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत रायगढ़ जिले के 07 विकासखंडों के सभी शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक की बालिकाओं को कराटे प्रशिक्षण दिया जाना है। जिले के उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट, कराटे, किक बॉक्सिंग व ताइक्वांडो आदि विधाओं का प्रशिक्षण देने हेतु योग्य प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। जिस हेतु मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक प्रशिक्षक अपना आवेदन जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, रायगढ़ में 05 सितंबर 2023 तक जमा कर सकते हैं।

प्रशिक्षकों के चयन हेतु जिला स्तर पर चयन समिति का गठन कलेक्टर के अनुमोदन से किया जाकर गठित चयन समिति के द्वारा प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा एवं उन्हें शाला आवंटित की जाएगी। जिले में स्वीकृत सभी शालाओं में प्रशिक्षण शत-प्रतिशत अनिवार्यतः कराया जाएगा। विदित हो कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत स्कूली बालिकाओं को सितंबर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक दिया जाना है। शालाओं में उक्त प्रशिक्षण 90 दिवस दिया जाना है इसमें चयनित प्रशिक्षकों द्वारा जुडो कराटे ताइक्वांडो किक बॉक्सिंग मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण संपादित किया जाना निर्देशित है। शालाओं में उक्त प्रशिक्षण प्रति दिवस कम से कम 30 मिनट की अवधि की होगी।

# रायगढ़ जिले के 2691 बेरोजगारों के खातों में अंतरित हुए 67 लाख

## अब तक 2 करोड़ 47 लाख 34 हजार 500 रूपए की राशि की गई अंतरित

### युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण

### आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी पद के लिए नियुक्त 2 अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**रायगढ़, 30** अगस्त 2023/ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत आज जिले के 2691 हितग्राहियों को 2500 रुपए प्रतिमाह के मान से 67 लाख 27 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की गई। जिले में अब तक कुल 2 करोड़ 47 लाख 34 हजार 500 रूपए बेरोजगार युवाओं के खाते में अंतरित की जा चुकी है। जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, जिला रोजगार अधिकारी श्री रामजीत राम, प्राचार्य आईटीआई श्री खुंटे सहित अन्य अधिकारी एवं बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवा जुड़े रहे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी श्री दयासागर साहू एवं श्री मनोज कुमार गुप्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अब तक 146 करोड़ 98 लाख रूपये की राशि बेरोजगारों को अंतरित कर चुके है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। सही मायनों में मुझे तब खुशी होती है जब किसी बेरोजगार को रोजगार मिलता है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में जहां भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होते हैं, उनका लाभ शिक्षित-बेरोजगारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी योजना में अभी तक हम 6 हजार 692 लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ चुके हैं।



# आबकारी विभाग ने 412 प्रकरणों में 2092.39 लीटर मदिरा जब्त की

## 48490 किलोग्राम महुआ लाहन के साथ 6 वाहन भी किए जप्त

**रायगढ़, 30** अगस्त 2023/ आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तैयारी पूर्व निर्वाचन आयोग से प्राप्त कड़े निर्देशों के पश्चात कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने आबकारी विभाग को अवैध शराब बिक्री, निर्माण और तस्करी पर कड़ाई से रोकथाम लगाने एवं क्षेत्र में मदिरा के अवैध व्यापार, विक्रय, परिवहन, धारण एवं उड़ीसा राज्य से हाने वाले तस्करी के रोकथाम हेतु निर्देशित किया है। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा ने सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं समस्त आबकारी उपनिरीक्षकों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में योजनाबद्ध कार्यवाही करने हेतु समुचित निर्देश किया है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग ने कार्यवाही करते हुये 1 अप्रैल से 28 अगस्त 2023 तक कुल 412 प्रकरण कायम कर आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है, इस दौरान कुल मदिरा जप्त मात्रा 2092.39 लीटर मदिरा एवं 48490 किलोग्राम महुआ लाहन व 06 वाहन जप्त किया है, जप्त समाग्रियों का अनुमानित बाजार मूल्य 32 लाख 38 हजार 195 आंका गया है। जिसमें से 04 वाहन इसी माह अगस्त 2023 की कार्यवाही में जप्त किया गया है।



साथ ही आबकारी विभाग ने उड़ीसा राज्य के सीमा पर स्थापित आबकारी जॉच चौकियों रेंगालपाली, हमीरपुर, कंचनपुर, अमलीपाली एवं झिंकीपाली में अपनी गस्त को बढ़ाते हुये उड़ीसा राज्य से आने वाले अवैध मदिरा तस्करी की रोकथाम हेतु भी कड़ी कार्यवाही कर रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

### आर्थिक संबल के साथ युवाओं को ...

को कौशल प्रशिक्षण भी दे रहे हैं, ताकि वे अपने हुनर से आसानी से रोजगार हासिल कर सकें। वर्तमान में 07 हजार 200 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शीघ्र ही 1782 और युवाओं का प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। हाल ही में हमने 36 शासकीय आईटीआई में नए कोर्स आरंभ करने टाटा टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू किया है। 1186 करोड रुपए की लागत से हुए इस एमओयू से 10,000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। स्कूली शिक्षा को भी हमने आईटीआई के साथ जोड़ा है। 116 विकासखंडों के 119 स्कूलों को आईटीआई से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवाओं को डिमांड आधारित नए ट्रेड में प्रशिक्षित करने टाटा टेक्नोलॉजिस के साथ 36 आईटीआई के उन्नयन का एमओयू किया गया है। पहले चरण में इनमें से 5 आईटीआई का लोकार्पण सितम्बर महीने में किया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण का सुनहरा अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर विभिन्न जिलों के बेरोजगारी भत्ता से लाभान्वित्त युवाओं तथा चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों से भी बात-चीत की। इसमें युवाओं ने चर्चा करते हुए बताया कि बेरोजगारी भत्ता से उन्हें काफी राहत मिली है। साथ ही इससे अपने कैरियर को संवारने में भी मदद मिल रही है। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंह देव तथा खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य खनिज निगम गिरीश देवांगन और मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला, सचिव-रोजगार एवं प्रशिक्षण टोपेश्वर वर्मा, संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण अवनीश शरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कौशल विकास सुश्री दिव्या मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना ...

कर्नाटक में तकरीबन 600 किमी चले और मैंने आपसे (महिलाओं) बात से। यहां मुझे एक बात गहराई से समझ आ गई। आपने कहा कि महंगाई की चोट लग रही है। चाहे वो पेट्रोल हो, डीजल या गैस-सिलेंडर हो। अंत में चोट हमारी मांओं-बहनों को लगती है। हजारों महिलाओं ने मुझे कहा कि वे महंगाई को सह नहीं पा रही हैं। कर्नाटक की महिलाएं ही इस प्रदेश की नींव हैं, फाउंडेशन हैं।

### पेरिस में विश्वविद्याल के छात्रों को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली। अगले महीने भारत में राजनीतिक हलचल तेज रहेगी। राजधानी दिल्ली में आठ से दस सितम्बर तक चलने वाली जी-20 देशों की बैठक पर पूरी दुनिया की नजर होगी। हालांकि दिलचस्प बात है कि इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश से बाहर यूरोप पर रहेंगे। जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चाएं हैं। सूत्रों ने बताया कि आठ से दस सितम्बर के दौरान राहुल यूरोप के कई देशों की यात्रा पर रहेंगे। बेल्जियम में वे यूरोपियन कमीशन के सदस्यों से भेंट करेंगे। वहीं पेरिस में विश्वविद्याल के छात्रों को संबोधित करेंगे। ओस्लो में उनका भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी पांच दिवसीय यात्रा पर यूरोप जा रहे हैं।

### प्रज्ञान रोवर ने विक्रम लैंडर की...

सल्फर, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम और टाइटेनियम सहित कई रासायनिक पदार्थों की उपस्थिति की खोज की है और हाइड्रोजन की खोज जारी है। इसके साथ ही प्रज्ञान ने चांद की सतह पर तापमान की माप की है। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश है। ऐसे में चंद्रयान-3 से मिलने वाले डाटा पर विश्व की निगाहें टिकी हैं।

### जामिया के पूर्व छात्र ने मिशन में निभाई अहम भूमिका

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के पूर्व छात्र मोहम्मद अदनान ने अंतरिक्ष एजेंसी के ऐतिहासिक मिशन चंद्रयान-3 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोहम्मद अदनान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में 2008 से काम कर रहे हैं। अदनान वर्तमान में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क में वैज्ञानिक 'एफ' के पद पर कार्यरत हैं। पिछले 15 साल से अदनान इसरो से जुड़े हैं और चंद्रयान-2 और मिशन मार्स (एमओएम) की टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। बिहार के दरभंगा से ताल्लुक रखने वाले अदनान ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से वर्ष 2007 में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस) और वर्ष 2003 में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया था।

**Seth Badrilal Khandelwal Shiksha Mahavidyalay, Durg (C.G.)**

**Appointment (Teaching Staff & Non Teaching Staff)**
**Under University Statue-28**

Advertisement Approval Format for B.Ed. Teaching Post and Administrative and Professional Staff as per NCTE norms

| S.No. | Name of the Post | No.of Post | QualiÀcation |
|---|---|---|---|
| A | Principal (B.Ed.) | 01 | (i) P.G. Degree in Arts/ Science/ Social Science/ Humanities / commerce with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed) ; **and** (ii)M.Ed with minimum 55% marks (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system is followed); **and** (iii) Ph.D. in Education or in any Pedagogic subject offered in the institution; **and** (iv) Eight years of teaching experience in a Secondary Teaching Institution. **Desirable: Diploma/Degree in Education Administration /Leadership.** |
| B | Asst. Prof. (B.Ed.) Perspective in Education of Foundation course Psychology Philosophy | 01 01 | (i) Post Graduate Degree in Social Science (Psychology/Philosophy) with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed); **and** (ii)M.Ed Degree From a recognized University with minimum 55% marks. (or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system is followed); **and** **Or** (i) P.G. (MA) Degree in Education with minimum 55% marks .( or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed); **and** (ii) B.Ed./ B.El.Ed. Degree with minimum 55% marks.(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed) |
| C | Assistant Professor (B.Ed.) Curriculum and Pedagogic Courses Biological Science Physical Science Mathematics English | 01 01 01 01 | (i) Post Graduate Degree in Science/ Mathematics/Language (English) with minimum 55% marks. .(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed);**and** (ii)M.Ed. Degree with minimum 55% marks.(or an equivalent grade in a point-scale wherever the grading system in followed);**and** **For B & C** **Note** :- Besides fulÀlling the above qualiÀcation the candidate shall have cleared the National Eligibility test (NET) Conducted by University Grants Commission. Provided Candidates, Who are, or have been awarded Ph.D. Degree in Education in accordance with the University Grant Commission (Minimum Standard and Procedure for Award of Ph.D. Degree) Regulation 2009, Shall be exempted from the requirement of the clearing of NET for appointment as assistant Professor or equivalent position in university or college or institution. |
| D | Specialized Course i Asst. Prof. (B.Ed.) Visual Arts | 01 | (i) P.G.Degree in Fine Arts (Master of Fine Arts) With minimum 55% marks. |
| | ii Asst. Prof. (B.Ed.) Performing Arts | 01 | (i) P.G.Degree in Musical /Dance/Theater Arts with minimum 55% marks. |
| E | Non Teaching Post as Per NCTE Norms i Librarian | 01 | (i) B.Lib With 55% Marks |
| F | Non Teaching Post as per State Govt. Rules i OfÀce Assistants Cum Computer Operator | 01 | a) (10+2) Passed from Recognize Board. **OR** Passed old Higher Secondary Examination and 1 year pass of any Graduation Course from recognized University. b) One year Diploma/CertiÀcate in Data Entry Operator / Programming from recognized Institute/University. c) A Speed of 5000 key Depression per hour in computer Hindi Typing. (Typing speed test will be taken on computer) |
| | ii OfÀce Cum Account Assistant | 01 | a) B.Com $2^{nd}$ division with PGDCA. |

As Prescribed by State Government/UT Administration Concerned.

**Note :-**

1. Pay Scale as per UGC/NCTE & C.G. State Govt. Norms and their amendments from time to time.
2. QualiÀcation fulÀll as per UGC/NCTE/AICTE Norms and their amendments from time to time.
3. All Candidates are requested that there application should be deposited by **date- 15/09/2023.**
4. In a composite institution, the Principal and academic, administrative and technical staff can be shared. There shall be one principal, and other may be termed as HoDs.
5. Necessary qualiÀcations completed till the date of interview.

Send your resume in 03 sets with Passport Size Photo, all relevant documents and Rs.-1000/- D.D. in favour of **"Principal Seth Badrilal Khandelwal B.Ed. (Education) College"** Utai Road, Gourav Path, Durg in ofÀce hours.

**Also Visit www.sblkedu.com**

**Principal**
**Seth Badrilal Khandelwal Education College Durg (C.G.)**

# देश

उवाच



"शिवराज और मोदी जी हार के डर से ऐसे घबरा गए हैं कि लगता है अब हर त्योहार एक नया तोहफा देंगे। कांग्रेस सरकारों ने एलपीजी के दाम कम करने का ऐलान क्या किया, जनता के दुख दर्द से दूर मोदी शाह शिवराज एक के बाद एक कांग्रेस की घोषणाएं दोहराने लगे।"

-दिग्विजय सिंह,वरिष्ठ कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 36. | 28. |
| मुंबई | 28. | 26. |
| कोलकाता | 34. | 28. |
| चेन्नई | 3[illegible] | 27. |

# देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा विपक्ष

## चीन के लद्दाख व अरुणाचल में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने पर बोला हमला

**मुंबई,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के रुख को दोहराते हुए पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को कहा कि चीन ने लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है और विपक्ष अब देश को विदेशी आक्रमण से बचाएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में 31 अगस्त-1 सितंबर को होने वाली दो दिवसीय राष्ट्रीय विपक्षी गुट की बैठक से पहले मीडियाकर्मियों से कहा कि जैसे-जैसे इंडिया गठबंधन मजबूत होगा और आगे बढ़ेगा, चीन भारतीय क्षेत्रों से पीछे हट जाएगा.. इंडिया भारत की रक्षा और सुरक्षा करेगा। संजय राउत ने कहा कि इस बार शिवसेना बैठक की मेजबानी करने वाला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) हमारे साथ हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। फिलहाल जो नेता अभी नहीं आ पाए हैं। वह कल सुबह तक आ जाएंगे। बता दें, इससे पहले गठबंधन की दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में आयोजित की जा चुकी हैं। इंडिया गुट की पहली बैठक जून में पटना में हुई थी, जबकि दूसरी जुलाई के मध्य में बेंगलुरु में हुई थी। गठबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि कुछ राज्यों में अभी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ चुनावी सहमतियां नहीं बन पाई है इसलिए लोकसभा की सभी सीटों पर प्रत्याशियों का पूरा खाता तैयार नहीं किया जा पाया है। उनका मानना है



इंडिया जैसे-जैसे मजबूत होगा चीन लद्दाख से पीछे हट जाएगा : नाना पटोले

कि जैसे ही बचे हुए राज्यों में भी विपक्षी दलों के साथ मिलकर सहमतियां बनेगी फिर एक साथ सभी प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतरने की रूपरेखा तैयार कर दी जाएगी। वहीं इस बार प्रमुख पक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ने यही योजना बनाई है कि लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाली प्रमुख रैलियां और जनसभाओं में सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने से बचा जाए। इसके विपरीत प्रधानमंत्री की बजाए केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनकी तथ्यों के साथ जनता के सामने हकीकत रखी जाने की योजना बनी है। योजना यह भी बनी है कि जो मुद्दे जनता से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं उनको ही अपनी रैलियों जनसभाओं और रोड शो के दौरान उठाया जाए। विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल एक प्रमुख नेता कहते हैं कि ऐसा करके वह सीधे तौर पर जनता के मुद्दों के माध्यम से न सिर्फ उन तक अपनी पहुंच बना सकेंगे बल्कि हाल के दिनों में हुए चुनावी राज्यों में इस तरह के मुद्दों से जीत भी मिली है, उसका असर भी दिखेगा। बेंगलुरु सम्मेलन में गठबंधन के नाम भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया था। इस बैठक में संयोजक और चेयरपर्सन के अलावा लोकसभा में विपक्ष के एकल प्रत्याशी को मैदान में उतारने का पूरा रोड मैप की चर्चा होगा। मुंबई में आयोजित होने वाली बैठक से पहले की दो बैठकों के बाद देश की 463 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाने का पूरा खाका खींच लिया गया है। चव्हाण ने पार्टियों को तोड़ने और निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने की राजनीति में शामिल होने के लिए भी भाजपा की आलोचना की। जिन प्रमुख दलों ने इंडिया कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने की पुष्टि की है, उनमें ब्लॉक बैठक की मेजबानी करने वाली शिवसेना (यूटीवी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार), समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोक दल, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके डीएमके किसान एवं श्रमिक पार्टी शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार अन्य पार्टियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, एमडीएमके, अपना दल, सीपीआई, सीपीआई (मार्क्सवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (एम), केएमडीके, केरल कांग्रेस (जे), वीसीके और सीपीआई (एम-एल) शामिल हैं।

### भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए आएं एक साथ : चव्हाण

इससे पहले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक पर कहा कि हम लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आए हैं। एजेंडे पर चर्चा की जाएगी और हम उसी के अनुसार आगे की चीजें तय करेंगे। 2019 में गैर-भाजपा दलों को 23 करोड़ वोट मिले, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले। उन्होंने कहा कि अगर हम साथ मिलकर काम करें तो हम जीत सकते हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में गुरुवार से शुरू होने वाली है। इसे लेकर उद्धव बालासाहेब ठाकरे वाली शिवसेना के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा कि बैठक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। देशभर से हमारे प्रतिनिधि मुंबई पहुंचने लगे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि 28 विपक्षी दलों के कम से कम 11 मुख्यमंत्री और 63 नेता मुंबई कॉन्क्लेव में हिस्सा लेंगे।

# कश्मीर में पहला अनूठा स्टार्ट अप कान्क्लेव सितम्बर में

## कई शीर्ष कारोबारी दिग्गज लेंगे सम्मेलन में हिस्सा

**जम्मू,**30 अगस्त (देशबन्धु)। यदि आप एक उद्यमी हैं और एक दिग्गज बनना चाहते हैं, तो शिल्प की जटिलताओं को जानने के लिए जम्मू और कश्मीर उद्यमिता कान्क्लेव आपके लिए सही जगह है। शीर्ष कारोबारी दिग्गज 16 सितंबर को श्रीनगर स्थित एसकेआईसीसी में अपनी तरह के पहले मेगा उद्यमिता सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीनगर आएंगे। इस दौरान वे लान्चपैड द्वारा आयोजित, जो फास्टबीटल और कश्मीर बाक्स का एक समूह है-व्यापार और सरकारी क्षेत्रों के कम से कम 17 वक्ता सफलता के अपने मंत्र साझा करेंगे। फास्टबीटल के सीईओ और सह-संस्थापक शेख समीउल्लाह कहते थे कि यह एक स्टार्ट-अप कान्क्लेव है जिसमें उद्यमी अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। यह कश्मीर में अपनी तरह की पहली पहल है और इससे निश्चित रूप से हमारे उद्यमियों को लाभ होगा। उनका कहना था कि यह घाटी में स्टार्टअप इको-सिस्टम को भी बढ़ावा देगा। प्रमुख स्टार्टअप गुरुओं में अंकुर वारिकू, वेबवेडा के संस्थापक, लेखक, एंजेल निवेशक और




सार्वजनिक वक्ता, रजत तुली, उस्त्रा के सह-संस्थापक, आर टी कृष्णन, निदेशक आईआईएम बेंगलुरु, भैरवी जानी अध्यक्ष और संस्थापक आईईएफ, कार्यकारी और निदेशक एससीए समूह और अन्य शामिल हैं। महमूद शाह, निदेशक, उद्योग और वाणिज्य, कश्मीर, अतहर आमिर खान, नगर निगम आयुक्त, सीईओ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सौरभ बघाट, आयुक्त, सचिव सूचना और प्रौद्योगिकी, ऐजाज अहमद भट निदेशक, ईडीआई और विक्रमजीत सिंह आयुक्त/सचिव सहित शीर्ष सरकारी अधिकारी उद्योग एवं वाणिज्य भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दिग्गज करेंगे स्थानीय उद्यमियों से बातचीत

प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज स्थानीय उद्यमियों से बातचीत करेंगे। समीउल्लाह बताते थे कि हमारे पास ऐसे मेहमान हैं जो व्यापार जगत में सम्मानित और प्रतिष्ठित हैं। उदाहरण के लिए, अंकुर वारिकू, जिनके पास कई सफल स्टार्ट-अप हैं, और दुनिया भर में प्रशंसकों के साथ एक प्रसिद्ध वक्ता और लेखक हैं, इस अवसर पर बोलेंगे। समीउल्लाह ने कहा कि इस आयोजन का विचार घाटी में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। समीउल्लाह बताते थे कि कान्क्लेव में स्टार्ट-अप मालिक बिजनेस दिग्गजों के सामने निवेश के लिए भी अपनी बात रख सकते हैं। उनके बकौल, इससे निश्चित रूप से उद्यमियों को मदद मिलेगी।

## सार संक्षेप

### पंडितों की वापसी तक कश्मीर अधूरा : महबूबा

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों की घर वापसी तक कश्मीर अधूरा है। मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का भारी क्षति बताया। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में प्राचीन थाजिवारा मंदिर का दौरा करने के बाद कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष रूप से कश्मीर को भारी नुकसान हुआ था और कई लोगों की जान चली गई थी। मेरा मानना है कि कश्मीर भाई-बहनों का घाटी छोड़कर जाने भारी क्षति है। इस नुकसान की भरपाई तब तक नहीं की जा सकती, जब तक वे वापस नहीं लौट आते और मुस्लिम भाइयों के साथ मिलकर नहीं रहते।

### सरदार हुकम सिंह की जयंती पर की श्रद्धांजलि अर्पित

**नई दिल्ली।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह को उनकी जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में याद किया गया। संसद के सदस्य, पूर्व सदस्य, लोकसभा महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालयों के अधिकारियों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार हुकम सिंह एक प्रख्यात सांसद, प्रसिद्ध न्यायविद्, समाज सुधारक और एक सक्षम प्रशासक थे। अप्रैल 1948 में वे संविधान सभा के लिए चुने गए। वह पहली, दूसरी और तीसरी लोकसभा के सदस्य भी थे।

### आधार कार्ड नहीं बनने पर की आत्महत्या कोशिश

**छिंदवाड़ा।** आम आदमी की जिंदगी में आधार की बड़ी भूमिका हो गई है। आधार कार्ड के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना आम बात है। इसी से परेशान होकर छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में एक युवक ने जहर पीकर जान देने की कोशिश की। बताया गया है कि अमरवाड़ा के पिंडरई डबीर के रहने वाले शिवराम ने अपने घर पर जहर पी लिया और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिवराज अमरवाड़ा के पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनवाने गया था। लेकिन, उंगलियों के निशान के मेल न खाने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पाया था।

### नादिया में टीएमसी समर्थक की गोली मारकर हत्या

**नादिया।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बुधवार सुबह कुछ अज्ञात बदमाशों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थक मटियाजुल दफादार के घर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उनकी मौत है गई और उनके चाचा मोहाताली तथा बेटा सामझी घायल हो गए। यह समस्या कल से चल रही थी और इसका असर बुधवार तड़के हुआ जब हथियारबंद हमलावरों ने टीएमसी नेता के घर पर हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी की।

# मप्र में 50 फीसदी कमीशन पर फिर घिरी सरकार

**भोपाल,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले पचास फीसदी कमीशन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस हमलावर है। बुधवार को एक ठेकेदार ने पचास फीसदी कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास के करीब पत्नी के साथ धरना दिया।

**मुख्यमंत्री आवास के करीब धरने पर बैठे ठेकेदार**

ठेकेदार के धरने पर फिर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने ट्वीट के साथ ठेकेदार और उसकी पत्नी का धरना वाला वीडियो साझा करते हुए लिखा, 50 फीसदी कमीशनखोर सरकार से सब परेशान हैं, अब ग्वालियर के रहने वाले संजय मिश्रा, जो खुद पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार हैं, भुगतान न होने की वजह से मुख्यमंत्री निवास के बाहर परिजनों के साथ धरने पर बैठे हैं और जल्द से जल्द भुगतान करने की गुहार शिवराज सिंह चौहान से लगा रहे हैं। इस धरने पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भी ट्वीट कर लिखा है, मध्य प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें पार कर गया है। ग्वालियर के एक ठेकेदार



प्रदेश में चल रहा 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सभी हदें कर गया है पार : कमलनाथ

बुधवार को मुख्यमंत्री आवास के बाहर अपनी पत्नी सहित धरने पर बैठे हैं और उन्होंने आत्महत्या करने की चेतावनी तक दी है। उनका सीधा कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने के कारण वह पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। बार-बार आग्रह करने के बावजूद न तो कोई अधिकारी और न ही मुख्यमंत्री उनकी बात सुन रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले ग्वालियर के ही एक ठेकेदार ने उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था। लेकिन उस व्यक्ति को न्याय दिलाने की जगह आवाज उठाने वालों के खिलाफ शिवराज सरकार सक्रिय हुई। उसके बाद रीवा के एक ठेकेदार ने गौशाला निर्माण में 50 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया। उस मामले पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। राज्य की स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, मैं देख रहा हूं कि शिवराज सरकार ने इसी तरह से व्यापम घोटाले में अपराधियों को संरक्षण दिया था और तब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, जब तक करीब 50 निर्दोष लोगों की संदिग्ध मृत्यु नहीं हो गई और सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया। मध्य प्रदेश का 50 प्रतिशत कमीशन राज अब सिर्फ भ्रष्टाचार और घोटाला नहीं बचा है, यह मध्य प्रदेश के ईमानदार ठेकेदारों और अधिकारियों के लिए जानलेवा संकट बनता जा रहा है। जो मुख्यमंत्री अपने दरवाजे पर आए हुए व्यक्ति की फरियाद नहीं सुन सकता उससे हम न्याय की क्या उम्मीद रखें।

### चुनाव में नेतृत्व को लेकर भाजपा पर बोला हमला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर हमला बोला है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि मप्र में भाजपा चुनाव के लिए नेतृत्व का चेहरा भी बाहर का दिखा रही है। प्रचार के लिए मंत्री और विधायक भी बाहर से ला रही है, बाहरियों को ज्यादा महत्व देने के कारण संगठन में भी आपस में ठनी हुई है, मतलब सब कुछ बाहर से, ये भाजपा के सत्ता से बाहर जाने के स्पष्ट संकेत हैं। अब क्या भाजपा मतदाता भी बाहर से लाएगी, क्योंकि मप्र के सतर्क मतदाता तो अब इनके झांसे में नहीं आने वाले और न ही भाजपा को कोई चुनावी घपला करने देंगे। इस बार मप्र का हर मतदाता सजग है क्योंकि इस चुनाव से उसका और मप्र का भविष्य तय होना है। राज्य में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और इसके लिए दोनों ही दल अपनी तैयारियां तेज करते जा रहे हैं।

# बंगाल उप चुनाव में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तीस कंपनियां होंगी तैनात

**जलपाईगुड़ी,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पांच सितंबर को होने वाले धुपगुड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 30 कंपनियां तैनात की जाएंगी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चुनाव कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, 30 कंपनियों में से 15 कंपनियां पहले ही तैनात कर दी गई हैं और अन्य मतदान से कुछ समय पहले तैनात की जाएंगी। धुपगुड़ी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक विष्णुपद रॉय के पिछले माह निधन होने से रिक्त हुयी है। श्री रॉय विधान सभा सत्र में शामिल थे। इस दौरान उनकी तबितयत बिगड़ गयी। उन्हें एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया जहां दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने निर्मल चंद्र रॉय को इस सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है। ईश्वर चंद्र रॉय और तापसी रॉय क्रमशः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार हैं।



■ पांच सितंबर को होने हैं धुपगुड़ी विस उप चुनाव

# बिहार के रोहतास में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

## कंटेनर व स्कॉर्पियो की टक्कर से हुआ हादसा

**डेहरी ओन सोन,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में रोहतास जिले मे शिवसागर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह कंटेनर और स्कॉर्पियो की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर खास के निवासी सुदेश्वर शर्मा बोध गया से अपने परिवार के साथ स्कार्पियो से वापस आ रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उच्च पथ-2 पर पखनारी गांव के निकट सड़क पर खड़ी कंटेनर में स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। इस घटना में स्कार्पियो पर सवार सात लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान कैमूर जिले के बम्हौर खास गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह प्रेमलता प्रियदर्शी, आदित्य विश्वकर्मा, रिया कुमारी, तारा कुमारी, चांदनी कुमारी तथा कुड़ारी थाना क्षेत्र के सबार गांव निवासी राजमुनि देवो के रूप में की गयी है। घायलों को सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।




### नीतीश ने मृतकों की मौत पर शोक जताया



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क दुर्घटना में मृतकों की मौत पर शोक जताया। कुमार ने इस दुर्घटना को काफी दुःखद बताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# बिप्लब ने त्रिपुरा की 10 केंद्रीय परियोजनाओं में मदद का किया दावा

**अगरतला,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान त्रिपुरा के लिए 3.39 करोड़ रुपए की 10 केंद्रीय परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने में मदद की है। देब ने कहा कि इसके अलावा, संसद सत्र के दौरान, उन्होंने त्रिपुरा से संबंधित 17 सवाल उठाए और प्रस्तुत किए। संसद में अपनी चर्चा का उल्लेख करते हुए देब ने कहा कि देश में अभी भी कई ब्रिटिश कानून मौजूद हैं जिनमें से कई ऐसे हैं जिनके बारे में हम नहीं जानते हैं, जैसे कि पाइरेसी, जो समस्याएं उत्पन्न करते हैं और सरकार उन्हें निरस्त करने के लिए कदम उठाया है। मैंने राज्य के कैलाशहर में नए हवाई अड्डे के बारे में भी बात की है। हालांकि केंद्र सरकार ने धन की मांग की और मैंने कहा कि सरकार इतनी बड़ी राशि प्रदान नहीं कर सकती है लेकिन भूमि उपलब्ध करा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने एनएचआईडीसीएल को कुमारघाट-कैलाशहर सड़क का मरम्मत जल्द से जल्द करने के लिए एक पत्र भी लिखा है।



# मनरेगा श्रमिकों के बकाए का भुगतान करे केंद्र : जयराम रमेश

## मनरेगा श्रमिकों के बकाए को लेकर आधार को बताया जिम्मेदार

**नई दिल्ली,**30 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को मनरेगा श्रमिकों के बकाए को लेकर सरकार सीधा हमला किया है और मनरेगा श्रमिकों के बकाया भुगतान जारी करने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार मनरेगा योजना के लाभ से लोगों को वंचित रखने के लिए आधार और प्रौद्योगिकी का हथियार के रूप में उपयोग कर रही है।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लोगों को वंचित रखने के लिए आधार और प्रौद्योगिकी का हथियार के रूप में उपयोग बंद करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्विटर पर पार्टी की और से एक बयान जारी किया है। मनरेगा श्रमिकों के बकाए का भुगतान करना चाहिए और पारदर्शिता को बेहतर करने के लिए इसके स्थान पर ओपन मस्टर रोल और सोशल ऑडिट लागू करना चाहिए। कांग्रेस ने बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से मनरेगा के लिए भुगतान अनिवार्य करने की समयसीमा पांचवीं बार 31 दिसंबर, 2023 तक बढ़ा दी है। यह अपरिहार्य हो गया क्योंकि चार बार समयसीमा बढ़ाए जाने के बावजूद, कुल 26 करोड़ जॉब कार्ड धारकों में से 41.1 फीसदी अभी भी भुगतान के इस तरीके के लिए अयोग्य हैं।



आस्था | छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ अमरनाथ यात्रा का होगा समापन्न

# चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 3 अगस्त (देशबन्धु)। जिस अमरनाथ यात्रा से जम्मू-कश्मीर प्रशासन इस बार नाउम्मीद हुआ है वह अब 31 अगस्त को दोहरी श्रावण पूर्णिमा के बावजूद यात्रा की प्रतीक छड़ी मुबारक की स्थापना के साथ ही समाप्त हो जाएगी। श्राइन बोर्ड के दावानुसार, इस बार यात्रा में शामिल होने वालों ने बमुश्किल 4.50 लाख का आंकड़ा छुआ है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड को उम्मीद थी कि 8 से 10 लाख से अधिक श्रद्धालु इसमें शिरकत करेंगें और वे तीन से चार हजार करोड़ का बिजनेस प्रदेश के व्यापारियों को देंगें। इतना जरूर था कि इस बार के अनुभव के चलते प्रशासन ने अनेकों संस्थाओं के उस सुझाव पर विचार करने का फैसला जरूर किया है जिसमें कई सालों से यात्रा की अवधि को घटा कर एक माह करने के लिए कहा गया है। हालांकि अब इसके लिए मौसम को अधिक दोषी ठहराया जा रहा है पर पिछले कई सालों की यह परंपरा बन चुकी है कि यात्रा के प्रतीक हिमलिंग के पिघलने के उपरांत यात्रा हमेशा ढलान पर रही है। श्राइन बोर्ड की तमाम कोशिशों के बावजूद हिमलिंग यात्रा के शुरू होने के कुछ ही दिनों के उपरांत पूरी तरह से पिघल जाता रहा है।



■ आतंकी हमलों की धमकी के बावजूद यात्रा नहीं हुई प्रभावित

ऐसे में श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, यात्रा की अवधि पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। दरअसल कई सालों से, जबसे यात्रा की अवधि को दो से अढ़ाई माह किया गया है, कई संस्थाओं ने इसे घटाने के सुझाव दिए हैं। लंगर लगाने वाली संस्थाओं ने इसे घटा कर 25 से 30 दिनों तक ही सीमति करने का आग्रह कई बार किया है।

अगर देखा जाए तो यात्रा की अवधि कम करने की बात पर्यावरण विभाग और अलगाववादी भी पर्यावरण की दुहाई देते हुए अतीत में करते रहे हैं। पर अब अधिकारियों को लगने लगा है कि हिमलिंग के पिघल जाने के उपरांत यात्रा में श्रद्धालुओं की शिरकत को जारी रख पाना संभव नहीं है जब तक कि हिमलिंग को सुरक्षित रखने के उपाय नहीं ढूंढ लिए जाते। अधिकारियों ने बताया कि सुबह महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंचेगी और वहां इसकी स्थापना के साथ ही यात्रा का समापन हो जाएगा। वार्षिक अमरनाथ यात्रा कल श्रावण पूर्णिमा के दिन 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के मुख्य दर्शनों के साथ ही संपन्न होगी। 30 जून को आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के 62 दिनों के भीतर 4.50 लाख श्रद्धालुओं ने हिमलिंग के दर्शन किए हैं। पिछले कई दिनों से यात्रा आम श्रद्धालुओं के लिए इसलिए बंद रखी गई है क्योंकि तलाश करने पर भी श्रद्धालु नहीं मिल रहे थे।

गुरुवार को पूजा प्रतिष्ठा के बाद इस 'छड़ी मुबारक' को पुनः उसी अखाड़े में स्थापित कर दिया जाएगा यहां से चली थी। कल शाम को छड़ी मुबारक को रात्रि विश्राम के लिए वापस पंजतरनी ले जाया जाएगा।

बिलसपुर, गुरूवार 31 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाई का प्यार या हार का डर?

'रक्षाबन्धन की बहनों को सौगात' के नाम पर चाहे केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की कीमत एक सुखद आश्चर्य के रूप में तत्काल प्रभाव से घटाई हो, परन्तु माना जा रहा है कि यह जनहित में उठाया गया कदम नहीं वरन सियासी मकसद गांठने की कवायद है। इसका कारण यह है कि हर वस्तु की कीमतों में सिर्फ बढ़ोतरी करने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किसी भी उपभोक्ता वस्तु या सेवा की कीमतें कम करने की कोई उम्मीद ही नहीं करता। उससे ऐसे किसी भी लोक कल्याणकारी कदम की अपेक्षा देशवासियों ने रखनी छोड़ दी है। जो भी हो, इसका लाभ महंगाई से त्रस्त जनता को आंशिक रूप से ही सही, लेकिन मिलेगा तो ज़रूर। वैसे यह देखना दिलचस्प होगा कि सत्तारुढ़ भाजपा को इसका राजनैतिक लाभ मिलता है या नहीं। मंगलवार को लिये गये फैसले के अंतर्गत केन्द्र द्वारा सीधे-सीधे प्रति सिलेंडर 200 रुपये की कमी की घोषणा की गई है। यह दर बुधवार से लागू हो गई। अब 14.2 किलोग्राम का गैस सिलेंडर 903 रुपये का मिलेगा। उज्ज्वला योजना के तहत इसकी कीमत 703 रुपये होगी।

केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से महिलाओं को राखी का उपहार' बताया है। स्वयं मोदी ने एक बयान में कहा है कि 'रक्षाबन्धन का पर्व खुशियां बढ़ाने वाला होता है। इस फैसले से बहनों को राहत मिलेगी। मेरी प्रार्थना है कि मेरी हर बहन खुश और स्वस्थ रहे।' इस फैसले का लाभ 33 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 75 लाख नये एलपीजी कनेक्शन दिये जाने का भी निर्णय लिया गया है जिससे इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जायेगी। चाहे गैस घटाने का उद्देश्य करोड़ों बहनों को कथित राहत पहुंचाना और उन्हें खुश व स्वस्थ देखने की पीएम की मंगल कामना बताया गया है लेकिन इसे इसी साल होने वाले 5 राज्यों के तथा अगले वर्ष के लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र लिया गया निर्णय माना जा रहा है। इसे राजस्थान सरकार द्वारा 500 रुपये में दिये जा रहे सिलेंडर का जवाब भी समझा जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने यह ऐलान कर रखा है कि अगर उसकी सरकार बनती है तो सस्ते गैस सिलेंडर दिये जायेंगे। राजस्थान सरकार के निर्णय एवं मप्र कांग्रेस के इस वायदे से धारणा बन गई है कि भाजपा को हराने से जनता को सस्ती दर पर सिलेंडर मिलेंगे। अब भाजपा को डर है कि उसे यह मुद्दा महंगा पड़ सकता है और इसका असर विधानसभा चुनावों तक सीमित न रहकर लोकसभा चुनावों के नतीजों पर भी पड़ सकता है।

यह फैसला ऐसे वक्त पर लिया जा रहा है जब कांग्रेस सहित 26 विपक्षी दल गुरुवार व शुक्रवार को महाराष्ट्र की राजधानी में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बैठक करने जा रहे हैं। इस वर्ष के ही जून में बिहार की राजधानी पटना और फिर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में (जुलाई, 2023) विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) की हुई बैठकों से लगातार विस्तृत और मजबूत हो चुका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तंज कसा है कि 'अभी तो हमारे संगठन की सिर्फ दो बैठकें हुई हैं और एलपीजी 200 रुपये सस्ती हो गई है। ये है 'इंडिया' का दम।' ममता के बयान में इसलिये वजन है क्योंकि ऐसे संकेत हैं कि इंडिया में कुछ नये दल शामिल हो सकते हैं और राजनैतिक पण्डित मानते हैं कि पांच राज्यों के नतीजों के बाद यह कुनबा और भी बढ़ सकता है। ऐसा इस आधार पर कहा जा रहा है कि क्योंकि 5 राज्यों में भाजपा की पराजय तय बतलाई जा रही है।

विधानसभा के साथ ही साल 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं, वे भी भाजपा को डरा रहे हैं। ध्रुवीकरण का भाजपा का चिर-परिचित मुद्दा और मोदी का चेहरा अब स्वयं भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चुनाव जीतने की गारंटी नहीं दे रहा है। संघ के मुखपत्र ने पहले ही चेता दिया है कि हिन्दुत्व व मोदी के बल पर अगला चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। कई तरह के चुनावी सर्वे भाजपा के नेतृत्व में बने एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस) पर 'इंडिया' की बढ़त और ब्रांड भाजपा-मोदी में बड़ी गिरावट दर्ज कर रहे हैं। भाजपा के हिन्दुत्व एवं सामाजिक ध्रुवीकरण के कई पैंतरे बेकार हो चले हैं। हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक के चुनावी नतीजे तो इन विमर्शों की सीधी-सीधी हार ही बतला रहे हैं। इन्हीं कारणों से मोदी की अंतरराष्ट्रीय मंचों पर किरकिरी भी हुई है। मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी साम्प्रदायिक दंगे, नूंह में हुआ हिन्दू-मुसलमान टकराव, जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस का गोली कांड (जिसमें एक व्यक्ति द्वारा मुसलमानों की हत्या करना) आदि ऐसी वारदातें हैं जिनके कारण भाजपा सरकारों की पर्याप्त बदनामी हुई है और उसकी लोकप्रियता जबर्दस्त रूप से गिरी है।

इन कारणों से भाजपा को आखिरकार जनहित के मुद्दों का सहारा लेना पड़ रहा है। 1 दिसम्बर 2011 को 400 रुपये का मिलने वाला गैस सिलेंडर दिसम्बर 2015 को 545, मई 2020 को 588, अगस्त 2023 को निर्विघ्न रूप से केन्द्र सरकार द्वारा 1103 रुपये कर दिया गया। इसकी आलोचना करने या विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी व हिन्दूविरोधी करार किया जाता रहा। यूपीए सरकार के समय गैस महंगी होने पर सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने वाली स्मृति ईरानी खामोश रहीं। जो भी हो, अब जनता को पेट्रोल, डीज़ल, प्याज, चीनी, दाल सहित महंगी हो चुकी सैकड़ों वस्तुओं की कीमतें घटने का इंतज़ार है- चुनावी पराभव से डरकर ही सही।

# इंसानियत की कीमत

मोहित ने इंसानियत दिखाई थी और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई। जिस देश में भाजपा आजादी का अमृतकाल लाने का दावा करती है, ये दो वाक्य उस अमृतकाल का कड़वा सच हैं। अब इंसानियत दिखाने वाले को सम्मानित नहीं किया जाता। उसे आदर्श के तौर पर समाज में प्रस्तुत नहीं किया जाता। बल्कि अब इंसानियत दिखाने वाले को जान देकर उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। यूपी रोडवेज में बस कंडक्टर की नौकरी करने वाले मोहित यादव का कसूर यही था कि उन्होंने संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का सम्मान किया। अपनी बस में सवार मुस्लिम यात्रियों के लिए दो मिनट बस रुकवा दी, ताकि वो नमाज पढ़ सकें। बरेली-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 3 जून को यूपी रोडवेज की बस में सवार दो मुस्लिम यात्रियों के लिए ड्राइवर और कंडक्टर ने दो मिनट के लिए बस रोक दी, क्योंकि उनकी नमाज का समय हो गया था। बस सिर्फ दो मिनट के लिए रुकी थी और इसी दौरान दोनों यात्रियों ने नमाज पढ़ ली थी। लेकिन इस घटना का किसी यात्री ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया का इस्तेमाल कितने नकारात्मक संदर्भों में हो सकता है। किस तरह एक उपयोगी चीज को नफरत फैलाने का जरिया बनाया जा सकता है, इसका एक और उदाहरण इस घटना से सामने आया है। इससे पहले भी कभी ट्रेन में या मॉल में या अस्पताल में किसी मुस्लिम ने नमाज पढ़ी तो उसे इस तरह दिखाया गया, मानो कोई गलत काम हो रहा है। एयरपोर्ट पर घेरा बनाकर गरबा करने को जो लोग संस्कृति से प्रेम बताते हैं, सड़क घेरकर भंडारा करने, भजन करने को धर्म की सेवा बताते हैं, उन्हीं लोगों को शांति से नमाज पढ़ने वालों से इतनी तकलीफ हो जाती है, कि उसे धर्म के लिए खतरे की तरह पेश किया जाता है। मोहित यादव के साथ ऐसा ही हुआ। नमाज के लिए दो मिनट बस रुकवाने पर उन्हें तरह-तरह से बेइज्जत किया गया। इस मामले में उन्हें और ड्राइवर को निलंबित भी कर दिया गया। मोहित अनुबंध पर नौकरी में थे, तो उन्हें वापस नौकरी मिलने की कोई उम्मीद भी नहीं रही। आठ लोगों के परिवार को अकेले पालने वाले मोहित इस घटना से इतने परेशान हो गए कि अवसाद में चले गए और इस सोमवार को ट्रेन से कटा उनका शव मिला।

दो मिनट के वीडियो से फैलाई गई नफरत का इतना घातक असर हुआ कि एक संभावनाशील जीवन का दारुण अंत हो गया। तकनीकी तौर पर मोहित यादव ने आत्महत्या की है। लेकिन क्या यह नफरत प्रायोजित हत्या प्रतीत नहीं होती। सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी इस बात पर घमंड कर सकती है कि उसकी कमाई का जरिया नफरत का प्रसार है। उसके पास इतनी ताकत है कि वह अदृश्य रहकर, परदे के पीछे रहकर महज अपने शब्दों से किसी को मानसिक तौर पर परेशान, उत्पीड़ित कर सकती है। लेकिन यह प्रताड़ना जानलेवा भी हो सकती है, यह बात भी ट्रोल आर्मी को याद रखना चाहिए। जो लोग इस प्रताड़ना को सहन कर लेते हैं वो जिंदा रह जाते हैं, जो नहीं कर पाते वो मोहित यादव जैसे खुद को ट्रेन के आगे डाल देते हैं। मोहित यादव अपनी मौत से पहले काफी परेशान रहते थे और टाइम्स ऑफ इंडिया के एक रिपोर्टर को उन्होंने अपनी व्यथा सुनाई भी थी, जिसे बाकायदा रिकार्ड किया गया है। वीडियो में मोहित यह कहते हुए सुने जा सकते हैं कि मैंने यह सोचकर बस रुकवाई कि सिर्फ दो मिनट की ही तो बात है। वो इस दौरान नमाज भी पढ़ लेंगे। बस रुकी तो लोग शौच के लिए भी गए। लेकिन किसी ने उस बारे में शिकायत नहीं की। सारी शिकायत नमाज पढ़ने देने को लेकर है। मोहित की पत्नी ने उनकी मौत के बाद कहा है कि मोहित ने इंसानियत दिखाई और अपनी जान देकर उसकी कीमत चुकाई है।

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

> लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है।

वैसे अगर हम ये मान रहे हैं कि मोहित की मौत के बाद समाज की आंखें खुलेंगी, लोग नफरत के घातक असर को समझेंगे और धर्म के नाम पर खड़े किए जा रहे बेबुनियाद झगड़ों से खुद को बचाएंगे, तो ये केवल मुगालता ही है। आज के भारत में एक-दूसरे से द्वेष और घृणा का असर कितना बुरा हो रहा है, इसका उदाहरण हम मणिपुर से लेकर नूंह तक देख चुके हैं। लेकिन भविष्य के भारत के लिए भी नफरत के बीज बोए जा रहे हैं, इसके कुछेक उदाहरण अभी सामने आए हैं। मुजफ्फरनगर में एक प्राइमरी स्कूल का वीडियो पिछले दिनों सामने आया था, जिसमें तृप्ता त्यागी नाम की शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को किसी मामूली गलती पर खड़ा करवाकर उसके हमउम्र बाकी बच्चों से उसे थप्पड़ लगवाए। बड़ों का काम छोटों के बीच झगड़ों को रुकवाना और उनमें सुलह करवाना है। लेकिन न्यू इंडिया में जो ऊंचे पद पर बैठा है, वो झगड़ा करवा रहा है, यही परिपाटी चल रही है। तृप्ता त्यागी ने भी उसका अनुसरण किया। उन्होंने धर्म के आधार पर बच्चों में भेद करवाया। एक बच्चे को बाकियों से अलग किया और उनसे प्रताड़ित करवाया। जो बच्चा पीड़ित हुआ, वो अब मानसिक तौर पर परेशान बताया जा रहा है। बाकी बच्चों के दिल में नफरत के जो बीज बोए गए हैं, वो शायद अंकुरित होना शुरु हो गए होंगे। इस गंभीर घटना के बाद कायदे से सभी बच्चों को एक साथ बिठाकर उन्हें मानसिक परामर्श और संबल देने की जरूरत थी। लेकिन इस घटना से राजनैतिक नुकसान हो सकता था, तो अब इसे गांव की बात गांव में रहे, इस अंदाज से निपटाया जा रहा है। पहले बच्चों को किसान नेताओं ने एक-दूसरे के गले लगने कह दिया, एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया और बात खत्म हो गई। बच्चे नासमझ होते हैं, इसलिए उन्हें थप्पड़ लगाने कहा तो वो उसमें राजी हो गए, गले मिलने कहा तो गले भी मिल लिए। लेकिन इन घटनाओं का उन पर जो मानसिक असर हुआ होगा, उसकी फिक्र कौन करेगा।

हाल में एक और वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक पांच-छह साल की बच्ची, जिसकी वाणी अभी पूरी तरह साफ भी नहीं है, वो देश के गद्दारों को, गोली मारो सालों को, जैसी पंक्तियों का सस्वर पाठ कर रही है। उस बच्ची को न गद्दार शब्द का मतलब पता होगा, न ये पता होगा कि साला अपशब्द है, गाली है, जिसे सभ्य समाज में कहना वर्जित है। लेकिन केवल अल्पसंख्यकों पर अपनी घृणा दिखाने के लिए बच्ची को असभ्य भाषा के संस्कार ही नहीं दिए जा रहे, उसे हिंसा और नफरत का पाठ पढ़ाया जा रहा है। एक बच्ची को हिंसा और आतंक के रास्ते पर धकेल कर आसपास खड़े लोग उसके सस्वर पाठ पर तालियां बजा रहे हैं। मुमकिन है उसके मां-बाप को उस पल गौरव का अनुभव हुआ होगा, लेकिन आखिर में वो अपने लिए पछतावा ही पाएंगे, क्योंकि एक मासूम मन को घृणा से विकृत करने का काम उन्होंने किया है।

लोगों को धर्म के नाम पर उन्मादी बनाकर कुछ लोग अपने लिए स्थायी सत्ता बनाना चाहते हैं। हिटलर ने जर्मनी में यही प्रयोग किया था। हिटलर को गुमान हुआ था कि लोगों ने उसे शिखर पर पहुंचाया है और वो उसकी नफरत पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। लेकिन आखिर में हिटलर को क्या हासिल हुआ, यह इतिहास के पन्नों पर दर्ज है। आज जर्मनी में हिटलर का नाम लेना भी गुनाह जैसा है। इतिहास सबका लेखा-जोखा दर्ज करता ही है। अब ये भारतीय समाज को देखना है कि वह किस रूप में अपना नाम दर्ज कराना चाहता है।

# बदलती 'दंड संहिता' के निहितार्थ

भारतीय न्याय संहिता,' 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य बिल' नाम से जिन तीन नई विधायी पहल से नरेंद्र मोदी सरकार 'भारतीय दंड संहिता' को आमूलचूल बदलने की पहल कर रही है वह अपने हिन्दी नामों और मंशा के चलते तो स्वागतयोग्य हैं, लेकिन अपने प्रावधानों को लेकर अभी भी संशय पैदा करते हैं। संशय की वजह सरकार की मंशा नहीं, उसके सोच और इस पहल की दिशा है। उम्मीद करनी चाहिए कि जब इस पहल पर संसद में बहस होगी और कानून अपने अंतिम रूप में पास होगा तो कई बातें बदली होंगी।

कुछ चर्चा बाहर मीडिया में होने लगी है, कुछ और होगी ही। तब भी कहना होगा कि इस पौने दो सौ साल पुराने कानून को बदलने की न तो पूरी तैयारी हुई है, न पर्याप्त चर्चा हो रही है। मोदी सरकार पुराने कानूनों को बदलना अपना एक काम मानती है, जो अच्छी बात है, लेकिन उसमें इतने लंबे समय के अनुभव को शामिल न किया जाए यह चिंता की बात है-खासकर वैसे मामले में जिससे हर किसी का पाला पड़ता है-सीधे या परोक्ष रूप से।



अरविन्द मोहन

> मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है।

जी हां, सरकार ने 'भारतीय दंड संहिता' को बदलने की पहल की है जिसका 'दंड' अपराध को रोकने और अपराधी को सुधारने के जितने काम आता है, उसका 'डंडा' उससे ज्यादा सबको डराने के काम आता ही है। थाना, कचहरी ही नहीं इन मामलों वाला गृह मंत्रालय भी हमारी नजर में खौफ और शासन करने वालों के 'इकबाल' से ही ज्यादा चलता है। जब 1837 में लार्ड मैकाले ने इस कानून की पहल की थी तब उनके लिए खौफ और इकबाल लक्ष्य थे, बेंथम के दर्शन के अनुसार, शासन को खड़ा रहने के लिए तरह-तरह के अपराधों के लिए खास तरह के दंड जरूरी थे और विभिन्न रजवाड़ों और मजहबों द्वारा चलाई जा रही न्याय प्रणालियों में एकरूपता लाने की जरूरत थी।

वर्ष 1860 में दंड संहिता अंतिम रूप में आई और तब से अब तक इसमें पचासों संशोधन की जरूरत अंगरेजों को और हम भारतीयों को हुई। जेल को सुधारगृह, किशोर कैदियों को अलग रखने की व्यवस्था, सजा का लक्ष्य अपराधी को सुधारना, फांसी की सजा पर रोक, दहेज हत्या, पुलिस हिरासत से तकलीफ, राजद्रोह के प्रावधान पर सवाल से लेकर मानवाधिकार के सवालों को उठाया गया है या कानून में बदलाव हुए हैं। इस बीच दुनिया में 'दण्ड' की जगह व्यवहार सुधारने और ज्यादा-से-ज्यादा वित्तीय जुर्माने या दोषियों पर दूसरे दबाव बनाने (जैसे-वाहन लाइसेंस स्थगित या रद्द करना, पासपोर्ट पर सख्ती, पेशा वाला कार्ड रद्द करना) के काम हुए हैं।

दूसरी तरफ, हमने डंडा से सुधार (हालांकि हमने भी इस बीच पुलिस के 'थर्ड डिग्री' इलाज पर रोक लगाई है), वर्दी से खौफ, सुरक्षा गार्डों से इज्जत, ब्लैक कैट से राजनैतिक शान की व्यवस्था इतनी मजबूत कर ली है कि यह हमारे दिमागों में बैठ गई है। नए कानून के हिन्दी नाम में 'न्याय' को प्रमुखता जरूर दी गई है, लेकिन पुलिस हिरासत की संभावित अवधि पंद्रह दिन की जगह साठ दिन कर दी गई है, फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है, राजद्रोह के प्रावधानों को और सख्त किया गया है और 'माब लिंचिंग' (जिसका सीधा प्रावधान पहली बार हुआ है) के लिए सामान्य हत्या से कम सजा का प्रावधान किया गया है। ये बातें दंड की जगह न्याय और सुधार को प्राथमिकता दिए जाने की मंशा को हल्का बनाती हैं।

राजद्रोह वाला मामला तो खास है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों इसे समाप्त करना चाहा तो सरकार ने अदालत में भरोसा दिया था कि वह खुद इस पर पुनर्विचार कर रही है और वह जो नया कानून लाने जा रही है उसमें इसकी जरूरत नहीं रहेगी। अब जो नया कानून लाया जा रहा है उसमें सरकार के खिलाफ असंतोष वाली बात को तो नहीं रखा गया है, लेकिन देश की एकता और अखंडता वाले प्रावधानों को सख्त किया गया है। आपराधिक षडयन्त्र का प्रावधान अंग्रेजी हुकूमत ने 1913 में किया था और आज की सरकार को भी यह जरूरी लगता है, जबकि वह खुद राष्ट्रद्रोह और शासनद्रोह का फरक दिखाना चाहती है।

माना जाता है कि मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी-पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिस वाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है और इस आधार पर अदालत से अभियुक्त को जमानत न देने की गुहार लगा सकती है।

अपराधी भाग जाएगा, जांच को प्रभावित करेगा-जैसे तर्क पहले पंद्रह दिनों के लिए इस्तेमाल होते थे, अब साठ दिनों के लिए होंगे। इसमें भी अपराधी के चरित्र के आधार पर दो वर्ग बनाए गए हैं, लेकिन जब पुलिस का असर ज्यादा लंबे समय तक रहेगा तो मामले लंबा खिंचेंगे ही। हत्या और गैर-इरादतन हत्या की परिभाषाएं भी विवादास्पद हैं और इनसे सजा वाला पक्ष प्रबल होता है, सुधार या रोक वाला पक्ष नहीं।

हम पत्रकार भी कानून की रिपोर्टिंग करते हैं, खूब करते हैं और कई बार इसी चक्कर में उसकी चपेट में भी आते हैं। बल्कि इधर तो हर अखबार, हर चैनल में अदालती रिपोर्टिंग कई गुना बढ़ गई है। 'अदालत की अवमानना' नामक प्रावधान ऐसा है जिसमें मुक्ति की कोई राह नहीं है। अदालत अपने सारे फैसलों पर बार-बार पुनर्विचार करती है, लेकिन अवमानना के मामले में पत्रकारों के लिए कोई राहत नहीं है।

ऐसा ही एक मसला मानहानि का भी है और संपादकों (जिन पर खबर छापने की वैधानिक जिम्मेदारी होती है) का काफी सारा वक्त और ऊर्जा अदालती चक्करों में बीतता है। इस बार इनसे बचाव का कोई हिसाब नहीं रखा गया है, जबकि मानहानि कानून में दो-तीन बदलाव किए गए हैं। दूसरी ओर, 'हेट स्पीच' के मामले में कोई बदलाव नहीं है। समलैंगिकता, विवाहेत्तर संबंध और इनसे पैदा संतानों के अधिकार, ऐसा संबंध रखने वाली महिला के अधिकार को लेकर इधर काफी अच्छे और महत्वपूर्ण निर्णय सुप्रीम कोर्ट से आए हैं, पर व्यभिचार पर वही ईरानी नजरिया दिखाता है जिसकी दुनिया आलोचना करती है।

(सर्वोदय प्रेस सर्विस से)

## पावन प्रसंग

### अहंकार छोड़ें

न तो अन्न बुरा है और उसको खाना बुरा है। उसका हजम न हो पाना और हैजे के रूप में फूट निकलना व्यक्ति को कष्ट पहुंचाता है। संपदाएं बुरी नहीं हैं, उन्हें कमाना और अर्जित किया जाना चाहिए, लेकिन उसके कारण अपने को दूसरों से श्रेष्ठ समझना, उनका ऐसा भौंडा प्रदर्शन करना जिसका उद्देश्य दूसरों पर अपना बड़प्पन की छाप छोड़ना हो, अहंकार है। अहंकार यह प्रवृत्ति बताती है कि व्यक्ति संपदाओं को हजम नहीं कर पा रहा है और वह ओछेपन के रूप में फूटकर निकल रहा है। कहा जा चुका है कि संपदाएं बुरी नहीं हैं. पर उनका नशा बुरा है, जिसे अहंकार कहते हैं। चावल, जौ, गुड़ इनमें से कोई भी बुरा नहीं है। इन्हें विषयान्न कहते हैं, पर इन्हें सड़ाकर जब शराब बनाई जाती है। संपदा जब विकृत होकर किसी व्यक्ति के मन पर छा जाती है तो वह नशे जैसा प्रभाव उत्पन्न करती और मनुष्य उन्मत होकर उद्धत आचरण करने लगता है। संपदाओं की जब ऐसी ही प्रतिक्रिया होती है तो उसे अहंकार कहा जाता है। वह व्यक्ति जो अहंकार से ग्रसित होता है इस काम में पड़ जाता है कि वह उपलब्धियों के कारण दूसरों से बहुत बड़ा हो गया है। सबको उसकी संपदाओं और उपलब्धियों का विवरण जानना चाहिए तथा इसके आधार पर उसकी श्रेष्ठता स्वीकार करके सम्मान प्रदान करना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए वह विविधविध ऐसे आचरण करता, ऐसे प्रदर्शन करता है, जिससे लोग उसका बड़प्पन भूल न जाएं। तो फिर याद कर लें वह जो भी बातचीत करता है, उसमें उसका आधे से अधिक भाग तो आत्मप्रशंसा का होता है। बात-बात में अपने वैभव पराक्रम और बुद्धिमत्ता की चर्चा करता है, अपने को सफल सिद्ध करता है। यद्यपि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं होती।

शारीरिक दृष्टि से कोई व्यक्ति बलिष्ठ हो और उसमें बलिष्ठता का अहंकार उत्पन्न हो जाए तो प्राय: उसकी प्रतिक्रिया गुंडागर्दी के रूप में भी उभरती है। उसमें यही प्रवृत्ति काम करती है, लोग उसके बल पर अपना ध्यान केंद्रित करें, उसे सराहें। यह उद्देश्य अच्छे सद्कार्य कर के भी पूरा किया जा सकता था, पर ओछे मनुष्य का दृष्टिकोण इतना परिष्कृत कहां होता है? उसे यह बात कब सूझती है? उसमें इस प्रकार की योग्यता भी कहां रहती है? उद्दंडता उसके लिए सरल पड़ती है किसी का अपमान कर देना, उसे सताना, तोड़-फोड़ करना, अपशब्द कहना,अवज्ञा करना, उच्छृंखलता बरतना और मर्यादाओं का व्यतिक्रमण करना यही बात ओछे व्यक्ति आसानी से कर सकते हैं अत: वही वे करते हैं। किसी का रंग गोरा हो, छवि सुंदर हो तो उसके लिए इतराने के लिए यह भी बहुत है।

विद्या का अभिमान तो और भी विचित्र है। विद्या ददाति विनयं के अनुसार विद्या का फल विनय होना चाहिए, पर यदि विद्वान अविनयशील हो जाए, पग-पग पर अपने लिए सम्मान मांगे और चाहे, कहीं रत्ती भर कमी दिखे तो पारा चढ़ जाए, इस विचित्र मन:स्थिति में ही आज के विद्वान कलाकार देखे जाते हैं।

साधु- महात्मा कहे जाने वाले त्यागी व्यक्तियों में भी यह अहंकार उन्माद भरा देखा जा सकता है। अपने घरों पर, आश्रमों में वे अपने लिए ऊंची गद्दी बिछाते हैं और दूसरे आगंतुकों को नीचे बैठने की व्यवस्था करते हैं। यह कैसा अशिष्ट और असामाजिक तरीका है। दूसरों के घर में जाएं और वहां वे लोग ऊंचे आसन पर बिठाएं तथा खुद नीचे बैठें तो बात कुछ समझ में आती है, पर अपने घर आया हुआ अतिथि तो देव है, उसे अपने से नीचा आसन नहीं देना चाहिए। बड़प्पन का अर्थ दूसरों को छोटा समझना या उनका असम्मान करना नहीं है।

इस तथ्य को समझा जाना चाहिए और अहंकार को आत्मवाद के अर्थों में मानवीय गरिमा के रूप में प्रयुक्त करते हुए तदनुरूप जीवन-नीति अपनाना चाहिए, यही आत्मनिर्माण है, प्रगति का प्रथम सोपान है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### प्रतिभा पलायन : शिक्षा क्षेत्र में भारी आर्थिक और बौद्धिक क्षति

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं, इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की ही है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटें। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें। अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं, जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी-लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है। भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल है। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाएं, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वहीं के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती हैं। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप की 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था, इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिसकी उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-प्रतिशत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लगेगा। हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

**उल्टा पुल्टा**

बॉयफ्रेंड ने अपनी शेखी बघारते हुए गर्लफ्रेंड से कहा- मेरे पापा के सामने सब लोग कटोरा लेकर खड़े रहते हैं। गर्लफ्रेंड ने अचंभित होकर पूछा- आखिर तुम्हारे पापा करते क्या हैं?? बॉयफ्रेंड ने धीरे से कहा- वो, गोलगप्पे बेचते है।

## राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए आधी रात दिल्ली से पहुंचे अधिकारी

# सीयू में दीक्षांत समारोह का रिहर्सल आज

### सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद आइजी डॉ. आनंद छाबड़ा संभालेंगे

### राष्ट्रपति रतनपुर महामाया देवी मंदिर भी जाएंगी

**बिलासपुर ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर आधी रात नई दिल्ली से विशेष सुरक्षा अधिकारी पहुंचे। हेलीपेड से लेकर कार्यक्रम स्थल को अपने कब्जे में ले लिया। एक सितंबर को सुबह 10 बजे रजत जयंती सभागार में दीक्षा समारोह होगा। 31 अगस्त की सुबह 11 बजे इसका पूर्वाभ्यास होगा, जिसे लेकर मंगलवार को अधिकारियों की मैराथन बैठक चली। कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।

इधर विश्वविद्यालय सहित पूरा प्रशासन व्यवस्था बनाने और सुरक्षा को लेकर तैयारियों में जुटा रहा। सभागार में जैमर लगा होगा। सीसीटीवी से भी निगरानी की जाएगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा की दिल्ली से वीडियो मानिटरिंग भी की जा रही है।

यही सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नई दिल्ली से थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अधिकारियों की विशेष टीम आधी रात बिलासपुर पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था अब एसपीजी के हवाले हो चुका है। बताया जा रहा है कि उनकी बाहरी सुरक्षा के लिए दो दर्जन आईपीएस अफसरों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। अधिकारी बुधवार की सुबह होते ही मोर्चा संभाल लेंगे। कि समारोह में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह भी मौजूद रहेंगी।

### बेटियों को सबसे अधिक गोल्ड

समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021-22 की विभिन्न परीक्षाओं (स्नातक, स्नातकोत्तर व पत्रोपाधि) में मेरिट सूची में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही वह शोधार्थी जो एक जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 के मध्य् पीएचडी उपाधि हेतु पात्र गए हैं, शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 31 अगस्त, 2023 को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा।

28 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि तथा 76 विद्यार्थियों को स्वर्ण मंडित पदक प्रदान किया जाएगा। जिनमें विश्वविद्यालय पदक, चांसलर पदक एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय पदक तथा दानदाता पदक शामिल हैं। सबसे अधिक 45 छात्राओं को गोल्ड मेडल मिलेगा।

### आयुष और पंकज को मिलेगा कुलाधिपति एवं गुरु घासीदास पदक

सत्र 2021-2022 में आयुष ताम्रकार (बीए एलएलबी) को कुलाधिपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलाधिपति पदक विद्यार्थी के शैक्षणिक, खेल गतिविधियों, सामाजिक कार्यों में



योगदान तथा नेतृत्व कौशल के आधार पर सर्वांगीण प्रतिभा वाले छात्र को प्रदान किया जाता है। सत्र 2021-2022 में पंकज आर्या को गुरु घासीदास पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह पदक पूरे विश्वविद्यालय में समस्त संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को दिया जाता है।

### 28 विद्यार्थियों को मिली पीएचडी डिग्री

विश्वविद्यालय की 8 विद्यापीठों के 28 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। जिसमें कला विद्यापीठ-07, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ-02, भौतिकीय विज्ञान विद्यापीठ-04, जीव विज्ञान विद्यापीठ-03, प्रबंध एवं वाणिज्य विद्यापीठ-01, प्राकृतिक संसाधन विद्यापीठ-07, शिक्षा विद्यापीठ-03 एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ-01 के विद्यार्थी शामिल हैं।

### 10 विद्यार्थियों का दानदाता पदक मिलेंगे

दानदाता पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में 01. कर्णिका वर्मा, एमएससी वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान- स्वर्गीय श्रीमती लक्ष्मीदेवी-श्री फक्कीरचंद जी अग्रवाल स्मृति पदक, 02. पूर्वी जैन एमएससी वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान (वन प्रबंधन)- स्वर्गीय श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव स्मृति पदक, 03. ममता कौशिक एमएससी गणित- स्वर्गीय श्रीमती किशोरी देवी-स्वर्गीय श्री मुरलीधर पटेरिया स्मृति पदक, 04. कीर्ति सिंह एमबीए- स्वर्गीय श्रीमती सुमित्रा देवी- स्वर्गीय श्री दमरूलाल पटेरिया स्मृति पदक, 05. धनंजय कैवर्त्य एमए अर्थशास्त्र- स्वर्गीय श्रीमती सुलोचना देवी लखनलाल त्रिवेदी स्मृति पदक, 06. यामिनी सिंह एमए अर्थशास्त्र- स्वर्गीय श्रीमती सुलोचना देवी लखनलाल त्रिवेदी स्मृति पदक, 07. मनीष कुमार चंदन एमसीए एससी ध्एसटी वर्ग- स्वर्गीय श्रीमती शारदा-प्रोफेसर मनोरंजन प्रसाद सिन्हा स्मृति पदक, 08. पंकज आदिले एमसीए, एससी ध्एसटी वर्ग- स्वर्गीय श्रीमती शारदा-प्रोफेसर मनोरंजन प्रसाद सिन्हा स्मृति पदक, 09. अपर्णा निर्मलकर एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार- स्वर्गीय श्री रामगोपाल श्रीवास्तव स्मृति पदक एवं 10. अंकिता प्रसाद एमए अंग्रेजी- स्वर्गीय प्रोफेसर(डॉ.) एन.पी. श्रीवास्तव स्मृति पदक शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में दसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों लगभग पूर्ण कर लीं गई हैं। सुरक्षा एजेंसियां निर्धारित स्थान पर प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दसवें दीक्षांत समारोह के संयोजक प्रो. विशन सिंह राठौड़, सह-संयोजक प्रो. एम.एन. त्रिपाठी व परीक्षा नियंत्रक एच.एन. चौबे हैं।

### कुलपति लेंगे आज मैराथन बैठक

दीक्षा समारोह को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल मैराथन बैठक लेंगे। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्ष के अलावा समारोह की तैयारियों को लेकर बनाए गए एक दर्जन से अधिक कमेटी के सदस्यों सहित प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। रिहर्सल से लेकर कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा पाइंट टू पाइंट फाइनल होगा। इस बीच कलेक्टर, आइजी, एसपी, मेडिकल एवं सुरक्षा से जुड़े तमाम अधिकारी भी अपनी रिपोर्ट फाइनल करेंगे।

### 3000 जवानों की तैनाती

रतनपुर मार्ग में बढ़ी चौकसी छत्तीसगढ़ में पहली बार आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर पुलिस प्रशासन भी चौकस है। एक सितंबर की सुबह नौ बजे से ही बिलासपुर-रतनपुर रोड को ब्लाक कर दिया जाएगा और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए करीब तीन हजार जवानों के साथ ही सशस्त्र बल की ड्यूटी लगाई जाएगी। राष्ट्रपति 31 अगस्त को राजधानी रायपुर पहुंचेंगी।

### केंद्रीय खुफिया एजेंसी की नजर

दूसरे दिन यानी एक सितंबर को पहले रनतपुर में महामाया देवी की पूजा-अर्चना करेंगी। फिर गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में उनका हेलिकाप्टर उतरेगा। विश्वविद्यालय और रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ही स्थानीय व केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व जवानों की तैनाती रहेगी।

### आइजी ने किया निरीक्षण, समीक्षा बैठक आज

राष्ट्रपति आगमन की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद आइजी डा. आनंद छाबड़ा संभाल रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ ही रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर लिया है। साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस अफसरों को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए हैं, जिसकी समीक्षा करने व तैयारियों की जानकारी लेने के लिए बुधवार को भी पुलिस अफसरों की बैठक लेंगे।

## संपादकीय

### राजनैतिक चेतना की नई बयार

*जीवन का कोई भी क्षेत्र हो एकरसता उदासी भी लाती है। पांच साल पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी। पार्टी ने लगातार 15 साल सरकार चलाई। वर्ष 218 में चुनाव हुए तो लोगों ने परिवर्तन के लिए मतदान किया। यह परिवर्तन ऐसा था जैसे भाजपा सरकार से कोई बड़ी नाराजगी हो। तीनों बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली पार्टी 9 सदस्यीय विधानसभा में 15 सीटों पर सिमट गई। राज्य में जब कुछ माह बाद आम चुनाव होने वाले हैं, एक नई राजनीतिक चेतना दिखाई दे रही है। राजनीति में इस तरह का बदलाव सरकारें बदलने से आती ही है। कई राज्य इसके उदाहरण हैं। राजनीतिक दलों के सभा-सम्मेलनों में अधिक भीड़ जुट रही है। टिकिट के दावेदारों की भी लंबी लिस्ट तैयार हो रही है। इनमें दो राय नहीं कि इस बार का चुनाव पिछले चुनावों से एकदम अलग होगा। राजनीतिक दलों को एक-एक सीट पर जीत के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाना होगा। भितरघातियों की भी कमी नहीं होगी। ऐसे में पाटियों के लिए अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखना होगा तभी बाजी हाथ लग सकती है। पार्टियों के शीर्ष नेताओं को अभी से इसका अनुमान भी हो गया है और चेतावनियां भी जारी की जा रही हैं। चुनावों को लेकर आम लोगों में जैसी राजनैतिक चेतना दिखाई दे रही उसमें राज्य के चुनावी इतिहास की लिहाज से कांग्रेस- भाजपा को छोड़ दूसरे दलों के लिए इस बार भी संभावनाएं बहुत कम है।*

*हालांकि इस चुनाव में दूसरी पार्टियां भी पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार दिखाई दे रही है। सत्ता में वापसी के लिए भाजपा ने अच्छा होमवर्क किया है। वह 9 में से 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इन प्रत्याशियों को लेकर कहा जा रहा है कि इनके नामों के ऐलान से पहले उनके जीतने की संभावनाओं के हर पहलू पर पार्टी ने विचार किया है। कई नए चेहरों को पार्टी ने मौका दिया है। सत्तारूढ कांग्रेस में पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर अभी मंथन चल रहा है। पार्टी टिकट के फैसले से पहले कांग्रेस ब्लॉक स्तर पर संगठन की सहमति ले रही है। पैनल तैयार कर जिला संगठन और फिर प्रदेश संगठन को भेजा जा रहा है। यह कोशिश की जा रही कि प्रत्याशियों के नाम के फैसले पर संगठन स्तर पर असहमति की कोई गुजाइंश नहीं रहेगी। यह कोशिश चुनावों में पार्टी को एकजुट रखने में मददगार हो सकती है। कांग्रेस अन्तर्विरोध के कारण ही वर्षों से सत्ता से बाहर रही। राज्य में कहा जाने लगाथा कि कांग्रेस को कोई और नहीं कांग्रेस के लोग ही हराते हैं।*

*वर्ष 218 के चुनावों में इस अन्तर्विरोध को दूर करने की कोशिश हुई और पार्टी ने 15 वर्षों के बाद सत्ता में वापसी की। राजनीतिक पार्टियों का अन्तर्विरोध एक सच्चाई है। जिसने इसे भांपकर काम किया उनकी जीत होती है। इस समय की जो चुनावी तस्वीर है उसमें चुनावों को लेकर सभी पार्टियां उत्साहित नजर आ रही है। अभी प्रत्याशियों के नामों का ऐलान होना बाकी है। प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद क्या तस्वीर बनेगी, सबकी नजर उस पर होगी। दोनों प्रमुख पार्टियों की जैसी तैयारी चल रही है उसमें मुकाबले की स्थिति बनती दिखाई दे रही है।*

## सार-संक्षेप

### शनिचरी रपटा चौक पर आज भोजली प्रतियोगिता

बिलासपुर। भोजली महोत्सव चांटीडीह के व्दारा शनिचरी रपटा चौक में पहली बार भोजली प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता 31 अगस्त को दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक शनिचरी रपटा चौक में होगी। प्रतियोगिता में शहर व आसपास के ग्रामीण अंचल से अधिक से अधिक प्रतिभागी महिलाओं की टोलियां शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार नगद 21,000 व्दितीय 17,000 तृतीय पुरस्कार नगद 15,000 के साथ शील्ड प्रदान किया जायेगा। चतुर्थ पुरस्कार नगद 12,000/- पंचम पुरस्कार नगद 10,000/- षष्ठम पुरस्कार नगद 7000/- सप्तम पुरस्कार 5000/- अष्ठम पुरस्कार नगद 3000/- नवम पुरस्कार नगद 2000/- दशम पुरस्कार 1000/-रुपए का होगा।

भोजली त्योहार पर परंपरा के अनुसार भोजली के दिन ही एक दूसरे के कान पर भोजली लगाकर मितान, मितानीन, महाप्रसाद बटे जाते हैं भोजली महोत्सव समिति के संयोजक विष्णु यादव ने कहा कि इस पर्व की परम्परा को बचाए रखने के लिए समिति ने इस प्रेरणा का आयोजन प्रतिवर्ष करने का निर्णय लिया है।

### भोजली महोत्सव पाली में शामिल होंगे डॉ. कृष्ण मूर्ति बांधी



**बिलासपुर ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अगस्त को भोजली पर्व का आयोजन ग्राम पंचायत- पाली में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जिसमें भोजली पर्व को लेकर ग्राम पाली मे खुशी का माहौल बना हुआ है भोजली महोत्सव के लिए मुख्य अतिथि मान. डॉ.कृष्ण मूर्ति बांधी विधायक मस्तूरी विधानसभा को आमंत्रण दिया गया जिसमे भोजली समिति के अध्यक्ष कमल पटेल ने तैयारी को लेकर समिति गठन किया गया जिसमें पूरे ग्रामवाशियों का सहयोग प्रदान करने की बात कही ।कार्यक्रम का रूप रेखा टीकाराम पोर्ते सरपंच प्रतिनिधि, धनेश रजक, राकेश केवट पंच जगत राम केवट पंच, अशोक यादव ज्ञानदीप चंद्रा पंच, शोभित केंवट पंच कमलेश यादव राजेश पटेल, राधेश्याम पटेल पंच, अनुराग पटेल आदि द्वारा कार्यक्रम का तैयारी किया जा रहा है ।जिसमे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को विशेष पुरुस्कार, व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा।

## ब्लेड से हमला कर किया भाई-बहन को लहूलुहान



**बिलासपुर ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जरहाभाटा शिव मंदिर के पीछे रहने वाले सिद्धार्थ यादव अपने घर के बाहर अपने परिवार के साथ खड़ा था इसी बीच जरहाभाटा निवासी श्यामू यादव सिद्धार्थ के घर के सामने ही गाली गलौज कर रहा था मना करने पर श्यामू यादव ने अपने पास रखें ब्लेड से उस पर वार कर दिया।

जिससे सिद्धार्थ यादव के गर्दन् में चोट आई है, वही बीच बचाव कर रही सिद्धार्थ की बहन प्रिया यादव के नाक पर भी वार कर दिया घटना में दोनों भाई बहनों को गंभीर चोटे आई है, घटना की जानकारी लगते ही सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी श्यामू यादव को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं घायलों का इलाज हॉस्पिटल में चल रहा है।

## एनआरआई डॉक्टर बनकर युवती को लगाया 21 लाख का चूना, साइबर थाना में ठगी का मामला दर्ज

### मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से बना था संपर्क

**बिलासपुर ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर ठग अलग-अलग विधि से लोगों को ठगते हैं, इसमें मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से भी ठगी के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बिलासपुर में सामने आया है। बिलासपुर के उसलापुर में रहने वाली कविता नाम की युवती का संपर्क मैट्रिमोनियल साइट shaadi.com के माध्यम से एक मोबाइल धारक से हुआ, जिसने खुद को एनआरआई डॉक्टर बताया और भारत आकर अस्पताल खोलने और युवती के साथ विवाह करने की बात कही। कविता उसके झांसे में आ गई और उस पर भरोसा कर लिया । एक दिन उस व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि वह भारत आने के दौरान एयरपोर्ट में फस गया है और उसे कुछ रुपयों की जरूरत



है। एनआरआई डॉक्टर से विवाह करने की इच्छा में युवती उसके झांसे में आ गई और उसने उस पर भरोसा कर उसे 20 लाख 86 हज़ार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए, लेकिन इसके बाद उस मोबाइल धारक ने युवती से संपर्क ही तोड़ लिया। वैसे भी बिलासपुर की युवती का उस व्यक्ति से संपर्क केवल मोबाइल के माध्यम से ही था। इसके बाद युवती को अपने ठगे जाने का एहसास हुआ और उसने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस ने आम लोगों को भी ताकीद की है कि मैट्रिमोनियल साइट पर फर्जीवाड़े की खबरें देश भर में आ रही है। इससे बचने के लिए कुछ उपाय पुलिस ने सुझाये है। किसी भी साइट्स में प्रोफाइल फाइनल करने के बाद उस शख्स के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए छानबीन जरूर करें । किसी भी नए शख्स के साथ ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने से बचे। अगर कोई रिश्ते के नाम पर आपसे पैसे मांगता है। तो आपको वही सावधान हो जाना चाहिए। यह भी सुनिश्चित कर ले कि व्यक्ति ने जो वजह बताई है वह सच है या नहीं, इसके बाद ही पैसे दे। केवल मैट्रिमोनियल साइट ही नहीं अलग-अलग सोशल मीडिया के माध्यम से भी उस व्यक्ति से संपर्क बनाए, जिससे कि उसकी पहचान स्पष्ट हो सके। सामने वाले के बारे में जानने के लिए उसके गांव, शहर, राज्य के अन्य लोगों का संपर्क निकाल कर ऑफलाइन भी जानकारी इकट्ठा करें। इससे ही आप सुरक्षित रह सकते हैं।

## इस वर्ष से एक ही तिथि पर सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

### गणेश समितियों ने सर्वसम्मति से लिया निर्णय

**बिलासपुर ,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में होने वाले गणेश विसर्जन की झांकी मनोहरी होती है और इसे देखने हजारों की संख्या में लोग सड़को पर उमड़ते हैं, लेकिन कई बार यह भी लगता है कि इस दौरान धार्मिक परंपराओं का उल्लंघन हो रहा है । आजकल की कानफोडू ध्वनि के साथ विसर्जन में शामिल लोग शराब पीकर अपने ही धर्म पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं । वही नियम विरुद्ध पंचक लग जाने के बाद या फिर पितर पक्ष में भी गणेश विसर्जन का क्रम चलता रहता है। इसे लेकर अब हिंदू समाज सजग हो रहा है। इसी विषय पर किसी निर्णय पर पहुंचने की इच्छा के साथ मंगलवार को बिलासपुर के खाटू श्याम मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया। कई गणेश समितियां इसमे शामिल हुई, जहां एक राय में भगवान गणेश का



विसर्जन 10 दिन के उत्सव के बाद 11 वे दिन अनंत चतुर्दशी पर करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

चर्चा के दौरान यह बात भी सामने आयी कि कई समितियां विसर्जन में केवल इसलिए विलंब करती है क्योंकि उन्हें मनचाहा डीजे नहीं मिल पाता। लेकिन यह धर्म विरुद्ध आचरण है। दुर्गा पूजा की तरह गणेश उत्सव में भी सनातनी नियमों का पालन आवश्यक है। श्री श्याम मंदिर में आयोजित बैठक में बिलासपुर की अधिकांश गणेश समितियां और उनके पदाधिकारी शामिल हुए, जिन लोगों ने यह भी निर्णय लिया की विसर्जन के दौरान डीजे में बजने वाले फिल्मी और फूहड़ गाने बजाने, विसर्जन के दौरान शराब पीने, नशाखोरी करने से भी समितियां को रोकना होगा। साथ ही कहा गया कि समितियां ही नहीं बिलासपुर के प्रत्येक नागरिक और सनातनी का भी यह धर्म है कि वे अपनी परंपराओं को मर्यादित रखें, जिससे कि किसी को भी इस पर उंगली उठाने का अवसर न मिल सके। अन्य गणेश समितियां तक भी यह जानकारी पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में आगामी 29 सितंबर को एक साथ सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन समिति द्वारा करने पर सहमति बनी है। विसर्जन के लिए गोल बाजार, कोतवाली चौक, जूना बिलासपुर होते हुए पचरी घाट का मार्ग तय किया गया है। इस अवसर पर पांच या छह जगह स्वागत मंच बनाए जाएंगे।

संभव है कि बड़ी गणेश समितियां इस निर्णय का पालन करें, लेकिन गणेश चतुर्थी पर एक दिन, तीन दिन, पांच दिन, सात दिन का गणेश स्थापित किया जाता है और गणेश चतुर्थी के अगले दिन से ही विसर्जन का भी क्रम आरंभ हो जाता है। इसलिए 100% नियम पालन की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन अगर बड़ी समितियां भी नियम का पालन करें तो भी काफी हद तक धर्म रक्षा संभव है। शहर की संकरी गलियों में डीजे की कानफोडू ध्वनि बुजुर्ग और बीमार लोगों को बेहद परेशान करती है। राहगीर भी इससे परेशान होते हैं। शहर की सड़कों पर जाम लग जाता है। इससे बचने की आवश्यकता है । उत्सव खुशियां लेकर आते है और दूसरे को परेशान कर खुशियां मनाना सनातन नहीं सिखाता।

## सार-संक्षेप

### कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम पर हुई कार्यशाला

**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं डीएल कटकवार अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में उच्चतम न्यायालय के निर्णय अरलिनों फर्नांडिज बनाम स्टेट ऑफ गोवा में दिए गए निर्णय कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम से संबंधित अधिनियम के बारे में विधिक जागरुकता हेतु कुमारी श्वेता मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश पाली के द्वारा नगर पंचायत भवन पाली में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कुमारी श्वेता मिश्रा, व्यवहार न्यायाधीश द्वारा उपस्थित महिलाओं को अरलिनों फर्नाडिज बनाम स्टेट ऑफ गोवा के निर्णय के आलोक में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न के संबंध में जानकारी देते हुए कामकाजी महिलाओं का यौन उत्पीड़न का आशय स्पष्ट करते हुए यौन उत्पीड़न संबंधी निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत आप आवेदन कब, कहां और कैसे कर सकते हैं बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया तथा पीड़ित महिला को पहुंचाए गए मानसिक आघात, पीड़ा, यातना और भावनात्मक कष्ट, लैंगिक उत्पीड़न की घटना के कारण वृत्ति के अवसर की हानि पीड़ित द्वारा शारीरिक या मानसिक चिकित्सीय उपचार हेतु उपगत चिकित्सा व्यय को कैसे प्राप्त कर सकती है की जानकारी प्रदान की गई। उक्त अधिनियम के संबंध में उपस्थित महिलाओं के विभिन्न विधिक सवालों का जवाब दिया गया। पैरालीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा उक्त अधिनियम से संबंधित पाम्पलेट का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर पाली क्षेत्र की आंगनबाडी कार्यकर्ता तथा विभिन्न कार्यालयों की महिला कर्मचारी एवं तालुक विधिक सेवा समिति पाली के पी.एल.व्ही. श्रीमती वचन मानिकपुरी एवं श्रीमती प्रतिक्षा शर्मा उपस्थित थे।

### पुनर्वास ग्राम में एनटीपीसी ने किया प्रोजेक्ट पवित्र का आयोजन




**कोरबा-जमनीपाली,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्राम गोपालपुर पुनर्वास में तीन दिवसीय महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट पवित्र का कार्यक्रम चलाया गया। व्यक्तित्व विकास केन्द्र कोरबा (आर्ट ऑफ लिविंग) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रोजेक्ट पवित्र का समापन 27 अगस्त को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। श्रीमति मधुमति राव,अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की उपस्थिति रही। शिविर में मासिक धर्म के दौरान होने वाली अनेकों समस्याओं के निदान व राहत के उपाय बताये गए। महिलाओं को योग आसन ,मुद्रा , भस्त्रिका,मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। लगभग 60 महिलाएं लाभान्वित हुईं। अध्यक्षा मैत्री महिला समिति ने सभी महिलाओं को शिविर में सिखाये गए नियमों का नियमित पालन करने हेतु प्रेरित करते हुए उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अपने सामाजिक कल्याण शाखा मैत्री बंधन के तहत मैत्री महिला समिति द्वारा शिविर में उपस्थित सभी महिलाओं को मेडिकल किट प्रदान किया गया। शिविर में मैत्री महिला समिति के अन्य पदाधिकारी, सीएसआर के प्रतिनिधि, व्यक्तित्व विकास केंद्र के पशिक्षक एवं गाँव के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थे।

### झेरिया यादव महासभा की सामाजिक परिचर्चा में शामिल हुए लखनलाल

**कोरबा**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा मंडल दर्री प्रवास कार्यक्रम के तहत कोरबा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन क्षेत्रीय झेरिया यादव महासभा शक्ति केंद्र के सामाजिक संगठन परिचर्चा में शामिल हुए। प्रवास पर पहुंचीं विधायक गायत्री देवी की उपस्थिति में समाज के पदाधिकारी व सदस्यों से विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सभी समाज के पदाधिकारीयों ने भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन का स्वागत किया। श्री देवांगन ने इस अवसर पर कहा कि कोरबा में जनसेवा के लिए आप सभी के समर्थन से भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे प्रत्याशी बनाया है। कोरबा विधानसभा आज भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर चुका है। कमीशनखोरी एवं घोटालों से कलंकित हो चुका है। क्षेत्र की जनता त्रस्त है कोरबा को विकसित एवं आधुनिकीकरण व राखड़ व प्रदूषण से मुक्त कोरबा के रूप में स्थापित करने के लिए भाजपा के सेवा सुशासन के प्रति सजग होकर मुझे आशीर्वाद दें। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक आलोक सिंह, मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, नारायण ठाकुर, नरेंद्र देवांगन, मनोज यादव, आशीष सोनवानी, जीवनलाल पटेल, आशीष पांडे, विजय मिरी, धनंजय कश्यप, कृष्णा जायसवाल, यादव समाज से अध्यक्ष कृष्णा यादव संरक्षक राधे लाल यादव पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष डॉ पुरुषोत्तम यादव, छत लाल यादव, जनपद सदस्य कटघोरा बैसाखू यादव, अनिल यादव, बुधवार शाय यादव, गजाधर यादव, बंसी लाल यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, हीरालाल यादव, साधु यादव, संतलाल रामदयाल फुलसाय, जयप्रकाश लंबोदर मालिक राम अभिजीत अन्य समाज से शनि राम भारिया विजय भारिया बबलू भारिया जगमोहन दास महेतरीन बाई उमा यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खेल दिवस पर बालिकाओं के लिये दौड स्पर्धा का हुआ आयोजन

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले के पुसौर ब्लॉक के ग्रामों में अदाणी फाऊंडेशन द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं में खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु दौड़ का आयोजन किया। अदाणी पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के तहत पास के ग्राम बड़े भंडार में स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय से रनभाटा गॉव के चैक तक कुल 5 किमी तक विशेषकर बालिकाओं हेतु इस दौड़ में ग्राम बड़े भंडार, छोटे भंडार, सिलाड़ी, बुनगा, सरवानी, इत्यादि ग्रामों की युवतियों और प्राथमिक तथा मिडील स्कूलों की छात्राओं सहित 100 से अधिक लोग शामिल हुए। प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत के हॉकी खेल के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के खेल नायकों और चैंपियनों को भी समर्पित है, जो देश को गौरव दिलाने में उनके योगदान और समर्पण का सम्मान करते हैं। इस दौड़ में प्रथम स्थान कुमारी धनकुंवर सिदार ग्राम सिलाड़ी, द्वितीय स्थान कुमारी पुष्पा मैत्री ग्राम बुनगा एवं तृतीय स्थान कुमारी अनीता सिदार ग्राम सरवानी को प्राप्त हुआ जिन्हें मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। बालिकाओं में खेल को प्रोत्साहित करने के लिए अदाणी फाऊंडेशन द्वारा क्षेत्र में कब्बड़ी प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें 50 से अधिक बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# भद्रा के साए में मनाया गया रक्षाबंधन, भाइयों की सजी कलाई



### आज भी बहनें बांधेगी रक्षासूत्र

**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। भद्रा की काली छाया का समय शुरू होने से पहले और छाया खत्म होने के बाद के अल्प मुहुर्त में रक्षाबंधन का त्योहार परंपरागत मनाया गया। ऊर्जाधानी में भी बहनें अपने भाईयों को रक्षासूत्र बांधने के लिए उत्सुक रही। समय की कमी होने के कारण अनेक भाईयों की कलाई आज सूनी रह गई जिन्हें कल 31 अगस्त को रक्षासूत्र बांधा जाएगा।

भाई-बहन के पवित्र स्नेह और अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन ऊर्जाधानी में हर्षोल्लासपूर्वक परंपरागत मनाया गया। सुबह 10 बजे तक और रात को 9 बजे से 12 बजे के मध्य रक्षाबंधन के लिए शुभ मुहुर्त ज्योतिषों और पंडितों के द्वारा बताया गया था। इसके अनुसार निर्धारित किए गए मुहुर्त की समय सीमा में बहनों ने भाईयों को राखी बांधी। कम समय में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने की आपाधापी मची रही जिसके कारण अनेक लोगों ने तय किया कि वे 31 अगस्त को सुबह से पूरे दिन रहने वाले मुहुर्त में त्योहार मनाएंगे। त्योहार की चहल-पहल बाजारों में बनी रही। मिठाई की दुकानों से लेकर कपड़ों और सराफा दुकानों में बहनों के लिए उपहार खरीदने भाई पहुंचते रहे। बहनों ने तिलक वंदन कर आरती उतारने के पश्चात भाईयों की कलाई में राखी बांधी। बहनों ने भाईयों को आशीर्वाद दिया और भाईयों ने बहनों को यथासंभव उपहार भेंट दिया।

### वृक्षों को राखी बांधकर लिया सुरक्षा का संकल्प



शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बालिका स्वयंसेवकों ने रक्षाबंधन पर वृक्षों को राखी बाँधकर सुरक्षा का संकल्प लिया। स्वयंसेवकों का मानना है कि पेड़ जीवनदायिनी ऑक्सीजन का सबसे बड़ा प्रदाता है। वृक्षों की सुरक्षा करके न केवल मानव जाति अपितु सम्पूर्ण जीव जगत की सुरक्षा की जा सकती है। इससे पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, प्रोफेसर वायके तिवारी जिला संगठक कोरबा, डॉ. मदनमोहन जोशी प्राचार्य के सतत मार्गदर्शन एवं संरक्षण में स्वयंसेवकों द्वारा लगातार नवाचार के माध्यम से सामुदायिक हित की भावना को लेकर कार्य किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. पूनम ओझा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवदयाल पटेल एवं प्रतिमा कँवर ने मार्गदर्शन दिया। स्वयंसेवकों में बिंदु पटेल, अंजनी पटेल, कशिश आदित्य, तान्या जायसवाल, रागिनी विश्वकर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

### आरएसएस ने अनेक स्थानों पर मनाया रक्षाबंधन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रक्षाबंधन पर विभिन्न सरोकार दिखाये। विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने रक्षाबंधन को पौराणिक से लेकर वर्तमान संदर्भ में रेखांकित किया। द्वापर युग में सुदर्शन चक्र चलाने के दौरान भगवान कृष्ण की अंगुली को क्षति पहुंचने पर द्रौपदी ने बिना देर किये अपनी साड़ी के एक हिस्से को फाड़कर श्रीकृष्ण के तर्जनी पर पट्टी कर उनकी रक्षा की थी। समय आने पर श्री कृष्ण ने चीरहरण की घटना के दौरान साड़ी को बढ़ाकर न केवल सहायता की बल्कि अस्मियता का सम्मान किया। चिरंतन काल से रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता रहा है। संघ में भी राष्ट्र की रक्षा,समाज की रक्षा और समाज से भेदभाव हटाकर सामाजिक समरसता का भाव जगाने के लिए ही इस उत्सव को मनाने की परंपरा है। इस कड़ी में हेमंत माहुलीकर, नरसिंह शास्त्री, सत्येन्द्रनाथ दुबे, भानु साहू, सह बौद्धिक प्रमुख नागेंद्र वशिष्ठ, कैलाश नाहक, योगेश्वर, केशव, अरुण कौशिल, प्रवीण रॉय, डॉ. राजीव गुप्ता, अरविंद स्वर्णकार, डॉ. विशाल उपाध्याय मुख्य वक्ता थे। चिमनीभट्टा, मैग्जिनभाठा, रामपुर, खरमोरा के अटल आवास, काशीनगर, खपराभट्ठा समेत अनेक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम किये गये। सेवा बस्तियों में स्वयं सेवकों ने नागरिकों को रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया।

### बिल्ली को बचाने के चक्कर में एक भाई की मौत, दूसरा गंभीर

**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। बाइक सवार दो भाई बिल्ली को बचाने के चक्कर में सड़क हादसे के शिकार हो गए। एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामला दर्री थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवारी बस्ती निवासी अजय चौहान 24 वर्ष जो कि एनटीपीसी में नियोजित ठेका कंपनी में कार्यरत था, वह अपने भाई संजय चौहान 18 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर रक्षाबंधन के लिए खरीदारी करने कोरबा आ रहा था। इस दौरान दर्री-लाटा मुख्य मार्ग पर बाइक के सामने अचानक से एक बिल्ली आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे पाइप लाइन से जा टकराई। हादसे में अजय चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल संजय का इलाज अस्पताल में जारी है। इस घटना में उसके परिवार पर रक्षाबंधन के त्योहार में दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है वहीं बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में विजय को मिला नया जीवन




**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। राताखार निवासी विजय साहू को निहारिका स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में नया जीवन मिला है। विजय साहू कमर की चोट के कारण चलने-फिरने में समर्थ था एवं मल-मूत्र नियंत्रण भी खो देता थ। उसका सफल ऑपरेशन सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में किया गया।

डायरेक्टर डॉ. शतदल नाथ ने बताया कि राताखार निवासी विजय साहू के वाहन दुर्घटना से ग्रसित होने के कारण कमर की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ था। फ्रैक्चर के कारण नस दबने से मरीज मल एवं मूत्र का नियंत्रण भी खो देता था। वह लगभग 17 दिन तक प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में इलाज हेतु घूमता रहा लेकिन मरीज को संतोषजनक उपचार नहीं मिला। अंत में थक-हार कर परिजन उसे सिद्धिविनायक हॉस्पिटल लेकर आए। यहां डॉ. शतदल नाथ अस्थि रोग विशेषज्ञ ने मरीज का गहन जांच किया। एमआरआई में मरीज के लंबर दो में फ्रैक्चर पाया गया एवं फ्रैक्चर के विखंडित टुकड़ों द्वारा नसों एवं मेरुदंड का दबाव पाया गया। डॉ. नाथ व टीम ने मरीज के लिए एक विस्तृत ट्रीटमेंट की रूपरेखा तैयार किया जिसके अंतर्गत स्पाइनल डीकंप्रेशन अर्थात मेरुदंड का दबाव को हटाने एवं मेरुदंड की हड्डी को स्क्रू द्वारा जोड़ना जिसे वैज्ञानिक भाषा में ट्रांसपेंडिकुलर स्क्रू फिक्सेशन कहते हैं, इसके साथ-साथ टी लीफ पद्धति अर्थात ट्रांसफार्मिनल इंटर बॉडी फ्यूजन पद्धति से उपचार का निर्णय लिया गया। आश्चर्य का विषय रहा कि ऑपरेशन के एक हफ्ते बाद ही मरिज आंशिक रूप से अपने मल एवं मूत्र पर नियंत्रण करने लगा एवं पूर्ण रूप से लगभग एक महीने के अंदर स्वस्थ हो गया। डॉ. नाथ ने इस सफलता के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई देते हुए संकल्प लिया है कि आगे भी इस तरह के चैलेंजिंग केस करते रहेंगे जिससे कि कोरबा की जनता को लाभ मिले।

## बारिश से बचने ट्रेलर के पीछे बैठा, दबकर मौत

**कोरबा-कुसमुंडा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में आज शाम एक दर्दनाक हादसे में कोल ट्रांसपोर्ट के मुंशी की अकाल मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसमुंडा खदान में कार्यरत एक कोल ट्रांसपोर्ट में घुड़देवा थाना बांकीमोंगरा निवासी विनय मुंशी का काम करता था। आज शाम लगभग 4 बजे एकाएक बारिश शुरू हो गई और बारिश से बचने के लिए वह खदान क्षेत्र में खड़े एक ट्रेलर के पीछे जाकर बैठ गया। बारिश से बचने के लिए गए ट्रेलर का सहारा उसके लिए जानलेवा साबित हो गया जब ट्रेलर के चालक ने बिना जाने समझे वाहन को चालू कर पीछे की ओर किया और ट्रेलर के नीचे बैठा विनय पहिए तले कुचल गया। उसके सिर के ऊपर से पहिया पार हो गया और दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गई। मामले की जानकारी मिलने उपरांत यहां कर्मचारियों में शोक का वातावरण निर्मित हो गया। पुलिस ने पहुंचकर शव को उठवाया। उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई जो दौड़े-भागे वहां पहुंचे। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक पड़ताल की जा रही है।

## आम जनता के लिए नए कलेवर में अशोक वाटिका लोकार्पित



**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। टीपी नगर स्थित अशोक वाटिका उद्यान नए कलेवर में आम जनता के लिए लोकार्पित किया गया। राजस्व मंत्री ने फीता काटकर लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति श्यामसुंदर सोनी व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण व एल्डरमेनगण व विभिन्न समाजों के प्रमुख पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे। गौरतलब है कि जिला खनिज न्यास मद के लगभग 1202.73 लाख रूपये की लागत से स्टेडियम रोड स्थित अशोक वाटिका में आक्सीजोन का निर्माण किया गया है। सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए पर्यटन, मनोरंजन, स्वास्थ्य, योगा, प्राणायाम व खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं ओपन योगा, क्रिकेट ट्राफ (स्पोर्ट्स जोन), गार्डन, लैण्ड स्केपिंग, प्लांटेशन, उद्यानिकी, फाउण्टेन बबर्लर, चिल्ड्रन प्ले एरिया, रेस्टोरेंट (फूड जोन), इलेक्ट्रीशियन स्ट्रीट लाईटिंग एवं डेकोरेटिव लाईट, महिला-पुरूषों के लिए पृथक-पृथक टायलेट सुविधा, वाटरबाडी, बोरवेल सहित पम्प, इंटरनल पानी सप्लाई, बाउण्ड्रीवाल व भव्य प्रवेशद्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं, मूरम जोगिंग ट्रेक, स्टोन फाउण्टेन, पार्किंग एरिया सहित स्टाम्प्ड क्रांकीट इत्यादि का निर्माण कार्य किया गया है। शहरवासियों को स्वास्थ्य, सुंदर एवं आक्सीजोन गार्डन की सौगात इसके साथ मिली है। लोकार्पण के अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बालको चार्ज करेगा डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन

**कोरबा,** 3 अगस्त (देशबन्धु)। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अपने संयंत्र से गोपालपुर गांव तक 4॰॰ वोल्ट की डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन को चार्ज करने जा रहा है। यह लाइन वर्ष 2016 से चार्ज नहीं है। अब 4॰॰ वोल्ट डबल सर्किट ट्रांसमिशन 3 सितंबर को चार्ज किया जाएगा। इससे पहले बालको प्रबंधन के द्वारा उक्त ट्रांसमिशन लाइन के आसपास के स्थानीय नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी टॉवर पर न चढ़ें और टॉवर से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

# युवाओं को शारीरिक फिटनेस बनाने का मिलेगा मौका- देवांगन



### वार्ड 50 में पार्षद निधि से ओपन जिम का किया शुभारंभ

**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 50 में ओपन जिम का उद्घाटन किया। पार्षद श्रीमती कविता नारायण राजपूत के सकारात्मक प्रयास से पार्षद निधि से 10 लाख की लागत से एनटीपीसी टाउनशिप में सरस्वती शिशु मंदिर के समीप पार्क में ओपन जिम का शुभारंभ किया गया है।

मुख्य अतिथि लखनलाल देवांगन ने कहा कि आज के दौर में युवा वर्ग के लिए जिम अति आवश्यक है। कोरबा के युवा आज हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं। जिम खुलने से उन्हें अलग-अलग एक्सरसाइज के माध्यम से फिटनेस के साथ हेल्थ बनाने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। वार्डों में इस तरह के कार्यों से शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। उन्होंने वार्ड पार्षद श्रीमती कविता नारायण राजपूत को बधाई दी। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर, मंडल महामंत्री मनोज लहरे, संजय कुर्मवंशी, मनोज अग्रवाल, आशीष पांडेय, अनिल यादव, नीरज शर्मा, नरेंद्र वाकडे, विजय मिरी, जितेंद्र यादव, पार्षद गोलू पांडे, विजय साहू, पुष्पा कंवर, फिरत साहू, बुधवार साय, बलिराम साहू, नारायण राजपूत, धीरेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, अंजय अग्रवाल, दुर्गा यादव, मनहरण सिंह कंवर, जमुना दास महंत, मनहरण लाल यादव, बबलू जायसवाल, कर्मेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा, जनक राजपूत, नसीम खान, मनहरण कर्ष, प्रदीप राठौर आदि उपस्थित थे।

# आत्मदाह की कोशिश करने वाले 12 भू-विस्थापितों पर दर्ज हुआ मामला



**कोरबा,** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को कलेक्टर के जनदर्शन में आत्मदाह का प्रयास करने वाले 4 महिला, 8 पुरुष सहित कुल 12 भू-विस्थापितों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है।

इस मामले में कोरबा एसडीएम श्रीकांत वर्मा की तरफ से नायब तहसीलदार लक्ष्मण कुमार राठिया द्वारा रिपोर्ट सिविल लाइन थाना में दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 29 अगस्त 2023 को दोपहर 12.50 बजे कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम अन्तर्गत जिले से आये हुये प्रार्थियों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा था। उसी दौरान ग्राम चारपारा तहसील दर्री के रहने वाले 8 पुरुष एवं 4 महिलाओं द्वारा एकाएक बिना किसी पूर्व सूचना एवं चर्चा के अपने साथ प्लास्टिक बॉटल में भरकर लाये हुये ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालकर आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। उक्त पुरुष एवं महिला को वहाँ मौजूद अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोका गया। उक्त घटना की जानकारी जिला कार्यालय में पदस्थ दिनेश नाग अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा दिया गया। जिसके बाद तहसीलदार मनीष देव साहू के साथ वहां पहुँचकर घटना तथा तथ्यों की जानकारी ली गई। उक्त लोगों के इस कृत्य से जनदर्शन में किये जा रहे शासकीय कार्यों में बाधा भी कारित हुई है। आत्महत्या का प्रयास सहित शासकीय कार्यों में बाधा संबंधी अपराधों का संज्ञान लेते हुये उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किये जाने का अनुरोध नायब तहसीलदार द्वारा किया गया। लिखित शिकायत व रिपोर्ट पर आरोपी भू-विस्थापितों के विरुद्ध सिविल लाइन थाना रामपुर में धारा 186(शासकीय कार्य में बाधा), 309(आत्महत्या प्रयास) व 34 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। सभी को देर शाम मुचलका पर थाना से जमानत दे दी गई। बता दें कि एनटीपीसी की कोरबा परियोजना से प्रभावित ग्राम चारपारा के ये भू-विस्थापित है जो प्रबंधन से नौकरी और मुआवजा की मांग अपनी भूमि के एवज में कर रहे हैं।

### इन पर दर्ज हुआ है जुर्म

आरोपी बनाए गए भू-विस्थापितों में राजेन्द्र कुमार पटेल पिता बहारन लाल पटेल चारपारा कोहडिया, घसियाराम केंवट पिता कार्तिक राम केंवट चारपारा, गणेश कुमार केंवट पिता श्यामसुन्दर केंवट ग्राम रेकी, मथुरा राम केंवट पिता स्व. मनहरण सिंह केंवट ग्राम अण्डीकछार, रामायण प्रसाद केंवट पिता स्व. बहोरन केंवट डाड़पारा दर्री, दयालिक विश्वकर्मा पिता स्व. बिरझूराम विश्वकर्मा ग्राम कोरकोमा, सूरज कुमार केंवट पिता कृष्ण कुमार केंवट ग्राम रेकी, शुभम केंवट पिता विष्णु प्रसाद केंवट ग्राम डुमरडीह रजगामार, सोनी पटेल पति राजन पटेल ग्राम चारपारा कोहड़िया, कांति बाई केंवट पति श्यामसुन्दर, ग्राम रेकी, मोंगरा बाई केंवट पति स्व. मनहरण केंवट 60 वर्ष अण्डीकछार तथा सुमरीता बाई केंवट पति कृष्णा केंवट निवासी ग्राम रेकी शामिल हैं।

# सार-संक्षेप

## 1 सितंबर को घरघोडा भाजपा करेगी आर्थिक नाकेबंदी, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी घरघोड़ा और कुडुमकेला मंडल के गांवो के 145 समस्याओं को लेकर 1 सितम्बर को जामपाली , बरौद खदान बंद करके आर्थिक नाकेबंदी के साथ मे घरघोड़ा छाल मार्ग बायपास चैक में अनिश्चित कालीन चक्का जाम किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता संतोष राठिया ने बताया कि पिछले 2 वर्षो से धरना आंदोलन के बाद भी राज्य की भूपेश सरकार द्वारा किसी भी प्रकार कोई भी मांग को आज तक पूरा नहीं किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विगत 7 अगस्त को हजारों की संख्या में घरघोडा अनुविभागीय कार्यालय घेराव के बाद भी प्रशासन नही जगा है। बैहामुड़ा के फसल मुआवजा, बरौद के लोगो का असमान मुआवजा राशि , स्कूली बस दुर्घटना के बाद भी नो एंट्री नहीं करना, घरघोड़ा से टेरम कुडुमकेला तक बाई पास सड़क का निर्माण, घरघोड़ा में अपेक्स बैंक जैसे सैकड़ों समस्या का निदान को भाजपा कराना चाहती है। लेकिन छ ग की भूपेश सरकार के कान में जूं तक नही रेंग रही है जिसको देखते हुए आगामी 1 सितंबर को जामपाली और बरौद बिजारी खदान का प्रोडक्शन बंद कराया जायेगा और घरघोड़ा छाल रोड बाईपास में अनिश्चित कालीन चक्का जाम किया जायेगा जिसमे हजारों की संख्या में जनता शामिल होगी। चुनावी वर्ष में भाजपा लालजीत राठिया को घेरने के पूरे मूड में लगी है।

## युवक ने खाया जहर, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

रायगढ़ 30 अगस्त (देशबन्धु)। मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे एक युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी अस्पताल में मौत हो गई है। वहीं मामले को लेकर स्थानीय पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

उक्त घटना धरमजयगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर का है।जहां दिलीप राठिया पिता रतन राठिया कल सुबह 9 बजे के आसपास घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसके बाद परिजनों ने उसे धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है परिजनों ने बताया कि बीच बीच में मृतक अपना मानसिक संतुलन खो बैठता था और इसी तरह सोमवार को भी मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था ऐसे में युवक ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जहां एक तरफ उसकी मौत से परिजनों का हाल बेहाल है वहीं धरमजयगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## कन्या महाविद्यालय के अधूरे भवन को सुधारने की मांग

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर में एकमात्र कन्या महाविद्यालय में भवन की व्यापक समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा गया।

सौंपे गए ज्ञापन में अभाविप ने कॉलेज भवन के अधूरे निर्माण से होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा है कि लंबे समय से कॉलेज भवन का निर्माण अधूरा है लिहाजा यहां पढ़ने वाले छात्र हॉस्टल की कक्षा में बैठने को मजबूर हैं जिससे ना केवल छात्रों बल्कि उनके साथ साथ शिक्षकों को भी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए छात्र हित में इस भवन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अभाविप की नगर सहमंत्री प्रिया गुप्ता के नेतत्व में ज्ञापन सौंपा गया जिसमें नीलकंठ साहू , सौरभ नामदेव , रोशन महंत , लवली मिश्रा , रेशम चैधरी , संतोष केसरी , सत्यम , दिप , मोहित जाटवर , अजय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशीली दवाओं के साथ युवक गिरफ्तार

**बैकुंठपुर** 30 अगस्त (देशबन्धु)। कोरिया देशबन्धु जिला पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के निर्देशों के तहत चर्चा थाना क्षेत्र मेंअवैध नशे के कारोबार के प्रति कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बिक्री करने वाले नशे के सौदागरअखिलेश सिंह निवासी ग्राम संरडी थाना चर्चा से 129 नग व्यू प्रो नरफीन इंजेक्शन 26 नग कोडिंनसिरप 432 सुपर डॉन कैप्सूल 8 नग एविल इंजेक्शन अवैध रूप से अपने घर में रखकर नशा करनेवालों को बिकी करने के लिए रखा था कि मुखबिर की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे निरीक्षक अनिल किंडो द्वारा ग्राम सरदी में उसके घर छापा मारकर कार्यवाही की गई,इस दौरान उनके साथ सहायक उप निरीक्षक हीरालाल कुजूर, समृद्ध मरावी प्रधान आरक्षक सत्येंद्र तिवारी, गीता लकड़ा ,आरक्षक विकास सिंह, अमित भारद्वाज ,राजेश रगड़ा के द्वारा कार्यवाही किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा न्यायिक डिमांड पर विशेष न्यायालय बैकुंठपुर कोरिया को भेजा पेश किया गया।

## साहू समाज विकास के पथ पर अग्रसर- प्रकाश नायक

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। साहू समाज की एकजुटता काबिलेतारीफ है। जो बरमकेला ब्लॉक के कई ग्राम पंचायतों में निवासरत है।जिनका मुख्य कार्य तेल व्यवसाय से जुड़ा है। परंतु वर्तमान में साहू समाज सभी क्षेत्रों में बढ़चढ भागीदारी निभाते हुए आगे बढ़ रहा है।

उक्त बाते विधायक प्रकाश नायक द्वारा नगर पंचायत सरिया में तहसील साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में कही गई।वही उन्होंने आगे अपनी बात रखते हुए बताया कि मेरे द्वारा सदैव आप लोगो के समाज द्वारा बताए गए विकास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए पूरा किया गया है।वही विधायक प्रकाश नायक द्वारा उन्होंने मंच के माध्यम से साहू समाज के लोगो को भविष्य में भी किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर तैयार रहने आश्वत किया गया। गौरतलब हो कि बरमकेला ब्लॉक में आयोजित तहसील साहू समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक प्रकाश नायक का साहू समाज के पदाधिकारियों द्वारा फूल मालाओं के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत सत्कार किया गया।जहा विधायक द्वारा समस्त नए पदाधिकारियों को शुभकामनाए प्रदान करते हुए समाज के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने उम्मीद जताई गई।

## चोरी की स्कूटी में घूमते पकड़ाया

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। जूटमिल पुलिस द्वारा स्कूटी चोरी मामले में कल आरोपी रविदास महंत पिता करमनदास महंत उम्र 23 साल निवासी बड़े रामपुर दर्रीडिपा थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पिछले डेढ़ साल से चोरी की स्कूटी का नंबर प्लेट निकालकर उपयोग कर रहा था, स्कूटी में खराबी आने पर आरोपी स्कूटी बनने होण्डा शोरूम में दिया जहां शोरूम से वाहन मालिक को फोन गया और आरोपी पकड़ा गया।

मिली जानकारी के मुताबिक सावित्री नगर कॉलोनी जूटमिल के रहने वाले पंकज कांत पटेल (32 साल) द्वारा 21 नवंबर 2021 को उसकी स्कूटी एक्टिवा 125 सीजी 13 ए.एम. 2038 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट तत्कालीन चैकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में दर्ज कराया गया था, काफी खोजबीन पतासाजी उपरांत माल मुलाजिम का पता नहीं चलने से जूटमिल पुलिस मामले में खात्मा चाक किया गया था। बीते दिनों होंडा शोरूम में एक बिना नंबर स्कूटी बनने के लिए आई जहां स्कूटी में नए पार्ट्स की आवश्यकता पर शोरूम से चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक को कॉल किया गया।

# पुलिस ने लौटाया दो सौ लोगों गुम हुआ मोबाइल

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। गुम और चोरी हुए मोबाइलों को ट्रेस करने और रिकव्हर करने की कार्यवाही में रायगढ़ साइबर सेल की कार्यवाही बेहद उम्दा रही है। साइबर सेल के गठन के पश्चात साइबर सेल की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर अब तक रिकॉर्ड 1600 से अधिक गुम और चोरी हुए मोबाइलों को खोजकर उनके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया गया है। अब तक रिकव्हर किये गये गुम मोबाइलों का बाजार मूल्य आंका जाए तो करीब पौने दो करोड रुपए के लगभग होगा।

जिले में साइबर सेल तथा थाना, चैकी को गुम और चोरी मोबाइलों के संबंध में लगातार आवेदन प्राप्त हो रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल की टीम को उनके दैनिक कार्यों के साथ गुम और चोरी हुए मोबाइलों के खोजबीन की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।




एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ध्सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा लगातार अपने मातहत स्टाफ के साथ मिलकर गुमध्चोरी की पतासाजी में लगे हुये हैं जिससे विगत 3 महीनों में साइबर सेल की टीम को 203 गुम चोरी हुए मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता मिली है जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 31 लाख 28 हजार रुपए है। सायबर सेल द्वारा रिकवर किए गए मोबाइल छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल बिहार से रिकवर किया गया है जहां ये मोबाइल संचालित हो रहे थे जिसे साइबर सेल स्टाफ द्वारा संपर्क कर उन्हें और चोरीध्गुम हुए मोबाइल के उपयोग करने के संबंध में कानूनी कार्यवाही की जानकारी देकर उनसे पोस्टल के माध्यम से अथवा नजदीकी थानों के स्टाफ से रिकवर किए गए हैं। रिकवर किए गए मोबाइलों में कई महंगे सेट आईफोन, वीवो, रेडमी, सैमसंग, रियलमी, के महंगे सेट भी है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा पिछले 10 मई को पुलिस कंट्रोल रूम में सैकड़ो मोबाइलों का वितरण अपने हाथों से किया गया था। इसी क्रम में आज पुलिस कंट्रोल रूम में डीआईजी रायगढ़ रेंज रायगढ़ राम गोपाल गर्ग एवं एसएसपी रायगढ़ सदानंद कुमार व उप पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडबलू) श्रीमती निकिता तिवारी द्वारा उन्होंने रिकवर किए गए 203 मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को लौट कर उन्हें प्राखी का तोहफाष् दिया गया है। मोबाइल लौटाते हुये उनके मलिकों को मोबाइल संभाल कर रखने और दोबारा नहीं गुमने कहा गया और मोबाइल उपयोग के पूर्व उन्हें एक बार फॉर्मेट कर उपयोग करने की सलाह दिए हैं। कई मोबाइल स्वामी ने बताया कि वे अपने मोबाइल वापसी की उम्मीद खो चुके थे, वे उन्हें दोबारा पाकर रायगढ़ पुलिस के द्वारा रक्षाबंधन का गिफ्ट कहते हंसते मुस्कुराते रायगढ़ पुलिस को धन्यवाद देकर जा रहे हैं।

एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा मीडिया के माध्यम से संदेश दिया गया कि जिन्हें भी अन्य किसी का मोबाइल प्राप्त होता है उसे नजदीकी थाने में जमा करें, दूसरों की मोबाइल का गलत उपयोग ना करें। कभी

### मुख्यमंत्री बघेल ने वर्चुअल माध्यम से युवाओं को दी शुभकामनाएं

# जिले के 3304 बेरोजगारों के खाते में 82.60 लाख आए

## आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों को मिला नियुक्ति प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से से बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों के खाते में पांचवी किस्त की राशि का अंतरण किया। साथ ही इस कार्यक्रम के जरिए शासन द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदों की संख्या 920 पर प्रथम चरण के सत्यापन उपरांत 82 नियुक्ति आदेश जारी किये गए हैं। इनमें सरगुजा संभाग से 12 आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

शासन द्वारा बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण से जोड़कर उनके रोजगार हेतु भी विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश के युवाओं को डिमांड आधारित नए ट्रेड में प्रशिक्षित करने टाटा टेक्नोलॉजिस के साथ 36 आईटीआई के उन्नयन का एमओयू किया गया है । इससे युवाओं को ट्रेनिंग का सुनहरा अवसर मिलेगा।

वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी बापी विश्वास से बात की।मुख्यमंत्री से बात करते हुए बापी विश्वास ने बताया कि उनका चयन आई टी आई अम्बिकापुर में प्रशिक्षण अधिकारी डीजल मैकेनिक के पद पर हुआ है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित गति से हुई है। त्यौहार के दिन युवाओं को शासन द्वारा बड़ी सौगात मिली है इसके लिए तहेदिल से धन्यवाद करते हैं। बेरोज़गारी भत्ता योजना के तहत सरगुजा जिले के 3 हजार 304 हितग्राहियों के खाते में प्रतिमाह 2500 रुपए के मान से 82 लाख 60 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरेट के ई सेवा केन्द्र में सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं विधायक लुण्ड्रा डॉ प्रीतम राम, कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र युवा मौजूद रहे। पात्र युवाओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता मिलने से उन्हें पढ़ाई में लगने वाले जरुरत की चीजें खरीदने में आसानी होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिल रही है। जिससे उन्हें पूरा उम्मीद है कि उनका बेहतर नौकरी का सपना पूरा होगा।



गौरतलब है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल प्रशिक्षण योजना के लिए भी चिन्हांकित किया जा रहा है। जो युवा कौशल प्रशिक्षण चाहते हैं उन्हें विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरगुजा जिले में अब तक सर्वाधिक 224 बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियों को ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है। वहीं बेरोजगारी भत्ता प्राप्त 217 हितग्राहियों को लाइवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# फिर पकड़ाया पड़ोसी प्रांत का 112 किलो गांजा

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। आसन्न चुनाव के मद्देनजर रायगढ़ पुलिस द्वारा जिले में प्रवेश करने वाले प्रमुख चेक पोस्ट में तगड़ी और अभेद सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। चेक पोस्ट पर तीन पालियों में पुलिसकर्मी चैंकाने होकर कार्य निष्पादन कर रहे हैं। पुलिस अपने आसूचना संकलन और तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था से गांजा तस्करों के कोशिशों को नाकाम साबित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात जूटमिल पुलिस टीम ने ओडीसा सीमा से लगे बड़माल चेक पोस्ट में एक पिकअप में लोड 112 किलो गांजा को पकड़ने में बडी कामयाबी हासिल की है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि जूटमिल पुलिस ने पिकअप वाहन में की जा रही गांजे की तस्करी को विफल कर आरोपी मोहम्मद नौशाद राईन को 112 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया है। आरोपी अपने पिकअप के डाला में प्लास्टिक बोरी बंडल के नीचे में 6 बोरियों में गांजा भरकर उड़ीसा से रायगढ़ पार करने की फिराक में था। आरोपी से 1 क्विंटल 12 किलो गांजा कीमत करीब 11 लाख 20 हजार रूपये और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सी.के. 8551 कीमत 8,00,000 का जप्त कर आरोपी पर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव को बीती रात्रि मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में उड़ीसा से गांजा लेकर एक युवक हाईवे के रास्ते रायगढ़ होकर आगे जाने वाला है। थाना प्रभारी द्वारा रायगढ़-उड़ीसा हाईवे पर बडमाल चेक पोस्ट में स्टाफ को अलर्ट कर अतिरिक्त स्टाफ कार्यवाही के लिए भेजा गया। बडमाल चेक पोस्ट पर संदिग्ध पिकअप वाहन सीजी 07 सी.के. 8551 को रोककर पुलिस टीम द्वारा विधिवत तलाशी ली गई वाहन चालक मोहम्मद नौशाद राईन पिता मोहम्मद राऊफ राईन उम्र 30 साल निवासी अहमदनगर पांडू किराना दुकान के पास वार्ड क्रमांक 23 थाना छावनी जिला दुर्ग के स्वयं की एवं वाहन की तलाशी लिए जाने पर वाहन के डाला में प्लास्टिक बोरी के बंडल के नीचे छुपा कर 6 बोरियों में रखा हुआ 112 किलो गांजा की विधिवत जप्ती कर तौल पंचनामा किया गया जिसका वर्तमान मूल्य करीब 11,20,000 है।

## बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत 1117 हितग्राहियों के खाते में 27.92 लाख रुपए का अंतरण



**मनेन्द्रगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। देशबन्धु ,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों के खाते में पांचवी किस्त की राशि का अंतरण किया। बेरोज़गारी भत्ता योजना के तहत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 1 हजार 117 हितग्राहियों के खाते में प्रतिमाह 2500 रुपए के मान से 27 लाख 92 हजार 5 सौ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरेट के एनआईसी केन्द्र कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, जिला रोज़गार अधिकारी श्रीमती अंजुम अफरोज़ तथा बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र युवा मौजूद थे। बेरोज़गारी भत्ता के पात्र युवाओं ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि भत्ता मिलने से उन्हें पढ़ाई में लगने वाले जरुरत की चीजें खरीदने में आसानी होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें मदद मिल रही है। उन्हें पूरा उम्मीद है कि उनका बेहतर नौकरी का सपना पूरा होगा। गौरतलब है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल प्रशिक्षण योजना के लिए भी चिन्हांकित किया जा रहा है। जो युवा कौशल प्रशिक्षण चाहते हैं उन्हें विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# वृद्धाओं और नवीन मतदाताओं ने कलेक्टर को बांधी स्वीप की राखी

- **निगम आयुक्त और एसडीएम रक्षाबंधन मनाने पहुँचे ब्लाइंड स्कूल, बच्चों में ख़ुशी की लहर**
- **कलेक्टर श्री दुग्गा ने मिठाई खिलाकर सबको मतदान के लिए किया प्रेरित**

**मनेंद्रगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। बस स्टैंड के नजदीक लायंस क्लब द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने चला संगी वोट देहे जाबो के तर्ज पर रक्षा बंधन का पावन पर्व मनाया। उनके साथ आयुक्त नगर निगम चिरमिरी सुश्री लवीना पांडेय, एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार श्री नीरजकांत तिवारी भी मौजूद थे।

वृद्धाश्रम में रहने वाली बहनों, नये मतदाता बहनों और बीएलओ दीदियों ने कलेक्टर श्री नरेन्द्र दुग्गा की कलाई में स्वीप राखी बांधी और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। कलेक्टर श्री दुग्गा ने उपस्थित सभी बहनों का मुँह मीठा कर आशीर्वाद लिया। कलेक्टर श्री दुग्गा को अपने बीच पाकर वृद्धाश्रम में सबके चेहरे पर ख़ुशी छा गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। 18+ नवीन मतदाताओं को चुनई चिरई की राखी पहनाई गई।



इस अवसर पर वृद्ध लोगों को बीएलओ किट बटवाया गया। ज़िले में युवा मतदाताओं की संख्या ज़्यादा होने के कारण युवा मतदाताओं को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह निगम आयुक्त चिरमिरी सुश्री लवीना पांडेय और एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा ने ब्लाइंड स्कूल के 18+ नवीन मतदाता भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही नगरीय निकाय में स्वच्छता दीदियों ने घूम-घूमकर राखी बांधी और लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण भगत, लायंस क्लब के सदस्य श्री शैलेश जैन दल, डॉ. एसके आचार्या, श्री कृष्णकांत ताम्रकार, श्री नीरज अग्रवाल, संतोष जैन, कौशल अरोरा, नरोत्तम शर्मा, सुंदर लाल दुग्गड़ तथा अन्य नागरिक और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय श्रीकृष्ण महाजन्माष्टमी झूला उत्सव 5 से

## श्रीकृष्ण की झांकियों का आयोजन इस बार अनूठा रहेगा आयोजन को लेकर श्याम मंडल की बैठक संपन्न विशाल पंडाल का निर्माण कार्य जोर-शोर से प्रारंभ

**रायगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ में ऐतिहासिक जन्माष्टमी झूला उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम व गरिमामयी रूप में मनाया जाता है। इस महाउत्सव को देखने रायगढ़ जिला ही नहीं बल्कि अन्य प्रान्तों से हजारों दर्शनार्थी प्रतिदिन यहां आते है।

श्याम मंडल के अध्यक्ष राजेश चिराग व प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर श्री श्याम मंडल की बैठक



हुई, जिसमें 28वें इस ऐतिहासिक झुला उत्सव को लेकर विभिन्न निर्णय लिए गए। इस वर्ष भी संजय काम्पलेक्स स्थित श्री श्याम बगीची में 11 हजार वर्गफुट के विशाल वाटर प्रूफ पंडाल का निर्माण जोर-शोर से आरंभ कर दिया गया है। रायगढ़ का ऐतिहासिक श्री कृष्ण जनमाष्टमी उत्सव मथुरा-वृन्दावन के बाद पूरे भारतवर्ष में रायगढ़ जन्माष्टमी मेले के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रति वर्ष भव्य मेले का आयोजन यहां किया जाता है श्याम मंडल द्वारा यह आयोजन पिछले 27 वर्षों से किया जा रहा है। दो साल कोरोना के कारण इस आयोजन को नहीं किया जा सका था। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव में दर्शनार्थियों की संख्या प्रति वर्ष 5 लाख से भी अधिक होती है। इस वर्ष भी 5 सितम्बर से 9 सितम्बर तक भव्य पंडाल के अन्दर नयनाभिराम अत्याधुनिक स्वचलित झाकियों का दर्शन लाभ श्रद्धालुओं को होगा। इन झाकियां के दर्शन मात्र से संजीदगियों का एहसास होने लगेगा। विशाल पंडाल के भीतर कलकत्ता एवं निमोरा से आये 20 मूर्तिकारों ने महाभारत, रामायण व अनेक धार्मिक कथाओं पर आधारित मनोहारी, सुन्दर झाकियों का निर्माण कार्य जोर-शोर से प्रारंभ कर दिया है।

श्री अग्रवाल ने आगे बताया कि इस बार जन्माष्टमी मेले के इन झांकियों में छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति पर आधारित का समावेश रहेगा। बैठक में अध्यक्ष राजेश चिराग, सचिव सचिन बंसल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गुलाब डालमिया, कैलाश अग्रवाल, श्याम गर्ग, लक्ष्मण शर्मा, ललित बोंदिया, किशन केडिया, कैलाश बेरीवाल, प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल सहित श्याम मंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 3974 बेरोजगारों को मिले 99 लाख




**सारंगढ़** 30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी स्थित निवास कार्यालय से बटन दबाकर हितग्राहियों के खाते में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत माह अगस्त 2023 में 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपए की राशि अंतरण किए। इस योजना अंतर्गत अब तक 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रूपए की राशि अंतरित की जा चुकी है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 3974 हितग्राहियों को 99 लाख 35 हजार रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने बालोद, धमतरी, बिलासपुर, जशपुर, कोंडागांव और सरगुजा के हितग्राहियों से लाइव कार्यक्रम में सीधे बात की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सभी हितग्रहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि यह योजना हितग्राहियों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए लागू की गई। माता-पिता परिवार के आवश्यक खर्च में कटौती कर बच्चों को पढ़ाते हैं। बेरोजगारी भत्ता की राशि उनके लिए मदद है। राज्य सरकार प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से जिले के औद्योगिक, व्यापारिक संस्थानों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। कलेक्टोरेट सारंगढ़ में मुख्य अतिथि नगरपालिका सारंगढ़ के उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष चंद्रकुमार नेताम, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान द्वारा जिले के निवासी अंनतराम और भूपेन्द्र कुमार पटेल को आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार, नगरपालिका सारंगढ़ के बेरोजगारी भत्ता शाखा के रोशन यादव सहित हितग्राहीगण उपस्थित थे।

### स्नेह और उल्लास के साथ मनाया गया राखी का त्यौहार



**खरसिया** 30 अगस्त (देशबन्धु)। सावन पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को भाई और बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन स्नेह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर विश्वास व जिम्मेदारी का सूत्र बांधा। रक्षाबंधन पर्व की पूरे अंचल में धूम रही। भाइयों की कलाई पर बहनों ने प्यार का धागा बांधा। बाजार में भी रौनक दिखी। बाहर रहने वाले भाइयों को बहनों ने कोरियर और डाक से राखी भेजीं, वहीं ज्यादातर भाई-बहन एक दूसरे के घर भी पुहंचे। शहर के बाजारों में राखियों की दुकानें भी सजी रहीं। घरों में राखी के त्योहार की तैयारियां पहले से ही शुरू हो चुकी थीं। आज भाईयों में जहां विशेष उत्साह देखा गया, वहीं बहनें भी इस पर्व के लिये पहले से तैयारी में जुटी हुयीं थीं। राखी के त्यौहार में बाजार में रौनक रही, मिठाईयों के साथ साथ उपहारों की दुकानों में भी भीड़ देखी गयी।

### पावस प्रंसग में आर्या नंदे ने दी प्रस्तुति



**सारंगढ** 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा वर्षा ऋतु पर आयोजित पावस प्रसंग कार्यक्रम में प्रसिद्ध नृत्यांगना रविंद्र विनीता की सूपूत्री आर्या नंदे ने ओडिसी नृत्य की अनुपम प्रस्तुति दी। आर्या के गुरु व प्रख्यात ओडिसी नृत्य गुरु डा गजेंद्र पण्डा के निर्देशन में महाप्रभु नरसिंह व माता लक्ष्मी की नृत्य की अलग अलग चरणों व अलग अलग मुद्राओ से वंदना की गई। आर्या की उक्त अनुपम प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुंग्ध थे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व आर्या नंदे ने चक्रधर समारोह राज्योत्सव में लगातार प्रस्तुतियां दीं हैं और देश विदेश के कई प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में भाग लिया। मलेशिया में आयोजित अतंर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में व उडीसा के राज्यपाल ने भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता चिंता ओ चेतना कार्यक्रम में आर्या को विशेष रूप से सम्मानित किया था। आर्या छत्तीसगढ़ शासन की कला के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार चक्रधर सम्मान के लिए नामित होने वाली सबसे कम उम्र की कलाकार भी हैं।

### शराब अवैध बिक्री, 4 गिरफ्तार

**जांजगीर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण दुर्गेश राठौर निवासी केरा रोड जांजगीर, राजकुमार गोड़ निवासी कुटराबोड़ थाना पामगढ़, कमल कुमार केंवट निवासी इंदरा नगर पामगढ, बजरंग राठौर निवासी दहकोनी थाना बलौदा के कब्जे से 123 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा लगातार थाना / चौकी स्तर पर टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसमें 29 अगस्त 23 को आरोपी दुर्गेश राठौर के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब राजकुमार गोड़ के कब्जे से 100 लीटर कच्ची महुआ शराब कमल कुमार केंवट के कब्जे से 08 लीटर कच्ची महुआ शराब बजरंग राठौर के कब्जे से 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना जांजगीर, नवागढ़, पामगढ़, बलौदा में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक तुलसिंह पटावी, उपनिरी मनोहर सिन्हा, सउनि रामप्रसाद बघेल, नीलमणी कुसुम, प्रआर गजाधर पाटनवार, आर अनुज खरे, शोभित अनन्त एवं महिला आर रचना शांतेय का योगदान रहा।

# पार्किंग के इंतजाम नहीं, ट्रैफिक सिग्नल भी बंद

### अक्सर निर्मित होती है जाम की स्थिति



**जांजगीर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। बाजार में पिछले दो दिनों से राखी त्यौहार के मद्देनजर खरीददारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। भीड़ में जाम को रोकने के लिए यातायात व नपा द्वारा किसी प्रकार का प्लान नहीं किया है। इसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पार्किंग के इंतजाम भी नहीं है। इसलिए दुकान के सामने लोग सड़क में पार्क कर रहे है। त्यौहारी सीजन को लेकर हर बार कई तरह की तैयारियों के दावे किए जाते हैं लेकिन शहर की सड़कों में इन तैयारियां का असर दिखाई नहीं देता है, जिससे आमजनों को यातायात की समस्या का सामना करना पड़ता है।

कचहरी चौक में बसों से बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। जिससे सड़कों में भीड़ दिखाई देने लगी है। इसके अलावा कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक तक खरीददारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। यहां पार्किंग नहीं होने से दिनभर जाम की स्थिति बन रही है। सबसे ज्यादा समस्या लिंक रोड में है। पहले से सड़क वनवे है। यहां पर दुकान के सामने बेतरतीब कार, बाइक को सड़क में खड़ी कर देते हैं। इसके बाद सड़क में चलने के लिए लोग जाम की समस्या से जूझ रहे है। इन पर कार्रवाई करने के लिए यातायात के जवान कभी भी नजर नहीं आते हैं। बावजूद इसके लोगों को ट्रेफिक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोग त्योहार के लिए खरीदी करने बाजार पहुंच रहे हैं, जो लोग अपने दो पहिया, चार पहिया वाहन से बाजार पहुंच रहे हैं। उनके सामने सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की होती है कि आखिर वे अपने वाहन को कहां खड़े करें। बाजार पहुंचे कई लोगों ने बताया कि शहर में वाहन खड़े करने के लिए कहीं सुरक्षित जगह ही नहीं है। बाजार के आसपास पार्किंग इंतजाम नहीं होने से अपने वाहनों को काफी दूर खड़ा करना पड़ता है। जिससे उनकी सुरक्षा की चिंता बनी रहती है।

### चौड़ीकरण का नहीं मिल रहा लाभ

कलेक्टोरेट मोड़ से लेकर बीटीआई चौक और बीटीआई चौक से लेकर नेताजी चौक तक सड़क चौड़ीकरण किया गया है। इसके बाद भी इन मार्गों में पूर्व की ही तरह यातायात की समस्या बनी हुई है। सड़क चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों ओर के अतिक्रमण हटाए गए लेकिन चौड़ीकरण के बाद हटाए गए अतिक्रमण की जगह फिर से वहां अस्थायी दुकानें लगने लगी हैं। लोगों का कहना है कि त्यौहारों के चलते प्रशासन द्वारा आमजनों की सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### सड़कों पर आवारा मवेशी

त्यौहारी सीजन शुरू होने के बाद भी शहर की सड़कों से आवारा मवेशियों को नहीं हटाया गया है, ये मवेशी आते-जाते लोगों पर हमला कर रहे हैं तो वहीं बीच सड़क में इनके बैठे होने से यातायात की भी समस्या बन रही है। मंगलवार को लोगों की भीड़ से घबराया एक बैल दौडऩे लगा। इससे कचहरी चौक में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इसके अलावा केरा रोड, कलेक्टोरेट रोड, बनारी रोड में पूरे दिन मवेशियों का झुंड नजर आया।

त्यौहारी सीजन के चलते भीड़-भाड़ वाले स्थानों में यातायात पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं। साथ ही जाम से छुटकारा पाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। इसके अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी लगाई गई है। जो पूरे दिन शहर में घुमते रहेंगे।

**प्रदीप जोशी, यातायात प्रभारी**

### ट्रैफिक सिग्नल खराब होने से बिगड़ रही व्यवस्था

शहर में कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां यातायात का अधिक दबाव रहता है। जिसमें शहर के बीच कचहरी चौक, नेताजी चौक चौक भी शामिल है। यहां ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं। लेकिन ये सिग्नल भी ठीक तरह से काम नहीं कर रहे हैं। कभी भी इनकी बत्तीयां गुल हो जाती है, जिससे सिग्नल का इंतजार कर रहे लोग भ्रमित हो रहे हैं। जिन्हें पता है कि यहां सिग्नल लगे हुए हैं तो वे अपनी आदत के अनुसार यहां अपने वाहन रोक लेते हैं। हालांकि अभी फिलहाल सिग्नल को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### रक्षाबंधन पर दिन भर रहा भद्रा का साया



**जांजगीर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक पर्व रक्षा बंधन पर भद्रा का साया दिन भर रहा। इसके कारण बहनों को राखी बांधने के लिए रात होने का इंतजार करना पड़ा। भद्राकाल इस बार 30 अगस्त को रात 9 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। इसके बाद ही राखी बांधना शुभ माना गया है। पूर्णिमा तिथि दूसरे दिन यानि 31 अगस्त की सुबह 7 बजे तक होने के कारण जो बहनें रात में राखी बांधने से चूक जाएंगी वे दूसरे दिन सुबह बांध सकती हैं।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि और अपराह्न काल में मनाना शुभ होता है। हिंदू पंचांग की गणना के मुताबिक इस वर्ष 30 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा तिथि के साथ भद्राकाल शुरू हो गया, जो रात 9. 2 बजे तक रहेगा। राखी हमेशा ही भद्रा रहित काल में ही बांधना शुभ माना गया है। वहीं राखी बांधने के लिए श्रावण पूर्णिमा तिथि में दोपहर का समय शुभ होता है। लेकिन इस साल रक्षाबंधन को लेकर बहनों में मायुसी देखी गई।

# कैप्सूल ने 10 साल की बच्ची को कुचला, मौके पर ही मौत



**जांजगीर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। पामगढ़ के मेंऊभाठा में तेज रफ्तार कैप्सूल ने 10 साल की बच्ची को कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बिलासपुर मुख्य मार्ग पर शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया है,। जिससे 3 घण्टे से सड़क की दोनों ओर जाम है और वाहनों की कतार लगी हुई है। चक्काजाम के बाद मौके पर पामगढ़ एसडीएम आरके तम्बोली, एएसपी अनिल सोनी और डीएसपी शैलेन्द्र पांडेय पहुंचे हैं। तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। दरअसल, कोसला गांव से अपनी मां के साथ 10 साल की तनु, डोंड़की गांव गई थी और राखी बांधकर बस से मेंऊभाठा लौटी रही थी। यहां बच्ची सड़क किनारे खड़ी थी, बिलासपुर शिवरीनारायण मेन रोड पर अभी सड़क पार करते हुए हुए, बिलासपुर तरफ से आ रहे केप्सूल जो लापरवाही पूर्वक चला रहा था, जिससे सड़क पार कर रहे छोटे बच्ची और उसकी माँ कैप्सूल के चपेट में आने से बच्ची की मौके पर ही मौत हो गईं है, वही माँ, ठीक, ग्रामीणों द्वारा मृतक बच्ची के मुवावजा को लेकर मेन रोड को पूरी तरह दे जाम किया गया है, आज राखी के पर्व भी है जिसके कारण अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही, जिससे आने जानें वालों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। घटना स्थल पर पामगढ के थाना प्रभारी राजेश कुमार सूर्यवंशी एवं ट्रैफिक प्रदीप कुमार जोशी मौके पर भीड़ को हटाने में जुटे रहे। पामगढ़ रक्षाबंधन के दिन बड़ा हादसा 10 साल की बच्ची को कैप्सूल ने रौंदा मौके पर पुलिस मौजूद। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म, युवक को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**जांजगीर,** 30 अगस्त (देशबन्धु)।। नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं12 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।



अभियोजन के अनुसार नाबालिग को घटना के दिन सुबह 10 बजे अभियुक्त रविंद्र कुमार वैष्णव (22) पिता शिवचरण वैष्णव ने मोबाइल से फोन कर अपने घर बुलाया। जब वह आरोपित के घर पैदल पहुंची तो नाबालिग की मां ने अभियुक्त को फोन लगाकर अपनी बेटी के बारे में पूछताछ की। आरोपित ने कहा कि उसकी बेटी उसके घर नहीं आई है। इसके बाद वह खुद अपनी बाइक से नाबालिग लड़की के घर पहुंच गया और उसके पिता को अपनी बाइक में बिठाकर नाबालिग को खोजने के लिए बाराद्वार ले गया। वहां से वापस आकर उसके पिता को उसके घर में छोड़ दिया और खुद अपने घर वापस आ गया। इसके बाद वह नाबालिग को बाइक में बिठाकर अपनी चाची के गांव में छोड़कर आ गया। रात्रि में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। फिर सबेरे बाइक से अकेले अपने गांव लौटा इसके बाद नाबालिग की मां को बाइक में बिठाकर थाना जैजैपुर ले गया वहां गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लड़की की मां थाने में ही रूक गई जबकि युवक फिर से अपनी चाची के घर वापस आ गया और नाबालिग को अपनी बाइक में बिठाकर गांव ले जाकर शनि मंदिर के पास छोड़ा। दूसरे दिन सुबह 5 बजे गांव जाकर नाबालिग को ढूंढने का ढोंग करने लगा और वापस आकर नाबालिग को बाइक में बिठाकर चांपा की ओर ले गया और वहां बस में बिठा दिया और कहा कि वह बाइक में पीछे-पीछे आ रहा है। इसी बीच नाबालिग के मामा व पुलिस वहां पहुंच गए और युवक को गिरफ्तार किया उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट द्वारा रविंद्र वैष्णव को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 (2) के अपराध के लिए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपए अर्थदंड, धारा 363 के लिए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए अर्थदंड, धारा 366 के लिए 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने पैरवी की।

### टाटा बिलासपुर एक्सप्रेस का ठहराव हुआ प्रारंभ

**अकलतरा**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के नागरिकों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी हुई जब रेलवे द्वारा बिलासपुर टाटा बिलासपुर एक्सप्रेस का अकलतरा में ठहराव प्रदान किया गया। आज से उक्त गाड़ी अकलतरा स्टेशन पर रुकना प्रारंभ हुई। गाड़ी को सांसद अजगले एवं विधायक सौरभ सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस हेतु आयोजित कार्यक्रम में जांजगीर सांसद गुहाराम अजगले विधायक सौरभ सिंह एवं असम के विधायक से जीतू गोस्वामी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि यह रेल मंत्री एवं प्रधानमंत्री की सौगात है। केंद्र सरकार द्वारा लगातार अकलतरा क्षेत्र में रेलवे की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### केबीसी में शामिल होकर लौटे विवेक का स्वागत



**जांजगीर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। कौन बनेगा करोड़पति प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद नगर वापस आने पर श्याम परिवार नैला जांजगीर ने युवक का स्वागत किया। नगर के विवेक अग्रवाल कौन बनेगा करोड़पति प्रतियोगिता शामिल हुए हैं। वे अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट तक पहुंच कर खेल में भाग लिए। विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता शामिल होने के लिए वे पिछले 17 साल से प्रयास कर रहे थे। अंततः इस साल उन्हें सफलता मिली। उन्होंने बताया कि टीवी में शो का प्रसारण गणेश चतुर्थी के दिन 19 व 2 सितंबर को किया जाएगा।

# गौमाता के लिए किसी वरदान से कम नहीं चांपा का प्रयास सेवा संस्थान

## एक कॉल से होता है दुर्घटना में घायल गायों का इलाज

### इलाज करती है संस्थान की टीम

**जांजगीर**, 3 अगस्त (देशबन्धु)। शासन-प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद मुख्य मार्ग से मवेशी नहीं हट पा रहे हैं, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इसी तरह की एक दुर्घटना में गेमनपुल में अज्ञात वाहन की ठोकर से गौमाता घायल होकर दर्द से कराह रही थी। घायल गौमाता को अनदेखा करते हुए हर कोई आना-जाना कर रहे थे। इसी बीच किसी ने प्रयास सेवा संस्थान को सूचना दी। इसके बाद घायल गोमाता का न केवल इलाज हुआ, बल्कि उसे पास के गोठान में पहुंचाया गया।



चांपा शहर में ऐसे गौ सेवक है, जिन्हें किसी भी समय एक फ़ोन करके दुर्घटनाग्रस्त गाय की जानकारी देने पर वे तुरंत पशु चिकित्सक या खुद की टीम को साथ ले जाकर गाय का मरहम पट्टी करने पहुंच जाते हैं। इतना ही नहीं घायल गाय को सुरक्षित जगह में पहुंचाया जाता है। आज शहर के हसदेव नदी ब्रिज के उपर में सुबह 6 बजे एक गाय के पैर को ट्रक ने कुचल दिया, जिससे गाय घायल होकर दर्द से तड़प रही थी। ज्यादातर लोग उसे देखकर भी अनदेखा करते हुए आवाजाही कर रहे थे तो वहीं किसी ने यह जानकारी प्रयास सेवा संस्थान के पवन यादव को दी। खबर मिलते ही पवन यादव तत्काल वहां पशु चिकित्सक डॉक्टर चंद्रा को लेकर पहुंच गए। पशु चिकित्सक ने दुर्घटनाग्रस्त गाय का समुचित इलाज किया और उसे बिरगहनी गांव के गौठान में पहुंचाया गया। पवन यादव ने बताया कि कोई भी गायों के दुर्घटना में घायल होने की जानकारी देते है तो हमारी टीम वहां तुरंत पहुंचकर इलाज करवाते है। उन्होने बताया कि पिछले 8 वर्षो से हम यह कार्य कर रहे है और आगे भी करते रहेंगे।

## रूस के ब्रांस्क में जांच समिति की इमारत में विस्फोट

**मॉस्को।** रूस के ब्रांस्क शहर में जांच समिति की इमारत के अंदर बुधवार को विस्फोट हुआ, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है । शहर प्रशासन ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने टेलीग्राम पर कहा, जीपीएस 101 के रेडियो एक्सचेंज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6:10 बजे ब्रांस्क क्षेत्र के लिए रूसी जांच समिति के जांच विभाग में 158 क्रास्नोर्मेस्काया स्ट्रीट पर एक विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई। विस्फोट के कारण की जानकारी नहीं दी गयी है।

# देश विदेश

# इमरान की न्यायिक हिरासत 13 सितम्बर तक बढ़ी

### तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद आया फैसला

**इस्लामाबाद,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दायर मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत बुधवार को 13 सितंबर तक बढ़ा दी। श्री खान के वकील ने भी इसकी पुष्टि की। समाचारपत्र 'डॉन' के अनुसार यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा तोशखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री की तीन साल की जेल की सजा को निलंबित करने के एक दिन बाद यह फैसला



आया है। तोशाखाना मामले में श्री खान को पांच अगस्त को दोषी ठहराया गया था। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की दोषसिद्धि और तीन साल की जेल की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी थी। फैसले के निलंबन के बाद हालांकि, विशेष अदालत ने अटॉक जिला जेल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष खान को 'न्यायिक लॉकअप' में रखा जाए और सिफर मामले के संबंध में उन्हें आज पेश किया जाए। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से श्री खान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी।

### पाकिस्तानी जला रहे बिजली बिल

## सरकार लोगों का गुस्सा शांत करने में विफल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बिजली बिलों में भारी बढ़ोत्तरी को लेकर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं कार्यवाहक सरकार नागरिकों को कोई राहत देने में विफल रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नाराजगी से बचने और नागरिकों की परेशानी के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रही है। यह जानकारी डॉन ने बुधवार को दी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अंतरिम मंत्रिमंडल ने इस मुद्दे का समाधान करने में असहायता व्यक्त की, यहां तक कि किश्तों में बिजली बिल लेने पर भी दुविधा है जब तक कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष इसे अपनी मंजूरी प्रदान नहीं करता। अंतरिम सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने बाद में एक निजी टीवी चैनल से कहा कि सरकार बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत उपायों के संबंध में आईएमएफ से बातचीत कर रही है।

## चीन के समुद्री खाद्य आयात प्रतिबंध का जवाब देगा जापान

### डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का कर रहा विचार

**टोक्यो,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। जापान ने कहा कि वह अपने समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात पर पाबंदी लगाने की चीन की कार्रवाई का मुकाबला विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत करेगा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने बुधवार को यह बात कही। गौरतलब है कि जापान के फुकुशिमा परमाणु बिजली घर (एनपीपी) के शोधित पानी को समुद्र में वापस छोड़े जाने को लेकर चीन ने पिछले दिनों जापान के समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात पर रोक लगा दी है। जापान के संवाद समिति क्योडो ने कल एक रिपोर्ट में कहा कि जापान सरकार चीन की कार्रवाई के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर करने का विचार कर रही है। श्री मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस तरह की कार्रवाई (चीन की कार्रवाई) को बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जा सकता। हम डब्ल्यूटीओ की व्यवस्था के अंतर्गत



आवश्यक कार्रवाई करने के विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि फुकुशिमा परमाणु बिजली घर में कुछ वर्ष पहले बड़ी दुर्घटना हुई थी। जापान ने 24 अगस्त को वहां से शोधित पानी को प्रशांत महासागर में छोड़ना शुरू कर दिया था। पानी छोड़ने से पहले उसमें बड़ी मात्रा में समुद्र का जल मिलाया गया था। इसके खिलाफ चीन के सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जापान से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। चीन ने फुकुशिमा परमाणु बिजली घर का पानी समुद्र में छोड़ने को लेकर जापान की आलोचना करते हुए कहा है कि वह पानी रेडियोधर्मी विकिरण से दूषित है।

## सुडोकू 6302

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | | | | | | 1 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | 1 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | | | | | 1 | 6 | | 3 |
| | | 2 | | | | 8 | | |
| 1 | | 3 | 2 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 6 | 1 | | |
| | | | | | 4 | | | 9 |
| 5 | | | | | | 7 | | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति (उर्दू)
७. तोड़फोड़ बर्बादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाला, धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
१९. किताब
२१. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित, वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१९. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6301

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ली | २ क | ट्टू | ■ | ■ | ३ अ | द्धां | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | ता | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त्त | ■ | य |
| १४ सी | ता | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| धा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | हा | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ला | ■ | २१ र | जि | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 31 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आज का दिन आप सामाजिक कार्यों और मित्रों के साथ व्यतीत करेंगे। मित्र मंडली में नए मित्र जुड़ेंगे। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा। बुजुर्गों से लाभ होगा और उनका सहयोग मिलेगा। आकस्मिक धन लाभ से मानसिक प्रसन्नता होगी।

वृषभ -नौकरी में पदोन्नति के समाचार मिलेंगे। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगा। नए कामों का आयोजन हाथ में लेंगे। अधूरे काम पूरे कर सकेंगे।

मिथुन -आज आपको थोड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इस कारण कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा। कार्यस्थल पर भी साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं रहेगा।

कर्क -आज के दिन आप पर नकारात्मकता हावी रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनैतिक काम और चोरी जैसे विचारों पर संयम रखें, अन्यथा अनिष्ट हो सकता है। आज वाणी पर संयम रखें।

सिंह -आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। फिर भी सांसारिक मामलों के विषय में आपका व्यवहार उदासीन रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

कन्या -परिवार में आनंद एवं उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और स्वास्थ्य बना रहेगा। बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होने से राहत का अनुभव होगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

तुला -आज आप अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति को अच्छी तरह काम में लगा सकेंगे। बौद्धिक प्रवृत्तियां या चर्चा में भाग लेना आपको पसंद आएगा। संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। उनकी प्रगति होगी।

वृश्चिक -आपको आज का दिन शांति से व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य तो बिगड़ेगा ही, मानसिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह सकेंगे। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

धनु -आज आप पर गूढ़ रहस्यवाद और आध्यात्मिकता का रंग चढ़ेगा। इस विषय में गहराई से जानने का प्रयास करेंगे। नए काम करने के लिए प्रेरित होंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा की संभावना है।

मकर -आज यदि वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत से अनर्थ से बच जाएंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कम सफलता मिलेगी। नकारात्मक विचारों पर काबू रखें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

कुंभ -शारीरिक, मानसिक और आर्थिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। परिजनों के साथ सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद उठाएंगे।दांपत्यजीवन की मधुरता का आनंद उठा सकेंगे। उपहार और धन की प्राप्ति होगी।

मीन -थोड़े समय में लाभ की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की जरुरत है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब रहेगा। संतान की समस्या उलझन में डालेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दक्षिण कोरिया व अमेरिका ने किया संयुक्त वायु सेना अभ्यास

**सोल,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने बुधवार को वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान कम से कम एक अमेरिकी निर्मित बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक की तैनाती के साथ वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किया। दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि वायु सेना का अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच चल रहे उल्ची फ्रीडम शील्ड और वारियर शील्ड फील्ड अभ्यास का हिस्सा था, जो 21 अगस्त को शुरू हुआ। बी-1बी के साथ अमेरिका द्वारा तैनात एफ-16 जेट और दक्षिण कोरिया के एफ-50 लड़ाकू विमान भी थे। मंत्रालय ने अभ्यास में शामिल विमानों की संख्या का खुलासा नहीं किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस अभ्यास ने उत्तर कोरिया के हाल ही में कथित बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के जवाब में अमेरिकी रणनीतिक संपत्तियों के समय पर समन्वय और तैनाती के माध्यम से ठोस संयुक्त रक्षा क्षमताओं तथा विस्तारित निरोध प्रक्रियाओं की सक्रियता का प्रदर्शन किया। यह दसवीं संयुक्त कवायद थी। गौरतलब है कि गत 24 अगस्त को उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर सैन्य टोही उपग्रह लॉन्च करने के दूसरे प्रयास की विफलता की घोषणा की और कहा कि वह अक्टूबर में तीसरे लॉन्च का प्रयास करेगा।

## कांग्रेस नेता ने की जिनपिंग के सामने अरुणाचल के नक्शे का मुद्दा उठाने की मांग

**ईटानगर,** 30 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सामने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ (पीआरसी) चीन की ओर से जारी किए अरुणाचल प्रदेश के मानचित्र के मुद्दे को उठाने की मांग की है। श्री जिनपिंग दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने वाले हैं। इससे पहले चीन ने एक नक्शा जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया है। पासीघाट पश्चिम से विधायक एरिंग ने श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा, चीन की ओर से इस अप्रत्याशित, दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन जानबूझकर की गई घटना ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। यह सामान्य जानकारी है कि चीन ने पहले भी अप्रैल 2023 में 11 स्थानों, 2021 में 15 स्थानों और 2017 में छह स्थानों का नाम बदलकर



निनोंग एरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिला पत्र

अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने की कोशिश की थी। चीन का मानक मानचित्र% की हालिया घटना उसकी नापाक योजनाओं की परिणति है और यह मामला विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। इस घटना ने 1962 के भारत-चीन युद्ध की यादें ताजा कर दी है। विधायक ने कहा, 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में तथा दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़पें हुयी थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री की विद्वता पर पूरा विश्वास है और भारतीय सेना देश की सीमाओं से लगे नियंत्रण रेखा (एलओसी) तथा वास्तविक नियंत्रण रखा की रक्षा कर सकती है। मैं आपका ध्यान उपरोक्त मानचित्र के जारी होने को भारत की संप्रभुता और अखंडता पर हमले के रूप में मानने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

## कनाडा ने एलजीबीटी यात्रियों को अमेरिकी जोखिमों के प्रति किया आगाह

**ओटावा,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा ने अमेरिका की यात्रा की योजना बना रहे अपने समलैंगिक, उभयलिंगी और ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) नागरिकों के लिए नई यात्रा चेतावनी जारी की है। बीबीसी ने बुधवार को बताया कि अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन 2017 की तुलना में पिछले साल 30 गुना बढ़ गया। साथ ही एलजीबीटी अधिकारों को प्रतिबंधित करने के कानूनी कदम भी बढ़ रहे हैं।



अमेरिका में एलजीबीटी विरोधी विरोध प्रदर्शन बढ़े

ग्लोबल अफेयर्स कनाडा ने चेतावनी दी कि कुछ देश के कानून उनकी यात्रा पर प्रभाव डाल सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि कहां। ऐसी चेतावनियां आमतौर पर युगांडा, रूस या मिस्र जैसे देशों के लिए होती हैं। कनाडा के अमेरिकी यात्रा सलाह पृष्ठ पर लिखा है, कुछ देशों ने कानून और नीतियां बनाई हैं जो टू एसएलजीबीटीक्यूआई+ व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती हैं। प्रासंगिक देश और स्थानीय कानूनों की जांच करें। टू एसएलजीबीटीक्यूआई प्लस पीपुल कनाडा में उन लोगों के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है जो खुद को दो-आत्मा, समलैंगिक,गे, उभयलिंगी, ट्रांसजेंडर, समलैंगिक, प्रश्नवाचक या इंटरसेक्स मानते हैं। ग्लोबल अफेयर्स कनाडा के एक प्रवक्ता ने ट्रांसजेंडर समुदाय को लक्षित करने वाले अमेरिकी कानूनों की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया, 2023 की शुरुआत से, अमेरिका के कुछ राज्यों ने ड्रैग शो पर प्रतिबंध लगाने और ट्रांसजेंडर समुदाय को लिंग-पुष्टि देखभाल तक पहुंच तथा खेल आयोजनों में भाग लेने से प्रतिबंधित करने वाले कानून पारित किए हैं।

## अफगानिस्तान में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत



**तालेकन,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तन के उत्तरी प्रांत तखर में सोने की खदान धंसने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल मोबिन सफी ने कहा कि मंगलवार दोपहर को रस्ताक जिले में एक सोने की खदान की सुरंग में कई खनिक काम कर रहे थे, तभी अचानक सुरंग धंस गई। इसमें तीन खनिकों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### सुडोकू 6302 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

## आज का इतिहास

1881- अमेरिका मे पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।
1919- अमेरिकन कम्युनिस्ट पार्टी का गठन।
1920- अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।
1956- भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी।
1957- मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त कर ली।
1962- कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए।
1964- कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।
1968- भारत में टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।
1983- भारत के उपग्रह इनसेट-1 बी को अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया।
1991- उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1994- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने लंबे संघर्ष के बाद युद्ध विराम की घोषणा की।
1997- ब्रिटेन की राजकारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मौत।
1998- उत्तरी कोरिया ने जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा।
2010- इराक में अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप आधिकारिक रूप से समाप्त किया गया।
2010- भारत सरकार ने पाकिस्तानी बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि 50 लाख से बढ़ाकर ढ़ाई करोड़ डॉलर किया।

### सहायता — संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने दी जानकारी

# यूएन ने सीरिया में 200 से ज्यादा सहायता मिशन चलाए

**संयुक्त राष्ट्र, 3 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने 14 फरवरी को इदलिब की पहली अंतर-एजेंसी यात्रा के बाद से अब तक उत्तर-पश्चिमी सीरिया में 2 सीमा पार मिशनों को अंजाम दिया है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन डुजारिक ने कहा, रविवार को हुए मिशन के दौरान और बाब अल-सलाम को पार करते हुए,**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कर्मियों ने उत्तर-पश्चिम में अफरीन और अज़ाज़ में स्वास्थ्य सुविधाओं और डब्ल्यूएचओ के गोदामों का निरीक्षण किया और अपने स्थानीय सहयोगियों से भी मुलाकात की। फरवरी में आए भूकंप के बाद तुर्की सीमा पर स्थित बाब अल-सलाम और अल-राय को शुरुआती तीन महीने के लिए खोल



दिया गया था। प्राधिकरण को कई बार नवीनीकृत किया गया है।

सीरियाई सरकार ने तब से तुर्की सीमा पर बाब अल-हवा के माध्यम से सहायता वितरण की अनुमति देने लगी और छह महीने के लिए क्रॉसिंग के निरंतर उपयोग पर संयुक्त राष्ट्र के साथ सात अगस्त को एक समझौता किया था।

श्री डुजारिक ने मंगलवार को कहा, हम अभी भी समझौते को कैसे क्रियान्वित किया जाए, इसके परिचालन विवरण पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सीरिया में गुटीय संघर्ष में 18 लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के पूर्वी प्रांत डेर अल-ज़ौर में अमेरिका समर्थित दो मिलिशिया के बीच घातक संघर्ष हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक युद्ध मॉनिटर ने मंगलवार को दी। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सोमवार को डेर अल-ज़ौर में कुर्द नेतृत्व वाले सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) और अरब बहुल मिलिशिया डेर अल-ज़ौर मिलिट्री काउंसिल के बीच संघर्ष शुरू हो गया, जबकि दोनों गुट एक बार संयुक्त रूप से इस्लामिक स्टेट (आईएस) का मुकाबला कर चुके हैं। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के अनुसार, मारे गए लोगों में दो नागरिक, सैन्य परिषद से जुड़े 10 लड़ाके और एसडीएफ के छह लड़ाके शामिल हैं।

## दुनिया को जानें

### चीन व अमेरिका पर्यटन पर उच्च स्तरीय वार्ता करने पर सहमत


**बीजिंग,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय ने घोषणा की कि चीन और अमेरिका पर्यटन सहयोग को फिर से शुरू करने और विकसित करने के लिए 2024 में चीन में 14वीं चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय पर्यटन वार्ता आयोजित करने पर सहमत हुए। 29 अगस्त को चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्री हू हफिंग ने पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आई अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की।

हू हफिंग ने कहा कि चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के साथ मिलकर बाली में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच संपन्न महत्वपूर्ण सहमति को लागू करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने और कर्मियों के आदान-प्रदान का विस्तार करने को तैयार है। उन्हें आशा है कि अमेरिका और चीन के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बढ़ाएंगे, चीनी नागरिकों को अमेरिका के लिए वीजा के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करेंगे, ताकि दोनों देशों के पर्यटकों के लिए एक-दूसरे का दौरा करने के लिए बेहतर स्थितियां बनाई जा सके।

# खेल जगत

## पाकिस्तान एक असाधारण टीम है : रविचंद्रन अश्विन

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान को सबसे मजबूत दावेदार और भारत के साथ पसंदीदा बताया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि पाकिस्तान की सफलता काफी हद तक कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। अश्विन ने कहा, अगर बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान मध्यक्रम में बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो पाकिस्तान इस एशिया कप और विश्व कप में एक शानदार टीम बनने जा रही है। पाकिस्तान एक असाधारण टीम है। उन्होंने पाकिस्तान को भारत से इतनी ऊंची रेटिंग देने के पीछे का कारण भी बताया। अश्विन ने कहा, यह सब उनकी टीम की गहराई पर निर्भर करता है। पाकिस्तान ने हमेशा असाधारण क्रिकेटर पैदा किए हैं, टेप बॉल क्रिकेट के कारण, उनके पास हमेशा तेज गेंदबाज रहे हैं।



# चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच बीसीसीआई मीडिया राइट्स बेचने के लिए बेताब

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया की निगाहें एशिया कप पर टिकी हुई हैं, ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में सितम्बर 2023 से मार्च 2028, तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों के लिए 31 अगस्त को द्विपक्षीय मीडिया राइट्स बेचने की तैयारी कर रहा है। बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मीडिया राइट्स के लिए ई-ऑक्शन का विकल्प चुना है जिसमें भारत के डिजिटल + शेष विश्व टीवी और डिजिटल अधिकारों के लिए आधार मूल्य 25 करोड़ रुपये और भारत के टेलीविजन अधिकारों के लिए 20 करोड़ रुपये है, जो आईपीएल मीडिया राइट्स के रुझान को जारी रखता है। हालांकि इसमें एक शर्त है, एक मैच का संचयी मूल्य 60 करोड़ रुपये से कम नहीं होना चाहिए, अन्यथा बीसीसीआई के पास नीलामी रद्द करने का अधिकार है।

यह कुल 88 मैचों के लिए प्रति मैच संयुक्त अधिकार मूल्य 45 करोड़ रुपये है, जो पिछले चक्र में डिज़्नी स्टार द्वारा भुगतान किए गए प्रति मैच 60 करोड़ रुपये से कम है।

इन अधिकारों की बोली बीसीसीआई द्वारा 2022 में आईपीएल अधिकारों की बिक्री से 48,390 करोड़ रुपये प्राप्त करने के बाद आई है। लेकिन जब गुरुवार की द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली की बात आती है तो परिस्थितियां अब अलग हैं। खर्च में मंदी के कारण बाजार का माहौल चुनौतीपूर्ण हो गया है। विशेष रूप से विज्ञापन के मोर्चे पर, साथ ही टी20 लीगों के प्रसार के कारण द्विपक्षीय मैचों में रुचि की कमी हो रही है।

अगर आप इस बार की अधिकार नीलामी को देखें, तो पिछली बार की तुलना में इस बार बाजार का माहौल बहुत अलग है।बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के मामले में, मूल्य निर्धारण पहले ही कम रखा गया है और व्यापक मूल्य निर्धारण के संदर्भ में, यह प्रति मैच लगभग 25 प्रतिशत कम है।

इलारा कैपिटल के वरिष्ठ वीपी-रिसर्च मीडिया विश्लेषक करण तौरानी ने एजेंसियां से कहा, दूसरी ओर, यदि आप आईपीएल को देखें, तो यह पहले के संस्करणों की तुलना में बेस प्राइस के मामले में 50त्न अधिक था। इसलिए, आपको आईपीएल की तुलना में यहां आक्रामक प्रतिक्रियाएं देखने को नहीं मिलेंगी।




तौरानी का मानना है कि बोली प्रक्रिया में केवल तीन प्रतियोगियों के कारण द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों में प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। आप इसके लिए इस तरह के भारी प्रीमियम नहीं देखेंगे क्योंकि ये प्रसारक अपनी बोली के मामले में बहुत रूढ़िवादी होने जा रहे हैं।

द्विपक्षीय मीडिया अधिकार नीलामी में, केवल तीन खिलाड़ी हैं - सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, डिज़्नी स्टार और वायाकॉम18। सोनी, ज़ी के साथ अपने विलय के आधार पर और नवंबर के मध्य तक पूरा होने के कारण, 2024-28 चक्र के लिए विश्व कप मैचों के भारत टेलीविजन अधिकार अपने पास रखेगा। डिज़्नी स्टार, जिसके पास पिछले दो चक्रों में बीसीसीआई के द्विपक्षीय मीडिया अधिकार थे। उसके पास विश्व कप मैचों और आईपीएल टेलीविजन अधिकारों के डिजिटल अधिकार हैं। इस बीच, वायाकॉम 18 के पास आईपीएल डिजिटल अधिकार के साथ-साथ डब्ल्यूपीएल टीवी और डिजिटल अधिकार भी हैं। वायाकॉम18 अपनी गहरी जेब के कारण ई-नीलामी प्रक्रिया में, विशेष रूप से डिजिटल अधिकारों में, एक कड़ी चुनौती देना चाहता है, जिससे तौरानी सहमत हैं।

उन्होंने कहा, यदि आप उनकी रणनीति को देखें, तो जहां तक ओटीटी का सवाल है, वे आक्रामक रूप से मार्केट लीडर बनना चाहते हैं।

ऐसा नहीं है कि वो आईपीएल हासिल करके पीछे हट गए, क्योंकि उन्होंने इसके बाद भी कई फिल्में और ओरिजिनल जियो सिनेमा पर लॉन्च की हैं और यह प्रक्रिया जारी है। इस मामले में भी, वे गंभीर बोलीदाताओं में से एक बन जाएंगे और वे संभावित रूप से इस प्रकार की संपत्ति के लिए आक्रामक बोली लगाएंगे।

बीसीसीआई ने पहली बार एक कंसोर्टियम बोली की अनुमति दी है लेकिन तौरानी, सोनी और ज़ी को एक साथ नीलामी में प्रवेश करते नहीं देख रहे हैं। क्योंकि अभी इसे पूरी तरह लागू होने में समय लग सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि विलय वाली कंपनी नवंबर के मध्य से पहले बनेगी। लेकिन एक साथ बोली लगाने के लिए कंपनियों के बीच किसी तरह की रणनीति और तालमेल हो सकता है। लेकिन आधिकारिक तौर पर वे एक साथ बोली नहीं लगा सकते क्योंकि विलय प्रक्रिया दो महीने दूर है।

तौरानी का मानना है कि डी-मर्जर और आईपीएल के डिजिटल अधिकारों के नुकसान के कारण राजस्व में गिरावट की खबरों के साथ, डिज्नी स्टार द्विपक्षीय मीडिया अधिकारों की बोली में आक्रामक नहीं हो सकता है। जहां तक स्टार की बात है, उनके पास एक मिश्रित प्रकार की रणनीति है। अगर आप आईपीएल को देखें, तो वे टीवी पर मौजूद हैं। इसके अलावा, विश्व कप-2023 के बाद, उन्होंने ज़ी को टीवी अधिकारों की उप-फ्रैंचाइज़ी दी है और उसके लिए डिजिटल अधिकार बरकरार रखे हैं। इसलिए, वे एक ऐसी रणनीति का पालन कर रहे हैं जहां वे इसे अपनी रणनीति में सुरक्षित रख सकें और संभावित रूप से दोनों प्लेटफॉर्म प्राप्त करने का प्रयास कर सकें। तौरानी का मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह होगा कि एक बोलीदाता टीवी और डिजिटल दोनों अधिकार ले लेगा। इस मामले में, ऐसा संयोग हो सकता है, जहां टीवी और डिजिटल अधिकार निश्चित रूप से दो अलग-अलग प्लेटफार्मों को बेचे जा रहे हों। लेकिन मेरा मानना है कि सबसे आदर्श परिदृश्य यह है कि एक मंच टीवी और डिजिटल दोनों के अधिकार ले ले। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगर एक बार अधिकार दो अलग-अलग खिलाड़ियों को अलग-अलग बेचे जाते हैं, तो आपको विज्ञापनदाताओं की रुचि और विज्ञापनदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के मामले में बहुत अधिक चुनौती देखने को मिलती है।

## अगर भारत जल्दी विकेट नहीं खोता है, तो मैच सिर्फ उनका होगा : मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को एशिया कप और विश्व कप 2023 में पहले दस ओवरों में अपना विकेट न खोने और गेंदबाजों का सम्मान करने की सलाह दी है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, देखिए, सौभाग्य से भारत के लिए, नंबर एक, दो और तीन, जब विराट नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हैं, तो वे तीन बहुत अच्छे टेस्ट बल्लेबाज होते हैं। और आप शायद 50 ओवरों के बारे में बात कर सकते हैं- दिन का मैच और सफेद गेंद वाला क्रिकेट और वह सब, लेकिन 50 ओवर के खेल की शुरुआत टी20 मैच की तरह नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में कुछ गंभीर कौशल की जरूरत है और फिर रोहित शर्मा ने पिछले विश्व कप में ये पांच शतक लगाए। मांजरेकर ने शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक पर भी प्रकाश डाला और उन्हें उस तकनीक के साथ खेलने के लिए कहा। संजय मांजरेकर ने कहा,मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा। इस बीच, एक अन्य पूर्व भारतीय क्रिकेटर, संजय बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ एक अन्य साक्षात्कार में केएल राहुल की अनुकूलनीय प्रकृति और प्रशिक्षण शिविर में आजमाए गए विभिन्न बल्लेबाजी संयोजनों के बारे में बात की। बांगड़ कहा, केएल राहुल एक बहुत ही बहुमुखी खिलाड़ी हैं, खासकर जब उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में खेलाया जाता है। कभी उन्होंने पारी की शुरुआत की है, कभी उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी की है। इसलिए, आज हमें इस



**मुझे याद है कि वह पहले 10 ओवरों में गेंदबाजी का सम्मान करते थे। और ये तीन लोग - गिल, रोहित शर्मा और विराट - जिनके पास रक्षात्मक टेस्ट बल्लेबाजों के रूप में उत्कृष्ट साख है, उन्हें यही खेल लाना होगा। अगर वे शुरुआती विकेट नहीं खोते हैं, तो यह सिर्फ उनका मैच होगा:**
**संजय मांजरेकर**

शिविर में बहुत कुछ देखने को मिला। उन्होंने कहा, आज, हमने खिलाड़ियों की अलग-अलग जोड़ियों को एक साथ बल्लेबाजी करते हुए देखा, जैसा कि हमने कल के सत्र में देखा था - शुभमन गिल और रोहित शर्मा जोड़ियों में बल्लेबाजी कर रहे थे। आज, केएल और रोहित जोड़ियों में एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। बांगड़ ने आगे कहा, इस प्रकार इसका मतलब है कि टीम प्रबंधन के मन में यह विचार हो सकता है कि क्या केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। मुझे नहीं लगता कि यह उनका पहला विकल्प है, लेकिन जाहिर है, वे इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ मौका देना चाहते हैं, या वे अपने पास एक विकल्प रखना चाहते हैं।

## ज्यूरिख में डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन दोहराना चाहते हैं विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। 2023 वांडा डायमंड लीग ज्यूरिख में सीजन की अपनी 11वीं प्रतियोगिता की मेजबानी करेगी, जिसमें विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा अपनी शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे। लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर भी एक्शन में नजर आएंगे। गत चैंपियन के लिए यह तीसरा डायमंड लीग इवेंट होगा जहां वह चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च और जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर हैं। दोनों व्यक्ति दस सदस्यीय मजबूत क्षेत्र बनाएंगे जिसमें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर सहित अन्य शामिल होंगे।

इस बीच, श्रीशंकर डब्ल्यूएसी में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (ग्रीस), विलियम विलियम्स (यूएसए) और कैरी मैकलियोड (जमैका) जैसे कट्टर प्रतिस्पर्धियों को ज्यूरिख में पछाड़ने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलीट फिलहाल लंबी कूद तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसे शीर्ष के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

सभी गतिविधियां जियोसिनेमा पर लाइव होंगी और 31 अगस्त को स्पोर्ट्स18, 1 एचडी और एसडी पर प्रसारित होंगी।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को 15-1 से रौंदा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 30 अगस्त (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह के चार तथा उपकप्तान मोहम्मद रहील के तीन गोल की बदौलत भारत ने बांग्लादेश को सलाला(ओमान) में पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर के छह टीमों के इलीट पूल मैच में 15-1 से हरा अपना अभियान शानदार ढंग से शुरू किया। विजेता भारत के लिए साथ ही सुखविंदर, गुरजोत और पवन राजभर ने भी दो-दो तथा कप्तान मनदीप मोर तथा डिप्सन टिर्की ने भी एक - एक गोल किया। बांग्लादेश के लिए इकलौता गोल सवन सरोवर ने दूसरे मिनट में दागा।




भारत ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन पवन राजभर के मैदानी गोल करने का मौका चूकने के बाद दूसरे ही मिनट सवन सरोवर ने गोल कर बांग्लादेश को 1-0 से आगे कर सभी को चौंका दिया। मोहम्मद रहील ने अगले ही क्षण गोल कर भारत करे एक-एक की बराबरी दिला दी। शुरू में गोल खाने से बचने और एक दूसरे की थाह लेने की मंशा में भारत और बांग्लादेश की टीमों ने संभल कर आगाज किया। कप्तान मनदीप मोर ने आठवें मिनट में, अगले ही मिनट डिप्सन टिर्की औरमनिंदर ने दो मिनट बाद अपना पहला गोल भारत को 4-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी। गुरजोत ने पहला हाफ खत्म होने से दो मिनट पहले अपना पहला , सुखविंदर ने अगले ही क्षण एक और गोल तथा रहील ने अपना दूसरा गोल कर भारत को हाफ टाइम तक 7-1 से आगे कर मैच पर उसकी मजबूत पकड़ बना दी थी।

भारत ने दूसरे हाफ में अपने हमले जारी रखे। मनिंदर ने दाएं से बढ़ कर दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में,अगले ही मिनट पवन राजभर ने तथा तीन मिनट बाद सुखविंदर और अगले ही मिनट गुरजोत ने गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। मोहम्मद रहील ने मैच के 24 वें मिनट में अपना तीसरा गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। पवन राजभर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत की 13-1 कर दी। मनिंदर सिंह ने खेल खत्म होने से दो गोल और कर भारत को 15-1 से मैच जिता दिया।

## कोहली बढ़ाएंगे पाकिस्तान की टेंशन : मोहम्मद कैफ

नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। पिछली बार जब पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप-2022 में भारत का सामना किया था, तो विराट कोहली ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सबका दिल जीत लिया था। इस मैच में भारत ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। पिछले साल खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत को बेहद कठिन परिस्थितियों से निकालते हुए यादगार जीत दिलाई थी। ये जीत भारतीय क्रिकेट फैंस के जहन में हमेशा ताजा रहेगी।

ऐसे में एक बार फिर, जब एशिया कप-2023 में पाकिस्तान और भारत, 2 सितंबर को आमने-सामने होंगे। तो, फैंस को कोहली से एक बार फिर विराट पारी की उम्मीद होगी। यह बात पाकिस्तानी टीम भी जानती है कि किंग कोहली उनके लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान को बड़ी टेंशन दे दी है। उन्होंने कोहली की इस पारी को याद करते हुए कहा कि विराट को गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज निश्चित रूप से दबाव में होंगे।




कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा और जब पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की बात आती है तो वह एक दमदार बल्लेबाज हैं। वह पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और लक्ष्य का पीछा करने में माहिर हैं।

उस विश्व कप में उनका जो फॉर्म था, वह एशिया कप-2022 में उनके प्रदर्शन के कारण था, जिसकी शुरुआत उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लगाए गए शतक से की थी। प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कोहली द्वारा खेली गई 53 गेंदों में 82* रनों की मैच विजयी पारी निश्चित रूप से उनकी सबसे कठिन पारियों में से एक थी। वह खुद इसे टी-20 में अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी मानते हैं।

## इंग्लैंड में महिला क्रिकेट टीम की फीस पुरुषों के बराबर हुई

**लंदन,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को घोषणा की कि वो तत्काल प्रभाव से महिला टीम की मैच फीस को पुरुष टीम की मैच फीस के बराबर कर रहे हैं। इंग्लैंड ने महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की इस घोषणा का यह मतलब है कि मैच फीस में समानता इंग्लैंड की महिलाओं की श्रीलंका के खिलाफ आगामी सफेद गेंद वाली घरेलू श्रृंखला से प्रभावी होगी। न्यूजीलैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड अपनी अंतरराष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के लिए मैच फीस बराबर करने वाला चौथा क्रिकेट राष्ट्र बन गया है। इंग्लैंड की कप्तान



हीथर नाइट ने इस ऐतिहासिक कदम पर कहा, यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें और इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिए समान मैच फीस देखना शानदार है। मैं खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर खेल के विकास में उनके समर्थन के लिए पीसीए और इंग्लैंड महिला खिलाड़ी साझेदारी को भी धन्यवाद देना चाहूंगी।

यह विकास इस ग्रीष्मकालीन महिला एशेज श्रृंखला में जून और जुलाई में 110,000 की रिकॉर्ड-तोड़ भीड़ के बाद आया है। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह एक यादगार पल था। इंग्लैंड ने एजबेस्टन, किआ ओवल और लॉर्ड्स में महिलाओं की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति के नए रिकॉर्ड बनाए। हीथर ने श्रृंखला को महिलाओं के खेल के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ श्रृंखला घोषित किया।

ईसीबी ने कहा कि इस साल घरेलू वेतन में बढ़ोतरी और द हंड्रेड में महिला खिलाड़ियों का वेतन पिछले साल दोगुने से अधिक होने के कारण अतिरिक्त निवेश हुआ है। दुनिया भर की प्रतियोगिताओं में कमाई के बढ़ते अवसरों के साथ, यह खेल वर्तमान में महिला टीम खेलों के बीच कमाई के कुछ बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

## डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में हरमनप्रीत, ऋचा, दीप्ति, जेमिमा, पूजा

**मेलबर्न,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर बुधवार को लीग द्वारा घोषित उद्घाटन डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में प्लेटिनम खिलाड़ियों में शामिल की गयी हैं। कुल मिलाकर, 3 सितंबर को होने वाले बीबीएल और डब्ल्यूबीबीएल विदेशी ड्राफ्ट के लिए 50 खिलाड़ियों को प्लेटिनम का दर्जा दिया गया है। प्लेटिनम सूची में नामित 25 खिलाड़ी शीर्ष वेतन बैंड के भीतर टीमों द्वारा पहले दौर में ड्राफ्ट किए जाने के पात्र हैं।

हरमनप्रीत ने लीग में सिडनी थंडर और मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेला है, जबकि ऋचा ने पिछले साल के डब्ल्यूबीबीएल सीज़न में होबार्ट हरिकेंस का प्रतिनिधित्व किया था। जेमिमा मेलबर्न स्टार्स और रेनेगेड्स के लिए खेल चुकी हैं, जबकि दीप्ति सिडनी थंडर के लिए खेल चुकी हैं और पूजा ने अतीत में ब्रिस्बेन हीट का प्रतिनिधित्व किया था। चामरी अटापट्टू , लॉरेन बेल, तज़्मिन ब्रिट्स, ऐलिस कैप्सी, केट क्रॉस, निदा डार, सोफी डिवाइन, डींड्रा डॉटिन, सारा ग्लेन, शबनिम इस्माइल, मारिज़ैन कप्प, अमेलिया केर, हीथर नाइट, हैली मैथ्यूज, नॉनकुलुलेको म्लाबा, स्टैफनी टेलर, क्लो ट्रायॉन , लॉरा वोल्वार्ड्ट, इस्सी वोंग और डैनी व्याट डब्ल्यूबीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची में अन्य खिलाड़ी हैं। बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में इंग्लैंड का दबदबा है, जिसके 14 खिलाड़ी गस एटकिंसन, सैम बिलिंग्स, हैरी ब्रूक, जो क्लार्क, जैक क्रॉली, टॉम करेन, एलेक्स हेल्स, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, टॉम कोहलर-कैडमोर, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, फिल साल्ट और जेम्स विंस हैं।



अन्य बीबीएल प्लेटिनम खिलाड़ियों में क्विंटन डी कॉक, फाफ डु प्लेसिस, मार्टिन गुप्टिल, राशिद खान, शादाब खान, कॉलिन मुनरो, निकोलस पूरन, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान, रिले रोसौव और मुजीब उर रहमान शामिल हैं। ड्राफ्ट में केवल कुछ ही दिन बचे हैं, उम्मीदें बढ़ रही है और हम प्रत्येक ड्राफ्ट के लिए प्लेटिनम खिलाड़ियों की सूची साझा करने के लिए उत्साहित हैं। दोनों सूचियों में विश्व स्तरीय टी20 प्रतिभाएं शामिल हैं, जो इस गर्मी में क्रिकेट उत्कृष्टता के एक शानदार प्रदर्शन का वादा करती हैं। बिग बैश लीग के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉब्सन ने कहा, दोनों ड्राफ्ट के लिए नामांकन असाधारण हैं, और हम रविवार रात के ड्राफ्ट कार्यक्रमों का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

ड्राफ्ट में चार राउंड होंगे, जिसमें क्लब कुल मिलाकर न्यूनतम दो और अधिकतम तीन खिलाड़ियों का चयन कर सकेंगे, प्रत्येक क्लब को कम से कम एक राउंड में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। ड्राफ्ट नाइट में चार श्रेणियां होंगी जिनमें खिलाड़ियों का चयन किया जा सकता है- प्लेटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज़। प्रत्येक श्रेणी के लिए वेतन विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी दरों पर निर्धारित किया गया है, जिसमें प्लेटिनम खिलाड़ी का उच्चतम भुगतान है। डब्लूबीबीएल में, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 110,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 90,000, 65,000 और 40,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे। बीबीएल के लिए, प्लेटिनम खिलाड़ियों को 420,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलना तय है, जबकि स्वर्ण, रजत और कांस्य खिलाड़ियों को क्रमशः 300,000, 200,000 और 100,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे।

## सार संक्षेप

### सांस लेने की परेशानी पर काबू पाकर ओन्स जाबौर दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** पिछले साल की फाइनलिस्ट ट्यूनीशिया की ओन्स जाबौर ने सांस लेने में दिक्कत के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को 7-5, 7-6(4) से हराकर मंगलवार को यूएस ओपन के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। 222 की उपविजेता, जो सोमवार को 29 साल की हो गयी, ने सांस लेने में कठिनाई के बावजूद कोलंबियाई युवा कैमिला ओसोरियो को पछाड़कर लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम के अंदर एक साहसी प्रदर्शन के साथ जीत हासिल की । जाबौर ने अपने ट्रेडमार्क ड्रॉप शॉट्स और लूपिंग लॉब्स का इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज की।ट्यूनीशियाई का अगला मुकाबला गुरुवार को चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने मैडिसन ब्रेंगल को आसानी से 6-2, 6-1 से हराया। महिला एकल प्रतियोगिता के पहले दौर के मैच में एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने कनाडा की 221 यूएस ओपन महिला एकल उपविजेता लेयला फर्नांडीज को हरा दिया। काफी नाटकीयता वाले कड़े मुकाबले में एलेक्जेंड्रोवा 7-6(4), 5-7, 6-4 से मैच जीतने में सफल रही। दूसरे दिन पहले दौर के अन्य मैचों में, यूनाइटेड किंगडम की केटी बोल्टर ने फ्रांस की डायने पैरी को 6-4, 6ॅ से हराया, जबकि जर्मनी की मारिया तात्जाना क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक से 6-2, 6-1 से हार गईं।

### यूएस ओपन : शीर्ष सितारे मेदवेदेव, ज्वेरेव, बेरेटिनी दूसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव मंगलवार को यहां हंगरी के अत्तिला बालाज को 6-1, 6-1, 6ॅ से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गए। यह तीसरी वरीयता प्राप्त रूसी खिलाड़ी की सीज़न की 5वीं टूर-स्तरीय जीत थी। अब उनके पास यूएस ओपन में 24-5 का रिकॉर्ड है, उन्होंने हार्ड-कोर्ट इवेंट में तीन अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं (ऑस्ट्रेलियाई ओपन 21, विंबलडन 13, रोलैंड गैरोस 7) की तुलना में अधिक जीत हासिल की है। उनका अगला मुकाबला मैक्स परसेल और क्रिस्टोफर ओकोनेल के बीच होने वाले ऑस्ट्रेलियाई मैच के विजेता से होगा। मेदवेदेव, जो इस पखवाड़े में अपने दूसरे स्लैम खिताब का पीछा कर रहे हैं, ने इस साल हार्ड कोर्ट पर चार टूर-स्तरीय ट्रॉफियां उठाई हैं। अन्य मुकाबले में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अलेक्जेंडर वुकिक को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला डेनियल अल्टमैयर या कॉन्स्टेंट लेस्टिएन से होगा।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली, 30 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## गैर-बासमती चावल की फंसी निर्यात खेप के लिए नियम संशोधित, निर्यातकों को राहत

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी संबंधी नियमों में कुछ नये संशोधन किये हैं ताकि पिछले निर्णयों के कारण बंदरगाहों पर फंसी निर्यात की खेप दूसरे देशों के उनके विभिन्न गंतव्य के लिए आगे बढ़ायी जा सके ।

चावल निर्यातकों ने कहा है कि इस संबंध में मंगलवार को जारी अधिसूचना से उन्हें बड़ी राहत मिली है और इसके लिए उन्होंने सरकार का धन्यवाद किया है । नेशनल राइस एक्सपोर्ट फेडरेशन (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रेम गर्ग ने कहा कि सरकार के नये निर्णय से निर्यातकों की कुल करीब 1.5 लाख टन चावल की खेप अब निकल जाएगी जो विभिन्न बंदरगाहों पर फंसी हुई थी । विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी द्वारा 29 अगस्त को जारी अधिसूचना में गैर बासमती चावल पर पाबंदी के लिए 20 जुलाई, 2023 की को जारी अधिसूचना में संशोधन करते हुए नया प्रावधान यह किया गया है। इससे 20 जुलाई को पाबंदी लागू होने के दिन एक निश्चित समय के पहले तक बंदरगाहों पर पहुंच



चुके माल की खेप को निर्यात के लिए अब जारी किया जा सके ।

अधिसूचना में कहा गया है कि यदि (1) - गैर-बासमती चावल की निर्यात के लिए निकली खेप 20 जुलाई, 2023 को रात 21 बजकर 57 मिनट एक सेंकेड से पहले सीमा शुल्क विभाग की कंप्यूटर प्रणाली में दर्ज हो चुकी थी या उस समय तक सीमा शुल्क केंद्र में प्रवेश कर गयी थी और उसका तिथि तथा समय सहित पुष्ट प्रमाण है तो उसका 30 अक्टूबर तक निर्यात किया जा सकता है। (2) ऐसे माल जिस पर पाबंदी की उस तिथि को रात 21 बज कर 57 मिनट से पहले निर्यात शुल्क का भुगतान हो चुका हो उसके निर्यात की भी छूट होगी। पाबंदी से पहले गैर बासमती चावल का निर्यात नियंत्रित करने के लिए 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगा हुआ था।

गौरतलब है कि चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने जुलाई में गैर-बासमती सफद चावल के निर्यात पर रोक लगा दी थी। सरकार ने उसके बाद एक निश्चित दर से कम भाव वाले बासमती चावल का निर्यात भी रोक दिया है क्यों कि उसने देखा था कि कुछ निर्यातक वैश्विक बाजार में तेजी का फायदा उठाते हुए बासमती के नाम पर गैर बासमती चावल बाहर भेजने लगे थे। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर लागू किए गए 1200 डालर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य को घटा कर 1000 डालर करने की मांग भी की है ।

आईआरईएफ के अध्यक्ष डॉ गर्ग ने सरकार का धन्यवाद करते हुए एक बयान में कहा, इस फैसले से भारत के चावल व्यापारी, चावल मिल मालिक, चावल निर्यातक, ट्रांसपोर्टर, पैकिंग सामग्री वाले, क्लियरिंग हाउस एजेंट, किसान एवं मजदूर भाई सभी को फायदा हुआ है और सबने बड़ी राहत की सांस ली है। डॉ गर्ग का अनुमान है कि आगे दो-तीन महीनों के अंदर जो चावल की नयी फसल बजार में आने पर बाजार शांत होगा। उन्होंने कहा, 'हम दोबारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के लिए सरकार का कोटि कोटि धन्यवाद करते हैं। हमें उम्मीद है कि भारत सरकार चावल के मुक्त व्यापार (निर्यात) को दोबारा से खोलेगी।

## देश के अधिकांश शहरों में पहली तिमाही में घर हुए महंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद जैसे आठ प्रमुख महानगरों सहित 50 बड़े शहरों में से 43 में घरों की कीमत तेज हुई। यह तथ्य राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) द्वारा बुधवार को जारी आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहली तिमाही में कोलकाता, मुंबई और पुणे में भी संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। एनएचबी रेसिडेक्स नामक आवास मूल्य सूचकांक तिमाही आधार पर चुनिंदा 50 शहरों में आवासीय संपत्तियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर निगाह रखता है। इस सूचकांक के लिए तुलना का आधार वित्तीय वर्ष 2017-18 की कीमतों को रखा गया है। बुधवार इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के आठ प्रमुख शहरों में प्राथमिक आवासीय बाजारों में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी कहीं एक प्रतिशत से कम तो कहीं नौ प्रतिशत तक देखी गई। इनमें अहमदाबाद में कीमतों में वार्षिक आधार पर 9.1 प्रतिशत, बेंगलुरु (8.9 प्रतिशत), चेन्नई (1.1 प्रतिशत), दिल्ली (0.8 प्रतिशत), हैदराबाद (6.9 प्रतिशत),



कोलकाता (7.8 प्रतिशत) , मुंबई (2.9 प्रतिशत), और पुणे में (6.1 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गयी।

बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से एकत्रित 50-शहरों की आवासीय संपत्तियों के मूल्यांकन के आंकड़ों के आधार पर तैयार एचपीआई सूचकांक में वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में वृद्धि सात प्रतिशत थी। अलग अलग शहरों में आवास की कीमतों में बदलाव का अनुपात अलग-अलग है। उदाहरण के लिए इस दौरान गुरुग्राम में कीमतें सालाना आधार पर 20.1 प्रतिशत ऊंची हुई हैं जबकि लुधियान में प्राथमिक आवासीय सम्पत्तियों के भावों में एक साल पहले की तुलना में 19.4 प्रतिशत की गिरावट रही।

## अधिकांश कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अच्छा महसूस नहीं करते : सर्वे

बेंगलुरु, 30 अगस्त, (वार्ता) भारतीय संस्थानों में काम करने वाले केवल 24 प्रतिशत कर्मचारी ही अपने कार्यस्थलों पर काफ़ी अच्छा महसूस करते हैं। भारतीय व्यवसायों में काम करने वाले कर्मचारियों में तीन-चौथाई से ज़्यादा ने कम अच्छा महसूस होने की बात कही है। हालाँकि, कार्यस्थल पर कम खुशहाली केवल भारत में ही नहीं है। यह समस्या पूरे विश्व की है। इनडीड और फॉरेस्टर कंसल्टिंग द्वारा जारी एक संयुक्त रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। सर्वे के मुताबिक़ भारतीय संस्थानों में खुशहाल कर्मचारियों की संख्या वैश्विक औसत- 25 प्रतिशत के लगभग बराबर है। वर्क वेलबीइंग इन इंडिया 2023 रिपोर्ट हाउ थ्राइविंग पीपल क्रिएट थ्राइविंग कंपनीज़ शीर्षक की इस रिपोर्ट का उद्देश्य कर्मचारियों की ख़ुशहाली मापने और नौकरी के प्रदर्शन, कार्यस्थल उत्पादकता एवं संगठनों में कर्मचारी के रिटेंशन लेवल आदि पर उनके प्रभाव को पहचानना था। ज़्यादा अच्छा महसूस करने वाले कर्मचारियों को 'कार्यस्थल पर खुशहाल' माना जाता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में वैलनेस रिसर्च सेंटर के अनुसार, ऐसे कर्मचारी निम्नलिखित गुण या अनुभव प्रदर्शित करते हैं - नौकरी से अत्यधिक संतुष्ट, काम को लेकर बहुत कम तनाव, अत्यधिक सकारात्मकता/खुशी, और संस्थान में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट उद्देश्य। सर्वे में शामिल 67 प्रतिशत से ज़्यादा कर्मचारियों ने माना कि कार्यस्थल पर उनकी ख़ुशहाली की ज़िम्मेदारी उनके नियोक्ता की है। ऐसे कार्यस्थलों में समावेशिता की भावना, स्वीकृति, सम्मानजनक बातचीत और सहयोगपूर्ण मैनेजर्स की उपस्थिति जैसी विशेषताएँ होती हैं। अधिकांश



कर्मचारियों (93प्रतिशत) ने कहा कि उनका मैनेजर सहानुभूतिपूर्ण नेतृत्व प्रदर्शित करता है, 87प्रतिशत ने बताया कि उनका मैनेजर उदाहरण द्वारा नेतृत्व करता है। लेकिन यदि भारत में कार्यस्थल की संस्कृति पर किए गए मुख्य अध्ययनों को देखें तो इस तरह के उदाहरण बहुत कम हैं। सर्वे में शामिल 69प्रतिशत कर्मचारियों के मुताबिक़ उनके संगठनों में वरिष्ठ नेतृत्व उनसे चाहता है कि वो अपने निर्धारित दायित्वों से बढ़कर काम करें।

इनडीड इंडिया के विक्रय प्रमुख शशि कुमार ने कहा, कार्यस्थल पर खुशहाली हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, फिर चाहे हम रिमोट काम करें या ऑफिस में। हमारे द्वारा किए गए अध्ययनों में सामने आया है कि आगे चलकर कार्यस्थल पर खुशहाली के ऊपर ज़्यादा ज़ोर दिया जाएगा। सर्वे में ख़ुशहाली को लेकर कर्मचारियों के दृष्टिकोण में स्पष्ट पीढ़ीगत परिवर्तन देखने को मिलता है। 18 से 26 साल के जेन ज़ी समूह (20प्रतिशत) अपने के ज़्यादा उम्र के मिलेनियल्स (24प्रतिशत) और जेन-एक्स (27प्रतिशत) की तुलना में कम खुशहाल कर्मचारी हैं। ज़्यादा उम्र के कर्मचारी कर्मचारियों की ख़ुशहाली को प्राथमिकता देने के मामले में अपने नियोक्ताओं की क्षमता पर भी ज़्यादा भरोसा करते हैं। 67प्रतिशत जेन ज़ी कर्मचारियों का मानना है कि उनके नियोक्ता ख़ुशहाली और कल्याण को व्यवसायिक सफलता से जोड़ते हैं। मिलेनियल्स और जेन-एक्स के मामले में ये आंकड़े 78प्रतिशत और 74प्रतिशत थे।

## सार संक्षेप

### एक्सिस कम्युनिकेशंस का पहला एक्सपीरियंस सेंटर

**नई दिल्ली।** नेटवर्क वीडियो क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एक्सिस कम्युनिकेशंस ने बेंगलुरु में पहला एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर एक्सिस इंडिया ऑफिस का हिस्सा है, जो नेटवर्क सिक्योरिटी सोल्यूशंस में हो रही आधुनिक प्रगति का प्रदर्शन करेगा। इस हब में पूरे देश के अंशधारकों के विशाल नेटवर्क के साथ संलग्न होकर सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर (एईसी) और इस ऑफिस के उद्घाटन के अवसर पर एक्सिस कम्युनिकेशंस एबी के सीईओ रे मॉरिट्सन; एशिया पैसिफ़िक के उपाध्यक्ष बुडेविज्न पेश्च; साउथ एशिया पैसिफ़िक के क्षेत्रीय निदेशक कार्ल माल्मक्विस्ट और एक्सिस कम्युनिकेशंस इंडिया एवं सार्क के निदेशक सुधींद्र होल्ला मौजूद थे। बेंगलुरु में स्थापित इस नये परिसर द्वारा राज्य में एक्सिस की स्थिति मज़बूत होगी और गठबंधन के लिए संभावित साझेदारों का परिवेश मिल सकेगा, जिससे इनोवेशन और उत्कृष्टता लाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में उत्पादों के भौतिक एवं इंटरैक्टिव प्रदर्शन द्वारा भविष्य की टेक्नोलॉजी का फर्स्ट-हैंड अनुभव मिलेगा। कंपनी के नवीनतम उत्पादों का अवलोकन पेश करते हुए, एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर परिवेश के साझेदारों को उत्पादों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देगा, ताकि वो टेक्नोलॉजीज की सही कार्यप्रणाली समझ सकें, और ग्राहकों को हर टच पॉइंट पर बेहतरीन अनुभव मिले। एक्सिस एक्सपीरियंस सेंटर में ऑडियो एनालिटिक्स, इंट्रूज़न डिटेक्शन, ऑटोमेटेड एक्सेस कंट्रोल सिस्टम और डेटा एनालिटिक्स टूल्स सहित एडवांस्ड सर्विलेंस सिस्टम एवं कई अन्य उत्पादों का प्रदर्शन होगा, जिससे बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलेगी।


### स्पाउडी का स्व-रोजगार महिला समूह 'सेवा' से करार

**नई दिल्ली।** ग्रीन-टेक इनोवेटर स्पाउडी और दुनिया की सबसे बड़ी स्व-रोजगार महिला संगठन 'सेवा' ने भारत की हजारों महिला लघु किसानों को स्मार्ट फार्मिंग शुरू करने योग्य बनाने के लिए 5 साल के एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार को वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 2 के तहत आपसी सहयोग पूरा किया जाएगा। यह घोषणा वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 की सफलता देखने के बाद की गई है जिसमें स्पाउडी और सेवा ने भारत के चार राज्यों में जमीनी स्तर पर कार्यरत सेवा सदस्यों को स्मार्ट फार्मिंग टेक्नोलॉजी और प्रशिक्षण दिया। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव फेज 1 का संचलान एसएचएल मेडिकल के सहयोग से किया गया था। वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव के कई साझेदार हैं जो छोटे किसानों के कृषि कार्य में बड़ा बदलाव करते हुए उन्हें स्मार्ट फार्मिंग करने में सक्षम बनाते हैं। इसमें कम पानी में अधिक पैदावार और अधिक मुनाफा लेने का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेवा की निदेशक रीमाबेन नानावटी ने कहा स्मार्ट फार्मिंग अलायंस की वॉटर ड्रॉप इनीशिएटिव सेवा के स्वच्छ आकाश अभियान की तर्ज पर शुरू की गई है, जिसमें हमारा मिशन अधिक से अधिक पर्यावरण अनुकूल रोजगार सृजन करना और भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ आसमान सुनिश्चित करना है।

## शेयर बाजार सपाट

**मुंबई** 30 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, दूरसंचार, रियल्टी और टेक समेत चौदह समूहों में लिवाली होने के बावजूद आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 11.43 अंक की मामूली बढ़त लेकर 65,087.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई) के निफ़्टी 4.80 अंक बढ़कर 19347.45 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुक़ाबले मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.55 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,207.87 अंक और स्मॉलकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,851.14 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2302 में लिवाली जबकि 1343 में बिकवाली हुई वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 30 कंपनियां तेजी जबकि 21 गिरावट पर रही। बीएसई के चौदह समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.63, सीडी 1.03, एफ एम सी जी 0.53, हेल्थ केयर 0.20, इंडस्ट्रियल्स 0.42, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.40, ऑटो 0.68, कैपिटल गुड्स 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.48, धातु 0.72, रियल्टी 1.38, टेक 0.75 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.14 प्रतिशत मजबूत रहे जबकि पॉवर, तेल एवं गैस ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और बैंकिंग समूह के शेयर 0.61 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.13, जापान का




निक्केई 0.33 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.46 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,311.58 अंक पर खुला और लिवली की बदौलत दोपहर से पहले 65,458.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,052.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,075.82 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 65,087.25 अंक पर रहा। निफ़्टी भी 91 अंक बढ़कर 19,433.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,452.80 अंक के उच्चतम जबकि 19,334.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,342.65 अंक की तुलना में 0.02 प्रतिशत बढ़कर 19,347.45 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की तेजी पर रही 17 कंपनियों में से जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.53, मारुति 1.50, इंफोसिस 1.19, एचसीएल टेक 0.91, अल्ट्रासिम्को 0.77, आईटीसी 0.59, नेस्ले इंडिया 0.58, सन फार्मा 0.49, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.40, टीसीएस 0.37, एशियन पेंट 0.28, भारती एयरटेल 0.28, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.23, एक्सिस बैंक 0.23 और टाइटन के शेयर भी 0.13 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, पावरग्रिड 1.59, एसबीआई 1.31, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, एचडीएफसी बैंक 0.71, इंडसइंड बैंक 0.55, एनटीपीसी 0.36, कोटक बैंक 0.35, एलटी 0.29, विप्रो 0.20, बजाज फाइनेंस 0.18, टाटा मोटर्स 0.16, बजाज फाइनेंस 0.14, टेक महिंद्रा 0.10 और रिलायंस के शेयरों ने 0.08 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## इंडिगो विमान में खराबी, डीजीसीए कर रहा व्यापक तकनीकी मूल्यांकन

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) मंगलवार को दो अलग-अलग इंडिगो विमानों में आई इंजन से संबंधित समस्याओं का व्यापक तकनीकी मूल्यांकन कर रहा है। विमानन नियामक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, डीजीसीए एयरलाइन ऑपरेटर के साथ कड़ा सहयोग बनाए रखते हुए इन दोनों घटनाओं के तकनीकी मूल्यांकन की निगरानी कर रहा है। मंगलवार को कुछ घंटों के अंतराल में दूसरी घटना में कोलकाता से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में हवा में खराबी आ गई। इस घटना में विमान का एक इंजन बंद हो गया, हालांकि, फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतरने में सफल रही। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, कोलकाता से बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 455 तकनीकी समस्या के कारण उड़ान भरने के बाद कोलकाता लौट आई। पायलट ने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया और कोलकाता में प्लेन को वापस उतार लिया। यात्रियों को बेंगलुरु लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। इससे पहले मंगलवार को मदुरै से उड़ी इंडिगो प्लेन एक इंजन बंद होने के बावजूद मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गई। एयरबस ए321 सुरक्षित रूप से मुंबई में लैंड कराया गया। इस मामले पर एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, मदुरै से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 2012 में मुंबई में लैंडिंग से पहले एक तकनीकी समस्या थी। पायलट ने मुंबई में लैंडिंग को प्राथमिकता दी। विमान को मुंबई में रोक दिया गया है। प्लेन आवश्यक रखरखाव के बाद परिचालन में वापस आ जाएगा। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 65 रिंगिट उबलकर 3866 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट की तेजी लेकर 63.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## 24 कंपनियों ने किया हाईवेयर पीएलआई स्कीम में आवेदन

**नई दिल्ली,** 3 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की कंप्यूटर हार्डवेयर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे चरण में आज आखिरी दिन कम से कम 32 कंपनियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं और ये सभी कंपनियां भारत में एक टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में योगदान को लेकर खासी उत्साहित हैं।

संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में लैपटॉप, डेस्कटॉप, सर्वर आदि हार्डवेयर के निर्माण के लिए पीएलआई 2.0 योजना में अंतिम दिन तक 24 कंपनियों के आवेदन आये हैं उनमें एचपी, डेल, एसर, एसिस, लेनोवो, थॉमसन, एचपी एंटरप्राइजेज़, वीवीडीएन आदि शामिल हैं। इनमें से 25 प्रतिशत घरेलू, 22 प्रतिशत हाईब्रिड विनिर्माण करेंगी। कुछ भारतीय कंपनियां भी हैं जो विश्व के बड़े ब्रॉण्डों के लिए



विनिर्माण करेंगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि इस चरण में देश में उत्तरोत्तर उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपए तक का होने का अनुमान है। जबकि ये कंपनियां 2430 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी तथा इससे 75 हजार प्रत्यक्ष एवं करीब सवा दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निस्तारण बहुत तेजी से किया जाएगा और उन्हें जल्द से जल्द उत्पादन शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

लाइसेंस प्रणाली को लेकर विवाद के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी आवेदकों से उनकी सीधी बात हुई है और एक भी कंपनी को इस बारे में कोई शिकायत या चिंता नहीं है। सभी कंपनियां भारत में मेक इन इंडिया को सफल बनाने और भारत को हार्डवेयर के क्षेत्र में टिकाऊ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और मूल्यवर्धन श्रृंखला बनाने को लेकर खासी उत्सहित हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह विश्वास जताया कि जिस प्रकार से भारत मोबाइल आयातक देश से ना सिर्फ मोबाइल फोन निर्यातक देश बन गया है और भारत में 98 प्रतिशत मोबाइल फोन सेट स्वदेश निर्मित हैं। हार्डवेयर पीएलआई योजना से इससे भी अच्छी स्थिति निर्मित होगी।

एपल कंपनी के इस पीएलआई योजना में भाग नहीं लेने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एपल के भी आने की उम्मीद है। वर्तमान में एपल भारत में ऐसे चार कंपोनेंट बनाती है जिसे विश्व भर में निर्यात किया जाता है।

हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0 के अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना की अवधि विनिर्माण शुरू होने के बाद छह वर्ष तक है। बीते आठ वर्षों में कंप्यूटर हाईवेयर क्षेत्र में भारत में 17 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गयी है। हार्डवेयर पीएलआई स्कीम 2.0 में आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार मध्यरात्रि तक है।

# मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव है भोजली-बघेल





## राष्ट्रीय भोजली महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर**,30 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय भोजली महोत्सव-2023 में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर मित्रता का अभूतपूर्व उत्सव 'भोजली' पर्व के आयोजन के लिए गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति को बधाई दी और इसे प्राचीन सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने की दिशा में सराहनीय बताया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली का पर्व हमारी विशिष्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति है। भोजली मित्रता का उत्सव भी है। छत्तीसगढ़ में मित्रता के अटूट बंधन के लिए भोजली बदने की परम्परा रही है। इस तरह से भोजली केवल एक पारंपरिक अनुष्ठान नहीं रह जाता अपितु लोगों के दिल में बस जाता है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जब हमारी संस्कृति बचेगी, तभी हम बचेंगे। जब हमें अपनी संस्कृति पर गौरव होगा, तभी हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। हम प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए कार्य तो कर ही रहे हैं। कर्ज माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेश के सभी वर्गों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है लेकिन इसके साथ ही हम सांस्कृतिक विकास को भी उतना ही महत्व दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि हमने देवगुड़ियों और घोटुल के संरक्षण के लिए कार्य किया है। मुख्यमंत्री पर्व सम्मान निधि और आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के माध्यम से हम स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए सभी पंचायतों को दस हजार रुपए वार्षिक सहायता दे रहे हैं। बस्तर में हमने बादल का गठन किया है। बस्तर लोक संस्कृति एवं भाषा अकादमी नाम से जानी जाने वाली इस संस्था के माध्यम से बस्तर के लोकगीतों को, लोकधुनों को और पारंपरिक रिवाजों को तथा बोली को सहेजने का काम हो रहा है। इसके माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक सुंदरता को दुनिया जान पा रही है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति बेहद खूबसूरत है। इसके नृत्य, संगीत, परिधान और भाषा-बोली अपने में अनेक रंग समेटे हैं। इसकी सुंदरता को दुनिया जाने और इसे इसका वास्तविक मान मिल सके, इसके लिए हमने राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन कराया। इस महोत्सव के माध्यम से देश-विदेश के कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया। इतने बड़े मंच पर आदिवासी कला का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ था और इसे भरपूर सराहना मिली। इस अवसर पर खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, विधायक श्री रामकुमार यादव, महापौर रायपुर नगर पालिक निगम श्री एजाज ढेबर और छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा तथा राजस्थान आदि राज्यों से आदिवासी समाज के पुरूष-महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दाधापारा-चकरभाटा के बीच एक ही ट्रैक पर माल गाड़ी और यात्री ट्रेन!



**बिलासपुर**। ओडिशा के बालासोर की तरह बुधवार शाम छत्तीसगढ़ के बिलासपुर-रायपुर के बीच दाधापारा-चकरभाठा के बीच एक ही ट्रैक पर मालगाड़ी और एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिससे यात्री दहशत में आ गए। वहीं, इस नजारे को देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि ट्रेन में टक्कर नहीं हुई। इसमें रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब 4 बजे बिलासपुर से एक यात्री ट्रेन रायपुर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन दाधापारा स्टेशन से निकलकर चकरभाठा स्टेशन से ओवरब्रिज के पास आकर खड़ी हो गई। इसी दौरान उसके पीछे मालगाड़ी आते दिखी, जिसे देखकर यात्रियों में अफरातफरी मच गई और सभी ट्रेन से उतर गए।

एक ट्रैक पर दो ट्रेनों के खड़ी होने और यात्रियों के बाहर निकलने के बाद वहां आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं, ओवरब्रिज के ऊपर भी लोगों की भीड़ पहुंच गई।

इस दौरान लोगों ने एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों के आकर खड़ी होने का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया और इसे रेलवे की लापरवाही बताते रहे। कहा जा रहा है कि ट्रेन के लोको पायलट ने समय रहते मालगाड़ी को रोक लिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### रेलवे ने बताया ऑटो सिग्नलिंग

इस दौरान मौजूद लोगों ने इस घटना की सूचना रेलवे को दी। तब उन्हें बताया गया कि कोई दुर्घटना जैसी स्थिति नहीं है। ऑटो सिग्लनिंग सिस्टम के बाद से एक ट्रैक पर दो गाड़ियां चलती है और ऑटो सिग्नल मिलते ही ट्रेन रुक जाती है। यहां भी ऐसा ही हुआ है।

### रेलवे के अफसरों ने कहा-सब नियमों के अनुसार

रेलवे के सीपीआरओ साकेत रंजन से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन, उनसे संपर्क नहीं हो सका। रेलवे के दूसरे अफसरों के मुताबिक बिलासपुर मंडल के कई सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग ब्लॉक सेक्शन है।

रेलवे सामान्य नियम के अनुसार जहां भी सेक्शन बनाता है, वहां एक ही लाइन पर एक से अधिक गाड़ियों का सुरक्षित परिचालन एक समय में सिग्नल के आधार पर किया जाता है, इसलिए यह परिचालन भी नियमानुसार किया गया है। इसमें हादसे जैसी कोई बात नहीं है।

## सार-संक्षेप

### पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस का विक्रमगढ़ आलोट में ठहराव

**बिलासपुर** , 30 अगस्त (देशबन्धु)। रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20813/20814 पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल के अंतर्गत विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा प्रदान की गयी है । यह सुविधा दिनांक 31 अगस्त, 2023 से दी जा रही है । यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर अस्थायी रूप से 6 महीने के लिए दिया जा रहा हैं । दिनांक 31 अगस्त, 2023 को पुरी से चलने वाली गाड़ी 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन 23.38 बजे पहुचकर 23.40 बजे रवाना होगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी दिनांक 03 सितम्बर, 2023 को जोधपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन का विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन में 01.38 बजे पहुचकर 01.40 बजे रवाना होगी ।



### भोजली महोत्सव में शामिल होंगे साय, अटल व, रामशरण



**बिलासपुर** , 30 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य लोक संस्कृति परंपरा भोजली तिहार इस बार घूम धाम से मनाया जायेगा। 31अगस्त 2.00 बजे दोपहर 18 वा वर्ष तोरवा में भोजली महोत्सव के कार्यक्रम भोजली के पावन पर्व पर भोजली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले को नगद राशि पुरस्कार दिया जाएगा मुख्य अतिथि अटल श्रीवास्तव अध्यक्ष पर्यटन मंडल छत्तीसगढ़ शासन, महापौर राम शरण यादव , औद्यौगिक विकास निगम के अध्यक्ष नन्द कुमार साय पार्सद अजय यादव आदि जनप्रतिनिधि शामिल होंगे इस कार्यक्रम लोक कलाकार चंदन यादव अपनी देगे प्रस्तुति, इस कार्यक्रम फिल्म छाली बुड अभिनेत्री अनिता एल्बम कमेड़ी, समस्त भोजली समिति सदस्य अध्यक्ष शंकर यादव, गंगेश्वर सिंग उइके,सुनील भोई, नंदकिशोर यादव मुकेश केवट, शुभम यादव सहदेव केवट, सुरेश दास मानिकपुरी,शरद यादव , रामचन्द्र रजक,मनीष पटेल देव भोई तिलक केवट मनोहर पटेल ,गोपाल यादव जतिन विश्वकर्मा,बब्रजभूषण सरवन,महिला सदस्य, श्रीमति रामबाई सैनिक, सुखमत केवट, अमरीका भोई,रामप्यारी पटेल, कुंवारी भोई, संतोषी भोई, यशोदा सिंग उइके, रेखा दास मानिकपुरी, बनवासा यादव,माया रजक एवं भोजली महोत्सव समिति सदस्यगण शामिल होंगे।

### चपोरा के पास वैन पुलिया से टकराई, महिला की मौत

**बिलासपुर**,30 अगस्त (देशबन्धु)। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम चपोरा में मंगलवार सुबह हुये सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति को गंभीर हाल में रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 500 बजे के आसपास गौरेला से धनिया की ओर जा रही इको कार क्रमांक सीजी 04 7591 के चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे कार सड़क किनारे बने पुल से टकरा गई। इस हादसे में कार के सामने के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार योगिता मिश्रा मौके पर ही मौत हो गई, तो वही कार चला रहे उनके पति अजय मिश्रा बुरी तरह घायल हुए हैं। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने रतनपुर पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया वहीं मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भेजा गया है।

# सहायक आरक्षक की हत्या करने वाला नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के मोरमेड और चिंतनपल्ली के जंगलों में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने तीन नक्सलियों को सहायक आरक्षक हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ पुलिस थाना तोयनार में मामला दर्ज कर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बस्तर फाइटर 19/सी छसबल तोयनार और तोयनार थाना पुलिस की संयुक्त टीम मंगलवार को नक्सल विरोधी अभियान के तहत गशत में निकली थी। सुरक्षाबल के जवान मोरमेड और चिंतनपल्ली की ओर निकले थे। इसी दौरान चिंतनपल्ली के जंगल से सुरक्षाबलों को तीन नक्सलियों को पकड़ने में सफलता मिली।

गिरफ्तार नक्सली का नाम विज्जा तेलम (उम्र 45 वर्ष) है, जो माओवादी दल के जनताना सरकार अध्यक्ष रहा है। वहीं बुधु कुड़ियम उम्र 43 वर्ष और अशोक कुड़ियम उम्र 21 वर्ष है। यह दोनों नक्सली जन मिलिशिया सदस्य रहे हैं। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ तोयनार पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय बीजापुर पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जब छत्तीसगढ़ के राजकीय गमछे के साथ नजर आए कोरिया के इक्सन सिटी के मेयर

## दक्षिण कोरिया के इक्सन सिटी मेयर का छत्तीसगढ़ी राजकीय गमछा से सम्मान



**रायपुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एमएके मिकी के द्वारा दक्षिण कोरिया के इक्सन सिटी के मेयर जून्ग-हून यूल को आज छत्तीसगढ़ी राजकीय गमछा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मेयर को बताया कि यह हमारे प्रदेश का राजकीय गमछा है। इस परिधान के माध्यम से हमारी संस्कृति को प्रतीक रूप में प्रदर्शित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत और दक्षिण कोरिया सांस्कृतिक रूप से काफी नजदीकी रूप से जुड़े हुए हैं। कोरिया में इस बात के ऐतिहासिक दस्तावेज हैं कि लगभग दो हजार साल पहले अयोध्या की एक राजकुमारी का ब्याह कोरिया के राजकुमार से हुआ था और जल मार्ग से अयोध्या की राजकुमारी कोरिया गई थी इस घटना की स्मृति में अयोध्या में एक पार्क भी स्थापित किया गया है। छत्तीसगढ़ भी चूंकि भगवान राम का ननिहाल रहा है। अतः इस तरह से यह प्रगाढ़ सांस्कृतिक संबंध है। हाल ही में दक्षिण कोरिया में सम्पन्न हुए 25वें विश्व स्काउट गाइड जंबूरी 2023 में इण्डियन स्काउट फेलोशिप तथा अटास इण्डिया का 29 सदस्यीय संयुक्त दल राष्ट्रीय अध्यक्ष उड़ीसा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति जस्टिस कल्पेश झवेरी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ था।

इक्सन सिटी मेयर कार्यालय के द्वारा भारतीय दल को राजकीय अतिथि का दर्जा देते हुए इक्सन कल्चर एवं टूरिजम फाउंडेशन तथा डिपार्टमेंट ऑफ कल्चर एण्ड टूरिजम इण्डस्ट्री इक्सन, दक्षिण कोरिया के द्वारा सांस्कृतिक एवं पर्यटन महत्व के स्थलों का दिनांक 04 एवं 05 अगस्त को भ्रमण कराया गया तथा भारतीय दल के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया था। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एमएके मिकी को दक्षिण कोरिया के द्वारा मानद नागरिकता प्रदान की गई है।

इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप एवं अटास इण्डिया के संयुक्त भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से अटास इण्डिया छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा तथा उपाध्यक्ष जितेन्द्र साखरे सम्मिलित हुए थे। उल्लेखनीय है कि 25वें विश्व स्काउट जंबूरी में सम्मिलित होने के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी थी।

# बाल ग्राम-स्कूल की बालिकाओं ने राज्यपाल हरिचंदन को बांधी राखी



**रायपुर**, 30 अगस्त (देशबन्धु)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को रक्षा बंधन के अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम रायपुर और सेंट जेवियर्स स्कूल की बालिकाओं ने राखी बांधी। राज्यपाल ने सभी बालिकाओं को मिठाई खिलाई और उनको आर्शीवाद दिया। बाल ग्राम की बालिकाओं ने अपने हाथ से बनाया हुआ मंडला आर्ट पेंटिंग उन्हें भेंट किया। सेंट जेवियर्स की बालिकाओं ने स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड और हरियाली का संदेश देते हुए आम का पौधा राज्यपाल को भेंट किया।

इस अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम की बालिकाएं कुमारी राजे सलबम, मिष्ठी बोस, अक्षरा राव, संजना जंघेल, चुनेश्वरी साहू और बाल राम की निर्देशिका कुमारी निपुना सेन, परामर्श दाता श्रीमती मुनिता सिंह ठाकुर सेंट जेवियर्स स्कूल की बालिकाएं कु. आर. श्रीदेवी, मौलश्री, अविका त्यागी, समृद्धी सिघंल और स्कूल की शिक्षिका श्रीमती शोभा चौहान आदि उपस्थित थे।

# खेल दिवस पर खिलाड़ियों और रेल कर्मियों का किया गया सम्मान




**बिलासपुर** , 30 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 29 अगस्त को शाम 7:00 बजे मेजर ध्यानचंद जयंती नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट बिलासपुर के टेबल टेनिस हॉल मैं मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री स्नेहआशीष घोष सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी विशेष अतिथि वाई सत्य राव वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान समारोह किया गया मोहम्मद नसीर खान हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी को सम्मानित किया गया श्री मोहन सिंह क्रिकेट के वरिष्ठ खिलाड़ी, शेख रफीक वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी श्रीमती गौरी टेबल टेनिस वरिष्ठ खिलाड़ी श्री वाई वीरा स्वामी कैरम के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री देवेंद्र यादव बास्केटबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ी को पुष्पगुच्छ एव माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया

इस अवसर पर रेलवे इंस्टीट्यूट के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया श्री एस रघुराम, श्री गोविंद राजू, श्री योगेश देशपांडे, श्री राजू श्री अरुण तमांग श्री एडमिन सत्तूर नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया

इस अवसर पर नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट के प्रबंधन समिति अमरनाथ सिंह उपाध्यक्ष सी नवीन कुमार सचिव संजय तिवारी सहायक सचिव बी अनिल कुमार कोषाध्यक्ष श्रीकांत पाड़ी सहायक कोषाध्यक्ष दीपक कुमार सुब्बा टूर्नामेंट सेक्रेटरी दीपक राजा गुरुंग ज्वाइंट सेक्रेट्री हेमंत सिंह परिहार मीडिया प्रभारी डी मुरलीधर इंडोर इंचार्ज टी सम्मुख राव आउटडोर इंचार्ज श्रीराम यादव लाइब्रेरी इंचार्ज बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

NECC

| 31.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 4.75 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188